सुप्रभात
रांची, रविवार
19.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 243



12 भाबीजी घर पर हैं ने लाखों दर्शकों के दिलों को जीता


# झारखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय

## सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य



- 80 उत्कृष्ट विद्यालय, 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल, 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय
- सरकारी स्कूलों के 15 लाख से अधिक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य
- शिक्षा में समानता, गुणवत्ता और मानक तय करना
- बदलते समय के अनुरूप विद्यार्थियों को अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- सीबीएसई से मान्यता तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गाइडलाइन्स के अनुरूप आउटकम फ्रेमवर्क

मेरा मानना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है।

मेरा प्रयास रहा है कि सरकारी स्कूल शिक्षा और प्रशिक्षण के मानकों को पूरा करें, ताकि राज्य में समावेशी शिक्षा की समानता और गुणवत्ता को सक्षम बनाया जा सके।

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- एकीकृत STEM लैब्स
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण

PRNO 293035 ( School Education and Literacy) IPRD 22-23

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

## जरेडा के प्रयास से झारखंड को मिलेगी 600 मेगावाट बिजली

# जरेडा चांडिल डैम में तैरता हुआ सोलर पैनल लगायेगा, सरकार ने दी मंजूरी

**यहां से उत्पादित बिजली कोल्हान के ग्रामीण क्षेत्रों में की जायेगी आपूर्ति**

**सुधीर**

**रांची।** चांडिल डैम में सोलर प्लेट लगाने की मंजूरी झारखंड सरकार ने दे दी है। अब, यहां से 600 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। पर झारखंड रिन्युअल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (जरेडा) ने इस पर काम शुरू कर दिया है। राज्य में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए नए सिरे से कार्य योजना जरेडा काम कर रहा है। एजेंसी की ओर से डैम के जलाशय की सतह पर निर्मित प्लेटफॉर्म पर सोलर पैनल लगाए जायेंगे। यह पैनल डैम में तैरता हुआ होगा। इससे उत्पादित बिजली नजदीकी पावर ग्रिड को दी जाएगी। इसके लिए पहले ही केंद्र सरकार के पब्लिक इनवेस्टमेंट बोर्ड की मंजूरी मिल चुकी थी। झारखंड राज्य सोलर पावर पॉलिसी-2022 में इस योजना पर खास ध्यान दिया गया है। सोलर पावर से प्राप्त बिजली की लागत कम आती है और इससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता है।

**बिजली कोल्हान के ग्रामीण क्षेत्रों को दी जाएगी :** इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। इससे उत्पादित बिजली कोल्हान के ग्रामीण क्षेत्रों को दी जाएगी। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। इसमें एक कैनाल या डैम रूफ टॉप होगा, जो अन्य काम में इस्तेमाल नहीं होता है। ऐसे में सोलर रूफ टॉप लगाने से बिजली उत्पादन की संभावनाएं बढ़ेंगी। आने वाले समय में जगह-जगह पैनल लगाये जाएंगे।



चांडिल डैम में सोलर प्लेट लगाने की मंजूरी सरकार ने दे दी है। राज्य सोलर पावर पॉलिसी 2022 के तहत झारखंड में इस योजना पर काम किया जायेगा। सोलर पावर पॉलिसी के तहत राज्य में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बिजली वितरण करनेवाली कंपनियों को वर्ष 2023-24 तक कुल बिजली आपूर्ति की 12.5 प्रतिशत बिजली सौर ऊर्जा से लेना अनिवार्य बनाया गया है।

**बीके सिन्हा, परियोजना निदेशक, जरेडा।**

## प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गलत बिजली बिल की शिकायत को स्वीकारा

# प्रदीप यादव ने गलत बिजली बिल को लेकर राज्य सरकार को घेरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को सदन में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सदन में बिजली उपभोक्ताओं को गलत बिल भेजे जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा की झारखंड बिजली वितरण निगम निदेशालय को हमेशा उपभोक्ताओं की शिकायत मिलती है कि ऊर्जा मित्र गलत बिलिंग करते हैं। इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार को ऐसी शिकायत मिली है, यह बात सही है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मित्र द्वारा बिलिंग के दौरान गलत डाटा एंट्री होने पर सॉफ्टवेयर से गलत बिल मिलने की शिकायत सामने आती है। इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपभोक्ता के बिल को सुधारा जाता है। यदि किसी भी ऊर्जा मित्र के खिलाफ अवैध वसूली की शिकायत पदाधिकारी को मिलती है तो तत्काल उस पर कार्रवाई की जाती है।

इस पर प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार यदि शिकायत को स्वीकार कर रही है तो इसकी संख्या बताई जाये। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभी तक इसका आंकड़ा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मित्र सिर्फ मीटर की रीडिंग करते हैं। इस दौरान भाजपा के विधायकों ने जमकर हंगामा मचाया। इसके कारण स्पीकर ने इस प्रश्न को अगले दिन के लिए पुट कर दिया।

### दीपिका पांडे ने सरकार के उत्तर को विरोधाभास बताया

कांग्रेस की दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सोलर विद्युतीकरण का बजट था 200 करोड़ का, लेकिन, प्रभारी मंत्री 20 करोड़ क्यों बता रहे हैं। दरअसल, दीपिका पांडे सिंह ने सदन में सोलर विद्युतीकरण का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि राज्य के 100 से अधिक गांवों में मिनी-माइक्रो पावर प्लांट लगाने की योजना थी। वहीं, ग्रामीण सड़कों और गलियों में स्ट्रीट लाइट के माध्यम से विद्युतीकरण करने की योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में ₹200 करोड़ का बजट रखा गया था। इस पर सरकार की ओर से जवाब आया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 20 करोड़ बजट आवंटित किया गया था। उन्होंने कहा कि बजट ₹200 करोड़ का था तो फिर विभाग इसे 20 करोड़ क्यों बता रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि 200 करोड़ जरेडा को मिला था, जो अलग-अलग कार्यों के लिए था। माइक्रो ग्रिड के लिए सिर्फ 20 करोड़ ही आवंटित थे। इस दौरान भी विपक्षी विधायकों का हंगामा जारी था।

## भाजपा विधायक अनंत ओझा ने उठाया था सवाल

# 2024 तक राज्य में होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति: मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा विधायक अनंत ओझा ने राज्य में लचर बिजली व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग का बजट 4854 करोड़ होने के बावजूद राज्य के लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। राज्य में 8 से 10 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। राज्य में बिजली उत्पादन में गिरावट आई है। जबकि उपभोक्ता 6 लाख से बढ़कर 48 लाख हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बिजली की मांग 2500 मेगावाट है। इसके जवाब में मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय उपभोक्ताओं की संख्या 6 लाख थी जो बढ़कर 49 लाख हो गयी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य को लगभग 3100 मेगावाट बिजली आवंटन है। राज्य सरकार 2024 तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

## झारखंड में पूर्ण शराबबंदी लागू हो : डॉ. लंबोदर महतो



**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्य काल में राज्य पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की है। उन्होंने सदन में कहा कि पूरे राज्य में विदेशी, देशी शराब की खरीद बिक्री एवं भंडार हो रहा है। शराब के सेवन से राज्य के हजारों लोग लीवर कैंसर, लीवर सिरोसिस जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित होकर काल के गाल में समा रहे हैं। साथ ही, सड़क दुर्घटना के कारण भी लोगों की मृत्यु हो रही है। इन सब को देखते हुए हमारी सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग है कि राज्य भर में पूरी तरह से शराबबंदी की जानी चाहिये।

## खबर एक नजर में

### मनरेगा मजदूरों का प्रदर्शन जारी

**रांची।** मनरेगा बजट में व्यापक कटौती और मजदूरों के लिए प्रतिदिन 2 बार मोबाइल आधारित हाजिरी प्रणाली अनिवार्य किये जाने के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कई राज्यों के मनरेगा मजदूर आंदोलन कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में झारखंड के भी 100 से अधिक मजदूर, मेट, सामाजिक कार्यकर्ता शमिल हैं। इस देशव्यापी आंदोलन में झारखंड के गोड्डा, खूंटी, पश्चिम सिंहभूम, लोहरदगा, लातेहार, गिरीडीह, कोडरमा से लोग आंदोलन में शामिल हैं।

### पोटका विधायक से मिला बीआरपी-सीआरपी का दल



**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार से झारखंड विधानसभा परिसर में मिलकर विस सत्र में बीआरपी सीआरपी के लंबित समस्या समाधान के लिए प्रश्न उठाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने आश्वस्त किया कि आप लोगों की समस्या का समाधान अविलंब मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर कराया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में नवीन कुमार, अजीत महतो, कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, प्रशांत कुमार, रविंद्र कुमार ठाकुर, जावेद अंसारी, उपेंद्र देवरिया इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### अप्रैल से पहले सेशन चलाने वाले स्कूलों को चेतावनी

**रांची।** सीबीएसई ने अप्रैल से पहले नया एकेडेमिक सेशन शुरू करने वाले स्कूलों को चेतावनी दी है। बोर्ड का कहना है कि जल्दी सेशन शुरू करने से छात्रों को चिंता और बर्नआउट की समस्या पैदा हो सकती है। सीबीएसई ने कुछ स्कूलों की ओर से दसवीं और बारहवीं क्लास के सेशन शुरू करने के बाद ये चेतावनी जारी की है। सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा है कि ऐसा देखा गया है कि कुछ स्कूलों ने इस साल काफी पहले अपना एकेडेमिक सेशन शुरू कर दिया है। इस कारण पूरे कोर्स को कम समय में पूरा करने की कोशिश से छात्र-छात्राओं पर काफी बोझ पड़ सकता है इसलिए स्कूल एक अप्रैल से पहले सेशन न शुरू करें।

### राजीव कुमार की डिस्चार्ज अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आगे की सुनवाई के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने एक सप्ताह का समय दिया। साथ ही, सुनवाई के लिए 25 मार्च की तारीख निर्धारित की। दोनों आरोपियों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। दोनों पर कोलकाता कैश कांड के बाद ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस किया है।

### पेंशन भुगतान 4 माह में करें : कोर्ट

**रांची।** राज्य ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन भुगतान से संबंधित अवमानना मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में इससे संबंधित राज्य सरकार द्वारा दाखिल एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही सरकार को छूट दी है कि वह 4 महीने में आदेश का अनुपालन करें और हाई कोर्ट को सूचित करें। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 4 माह में आदेश का अनुपालन करने को लेकर आदेश दिया है इसलिए मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की।

## दोनों मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध होगी 500 बेड की सुविधा

# जमशेदपुर और दुमका मेडिकल कॉलेज के लिए 20-20 करोड़ रुपये का आवंटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने एमजीएम जमशेदपुर और दुमका मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 20-20 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इन दोनों अस्पतालों में 500 बेड की सुविधा होगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण के लिए 429 करोड़ 28 लाख 91 हजार 600 और दुमका मेडिकल कॉलेज के लिए 484 करोड़ 58 लाख 60 हजार 400 की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इसमें एमजीएम को 276 करोड़ 45 लाख 47 हजार 304 रुपये, जबकि दुमका मेडिकल कॉलेज को 226 करोड़ 93 लाख 31 हजार 613 रुपये पूर्व में आवंटित किये गये हैं। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों अस्पतालों के भवन निर्माण के लिए 20-20 करोड़ रुपये की स्वीकृति स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य स्कीम अंतर्गत दी गयी है। अब तक दोनों अस्पतालों के निर्माण के लिए क्रमशः 296 करोड़ 45 लाख 47 हजार 304 और 246 करोड़ 93 लाख 31 हजार 613 रुपये का आवंटन किया गया है।

### कार्य की गुणवत्ता के लिए भवन निर्माण निगम के अभियंता होंगे जिम्मेवार

इस आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह को नियंत्रि पदाधिकारी बनाया गया है। भवन निर्माण निगम के संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता योजना की वित्तीय भौतिक-समीक्षा करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो। वहीं कार्य की सही गुणवत्ता के लिए भवन निर्माण निगम के संबंधित अभियंता जिम्मेवार होंगे। अभियंताओं द्वारा नियमित रूप से कार्य का निरीक्षण किया जायेगा।

### कोल्हान और संथाल के मरीजों के लिए वरदान साबित होगा अस्पताल

एमजीएम जमशेदपुर और दुमका मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से शहर के वैसे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जो आर्थिक तंगी के कारण विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज नहीं करा पाते हैं। इस नये अस्पताल में हार्ट, किडनी, लीवर समेत सभी गंभीर बीमारियों का इलाज आधुनिक तरीके से हो सकेगा। अभी तक इन बीमारियों से पीड़ित आम मरीजों को रिम्स रांची या फिर निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था। नये अस्पताल के शुरू होने से कोल्हान और संथाल ही नहीं बल्कि आसपास के मरीजों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

## विधानसभा में बजट सत्र के 11वें दिन भी सदन के अंदर-बाहर विपक्षी विधायकों ने हंगामा बरपाया

# फिर लहका सदन, अवैध खनन पर गरमा-गरम बहस

**साहिबगंज से लेकर पलामू तक के अवैध खनन की विस की कमेटी से जांच कराने की मांग, विधानसभा के मुख्य गेट पर भाजपा विधायकों ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा**

**उदय चौहान**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान सदन रूक-रूक कर लहक रहा है। बजट सत्र के 11 वें दिन शनिवार को फिर सदन सुबह से गरम था। भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने साहिबगंज से पलामू तक हुये अवैध खनन की जांच विधानसभा की कमेटी से कराने मांग की। इस पर हस्तक्षेप करते हुये भानु प्रताप शाही ने कहा कि सत्ताधारी दलों के संरक्षण में साहिबगंज से लेकर पलामू तक के पहाड़ अवैध खनन के कारण गायब हो गये। विपक्ष ने विधानसभा में अवैध खनन का मुद्दा जोर शोर से उठाया था। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि 3 साल में राज्य भर में अवैध पत्थर खनन और अवैध परिवहन से संबंधित हजारों मामले सामने आये हैं। इसमें अवैध विस्फोटकों के इस्तेमाल का भी मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में लगभग 20,000 करोड़ का खनन घोटाला हुआ है। उन्होंने अवैध खनन में इस्तेमाल विस्फोटकों के दुरुपयोग का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे एनआइए जांच का मामला है। इसकी हर हाल में एनआईए से जांच होनी चाहिये। इस पर प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने जवाब में कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में अवैध खनन हुआ है। इसका सबूत रेलवे अधिकारियों की माफिया तत्वों से मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि रेलवे तो केंद्र सरकार के अधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने रेलवे अधिकारियों के फर्जी चालान पर पत्थर व चीप्स ढुलाई को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र भी भेजा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में रघुवर सरकार से 3 गुना ज्यादा राजस्व वसूली खनन से हुई है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में 3 साल में 15784 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ था। जबकि हमारी सरकार में 3 साल में 30,949 करोड़ राजस्व खनन से मिला है। उन्होंने कहा कि जहां तक एक्सप्लोसिव के दुरुपयोग का मामला है, तो यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है। एक्सप्लोसिव एक्ट भारत सरकार से नियंत्रित होता है। प्रभारी मंत्री के जवाब के बाद पूरा विपक्ष बेल पर पहुंच गया और गलतबयानी करने का आरोप लगाया। विपक्षी सदस्य हेमंत सरकार हाय-हाय के नारे भी लगाये। इस पर सत्ताधारी कांग्रेस डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला भी बेल पर पहुंच गये और विपक्ष को उकसाने लगे। इसी दौरान झामुमो के सुदिव्य सोनू ने भी प्रमुख विपक्षी दल भाजपा पर दोहरा मापदंड अपनाने का तोहमद जड़ दिया। इस पर श्री नारायण ने जोर-जोर से कहा कि साहिबगंज और पलामू में कई पहाड़ गायब हो गये हैं। इससे राजस्व क्या मिल रहा है,यह विषय नहीं है। उन्होने कहा कि विषय अवैध खनन का है। उन्होंने स्पीकर से मामले की जांच के लिए विधानसभा की कमेटी बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम लोग अब आंख में पट्टी बांधकर नहीं बैठेंगे। इस पर फिर जवाब देते हुए मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है। विपक्ष में हिम्मत है तो आप उस चिट्ठी का जवाब ले आइये, जो मुख्यमंत्री ने रेलमंत्री को लिखा है। जिसका अब तक जवाब नहीं आया है। उस चिट्ठी में लिखा गया है कि रेलवे के अधिकारी भी अवैध खनन में संलिप्त थे। मामले में हस्तक्षेप करते हुये सरयू राय ने सत्ता पक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से पर्यावरण को क्षति हो रहा है। इसे लेकर एनजीटी में दायर वाद पर एनजीटी कोर्ट ने कहा है कि सरकार वहां अराजकता रोकने में असफल है। यह 15 मार्च की रिपोर्ट है। इस पर भाजपा विधायकों ने शेम-शेम के नारे लगाये। इसी बीच नारायण ने कहा कि सरकार अपने कर्मों को छिपाने के लिए कभी सीबीआई जांच नहीं करायेगी। स्पीकर को भी पूरे राज्य की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि स्पीकर साहब यदि निष्पक्ष जांच की मांग को आपने नहीं माना तो आपको भी इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। सरकार के जवाब से नाराज भाजपा के विधायक वेल पर हंगामा करने लगे। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने 11 बजकर 49 मिनट पर 12.30 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

दरअसल, सदन में विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा होता रहा है। पिछले 11 दिनों से सदन के अंदर-बाहर सरकार के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी जारी है। यह अलग बात है कि बीते शुक्रवार को ही कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सुचारू रूप से सदन चलाने की सहमति बनी थी। पक्ष-विपक्ष की सदन सुचारू रूप से चलाने की सहमति 24 घंटे भी टिक नहीं सका। सदन के लहकने से दोनों पक्ष में टशन है।


**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13/2022-23

कार्य की विस्तृत विवरणी : 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत चयनित योजना HLMC से स्वीकृत

| क्र0 | वार्ड | कार्य का नाम | मद | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | Construction of PCC Road from House of Bablu Chandravanshi to house of Jakatu Paswan via Samshan Ghat | 14वें वित्त आयोग | 5242088.00 | 10000.00 | 104900.00 | 6 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि — 15.03.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय — 29.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय — 31.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान — कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने का स्थान — कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 31.03.2023 पूर्वा0 03:00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदा0 का नाम एवं पता — कार्यपालक पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 — 7004019730
9. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 292998 Urban Development(22-23).D

**झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**

ई- अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या:- R1/2022-23/NREP/EE/GUMLA

1. कार्य का नाम – गुमला जिला अन्तर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | स्वास्थ्य उपकेन्द्रो का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/EE/GUMLA/ 02/ 2022-23 | Chainpur | Dokapath | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 2 | NREP/EE/GUMLA/ 07/ 2022-23 | Ghaghra | Gutwa Jokari | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 3 | NREP/EE/GUMLA/ 11/ 2022-23 | Dumri | Koda | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |
| 4 | NREP/EE/GUMLA/ 22/ 2022-23 | Bishunpur | Harup | 5500000.00 | पचपन लाख रू0 मात्र | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 20.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 27.03.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.03.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207.
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9472706638.
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. उपरोक्त निविदा में भवन निर्माण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग का निबंधन मान्य होगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जाएगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गुमला

PR 292984 NREP (22-23)_D

**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा।**
**(भू–अर्जन शाखा)**

प्रपत्र VII झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार अधिघोशणा का प्रारूप (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)

अधिघोषणा सं0– ............ दिनांक– ............

चूंकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम –टिनगिना, थाना न0 – 70, थाना/अंचल– जलडेगा, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – कोलेबिरा (SH-4) मांगुटोली जामडीह (NH143) पथ भाग–1 कि0मि0 0.00 से कि0मि0 10.36 एवं भाग –2 22.00 से 38.95 कुल लंबाई 28.31 कि0 मि0 तक पथ के चौड़ीकरण से मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम –टिनगिना, थाना न0 – 70, थाना/अंचल– जलडेगा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश 0.745 एकड़ यानि 0.302 हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

| क्रम संख्या | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पु0 | प0 | वृक्ष किस्म | वृक्ष संख्या | संरचनाएँ प्रकार | संरचनाएँ प्लिंथ एरिया sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 75 | 2126 | रैयत | गोड़ा आर | 0.015 | इग्नेस खड़िया वो सिलवानुस खड़िया पिता केम्बु पतरस खड़िया | सड़क | अंश | 2125 | 2124 | – | – | – | – |
| 2 | 75 | 2111 | रैयत | टांड तीन | 0.06 | इग्नेस खड़िया वो सिलवानुस खड़िया पिता केम्बु पतरस खड़िया | अंश | अंश | 2130 | 2172 | – | – | – | – |
| 3 | 180 | 3290 | रैयत | टांड तीन | 0.02 | पतरिस धनवार वगै0 | सड़क | अंश | 3331 | 3361 | – | – | – | – |
| 4 | 145 | 3291 | रैयत | टांड तीन | 0.14 | साहु चीक वगै0 | सड़क | अंश | 3361 | 3361 | – | – | – | – |
| 5 | 53 | 2109 | रैयत | टांड तीन | 0.05 | ज्ञान पाहन गौड़ वगै0 | 2108 | अंश | 2108 | 2190 | – | – | – | – |
| 6 | 193 | 2130 | गैरमजरूआ खास | जंगल झाड़ी | 0.46 | – | सड़क | अंश | 2131 | 2130 | – | – | – | – |
| | | | | कुल | 0.745 | | | | | | | | | |

यह अधिघोशणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 – 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शुन्य है।

कानूनगो, भू–अर्जन सिमडेगा। भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा। अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा। उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 292862 Land Reforms(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-36/2022-23 दिनांक 17.03.2023

| Sl.No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :- Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Sarja group** of svs scheme under Panchayat **Ramgarh**, Block Ramgarh **(Group No. 08)** | 9 | 9682785.00 | 194000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| | Total :- | 9 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 20.03.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 20.03.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 03.04.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 05.04.2023 / 05.00 P.M. 1.Office of the Regional Chief Engineer, D W & S Department, Ranchi Zone Ranchi. 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 06.04.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोट:– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 292986 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

सुप्रभात
रांची, रविवार
19.03.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 243



12 'टिप टिप बरसा पानी' पर फिर थिरकीं रवीना

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### श्रीअन्न खाद्य सुरक्षा में मददगार : पीएम

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि बाजरा समेत मोटे अनाज (श्रीअन्न) खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य आदतों की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। मोदी शनिवार को 'ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्ना) सम्मेलन' का उद्घाटन करने के बाद सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में मिलेट्स को अब 'श्री अन्न' की पहचान दी गयी है।

### हजारीबाग में ठनका गिरने से एक महिला की मौत

**हजारीबाग।** टाटीझरिया में शनिवार दोपहर बाद हल्की वर्षा के बीच हुई आकाशीय बिजली गिरने से मुरुमातू की एक मजदूर महिला की मौत हो गयी। महिला देवंती देवी (30) आम बागवानी में निराई-गुड़ाई कर रही थी। इसी बीच हल्की वर्षा हुई और वज्रपात हुआ, जिससे उसकी मौत हो गयी।

### लातेहार में 10 टन अफीम का डोडा बरामद

**लातेहार।** पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप गांव के पास छापामारी कर ट्रक में लदा 10 टन अफीम का डोडा जब्त कर लिया। जब्त डोडा की कीमत लगभग एक करोड रुपए आंकी जा रही है। एक सूचना पर पुलिस टीम ने छापामारी कर अफीम का डोडा बरामद किया।

### कश्मीर में सड़क हादसा 4 बिहारी श्रमिकों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में शनिवार सुबह एक बस पलट जाने से कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गयी और करीब 32 अन्य घायल हो गये। मारे गये मजदूर बिहार के रहने वाले थे। बस जम्मू से श्रीनगर जा रही थी। इसमें अधिकतर यात्री मजदूर थे।

खनन मुद्दे पर हंगामा, वॉकआउट के बीच कल्याण विभाग की अनुदान मांग पारित

# छात्रावास के बच्चों को मुफ्त भोजन देगी सरकार : चंपई

सामाजिक, बुनियादी व्यवस्था सुधारना पहला काम : मंत्री

सरकार ने युवाओं को सात समंदर पार पढ़ने को भेजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में अवैध खनन मुद्दे पर हंगामा, कटौती प्रस्ताव पर विपक्ष के वाकआउट के बीच शनिवार को कल्याण विभाग की 2690 करोड़ की अनुदान मांग पारित हो गयी। चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि सबसे पहले राज्य की सामाजिक और बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को शहरों में शिक्षा ग्रहण में परेशानी नहीं हो, इसको ध्यान में रखकर रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका, देवघर, चाईबासा, गोड्डा में बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। एससी- एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यको के लिए संचालित छात्रावास में रसोइया और सफाईकर्मी की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही, राज्य सरकार छात्रावास में रहनेवाले छात्र छात्राओं के लिए मुफ्त भोजन की भी व्यवस्था करेगी। (शेष पेज 11 पर)





### महिला बाल विकास मद में 54% राशि की वृद्धि

कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में 54 प्रतिशत राशि की वृद्धि की गयी है। बच्चों को गर्म कपड़े दिये हैं। सावित्री बाई फुले योजना के माध्यम से किशोरियों की शिक्षा में सुधार हो रहा है। भ्रूण हत्या में कमी आयी है । सर्वजन पेंशन योजना से 21 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब महिलाओं को सहानुभूति नहीं सम्मान दिया जाये। बजट पर चर्चा में प्रदीप यादव, लंबोदर महतो, रामचंद्र सिंह, बिनोद सिंह समेत अन्य ने भाग लिया। वहीं इससे पहले भाजपा के नवीन जयसवाल ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में चालू वित्तीय वर्ष में एक रुपए का भी अनुदान नहीं दिया गया है। हजारीबाग में रामनवमी जुलूस को लेकर प्रशासन अनुमति नहीं दे रही है। हो हंगामे और विपक्षी विधायकों के बहिर्गमन के बाद सदन ने अनुदान मांग पारित कर दी।

### अवैध खनन का मुद्दा सदन में गरमाया

विधानसभा में शनिवार को अवैध खनन का मामला गूंजा। विपक्ष ने अवैध खनन मामले की विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि तीन साल में राज्य भर में अवैध पत्थर खनन और अवैध परिवहन के हजारों मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लगभग 20 हजार करोड़ का खनन घोटाला हुआ है। जवाब में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हेमंत सरकार में रघुवर सरकार से तीन गुना ज्यादा राजस्व वसूली खनन से हुई है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में तीन साल में 15784 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था जबकि हमारी सरकार में तीन साल में 30949 करोड़ राजस्व खनन से मिला है। उन्होंने कहा कि जहां तक एक्सप्लोसिव के दुरुपयोग का मामला है तो यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है। एक्सप्लोसिव एक्ट भारत सरकार से नियंत्रित होता है। (विस्तार से पेज 2 पर)

# हमने योजनाओं को धरातल पर उतारा

## पूर्ववर्ती सरकारों की तरह हम कागजों पर योजना नहीं बनाते : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कार्य योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही बनायी परंतु हमारी सरकार ने योजनाओं को कागज के साथ-साथ धरातल पर जाकर उतारने का काम कर दिखाया है। हमारी सरकार कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर विकास योजनाओं को उतारने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा, सरकार गठन के बाद से ही हमने बेसिक रूट को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। जिस गति से हमारी सरकार विकास के आयाम को बढ़ा रही है, अगर इसी गति से विकास के कार्य होते रहेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब एक-एक झारखंडवासी गौरवान्वित महसूस करेगा। श्री सोरेन शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**कोरोना काल में झारखंड की देशभर में सराहना:** सीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार गठन के साथ ही कोरोना ने देश और दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। हमें जीवन यापन के साथ-साथ जीवन को बचाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा, फिर भी हमारी सरकार ने काफी धैर्य और संवेदनशीलता के साथ राज्य वासियों के हितार्थ कई कार्य किये, जिसकी देश भर में सराहना हुई। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य रहा जिसने अपने मजदूर वर्ग को सकुशल वापसी के लिए ऐतिहासिक पहल किया। (शेष पेज 11 पर)

## दोषियों को मिली फांसी की सजा कायम रहे

### सरकार ने हाइकोर्ट में 5 वकीलों की कमेटी बनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निचली अदालतों से दोषियों को मिली फांसी की सजा बरकरार रखने के लिए सरकार ने हाईकोर्ट में पांच वकीलों की कमेटी गठित की है। कमिटी के अधिवक्ता फांसी की सजा को बरकरार रखने और दोषियों के खिलाफ हाईकोर्ट में पक्ष रखेंगे। राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने हाईकोर्ट के लोक अभियोजक पंकज कुमार को इस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अधिवक्ता प्रिया श्रेष्ट, नेहाला शर्मीन, विनीत कुमार वशिष्ठ और भोला नाथ ओझा भी इस कमिटी के सदस्य हैं।

**फांसी की सजा से संबंधित कई मामले लंबित :** झारखंड हाइकोर्ट में साल 2017 से लेकर अब तक कुल 24 से अधिक फांसी की सजा से संबंधित कई मामले लंबित हैं। सभी मामलों में राज्य की अलग-अलग निचली अदालतों ने दोषियों को फांसी की सजा सुनायी है। (शेष पेज 11 पर)

### जमशेदपुर में कोरोना से एक वृद्ध की मौत

**रांची।** झारखंड में कोरोना के पांच सक्रिय मरीज हैं। वहीं, संक्रमण से 86 वर्ष एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। मृतक जमशेदपुर का रहने वाला था। वह कई बीमारियों से ग्रसित था। उसका टीएमएच जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि कोरोना से राज्य में अब तक 5333 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं देश भर में पिछले 24 घंटे में कोरोना से दो मरीजों की मौत हुई है और सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी जारी है और कोरोना संक्रमण से 363 सक्रिय मामले बढ़े हैं।

# खालिस्तानी कट्टर नेता अमृतपाल गिरफ्तार

## फिल्मी अंदाज में पुलिस ने दबोचा, जालंधर में नेट सेवा बंद, 144 लागू

**एजेंसी**

**जालंधर।** चर्चित कट्टर खालिस्तान नेता अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। अपने समर्थकों के साथ भाग रहे अमृतपाल को जालंधर के मैहतपुर में शनिवार को छह समर्थकों के साथ पुलिस ने धर दबोचा। राज्य में हालात न बिगड़े इसके लिए भारी मात्रा में पुलिस बल जालंधर क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। इंटरनेट को भी बंद कर दिया गया है। राज्य के फाजिल्का और मुक्तसर जिले में धारा 144 लगा दी गयी है। यह गिरफ्तारी उस समय की गई जब वह मोगा की ओर भाग रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस की भनक लगते ही वह गाड़ी में बैठकर लिंकरोड की ओर जाने लगा। (शेष पेज 11 पर)

Estd. : 2000 Affiliation No. : 3430183
D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL
An English Medium Senior Secondary Co-Ed. Public School
Pundag, Ranchi - 04, Jharkhand ☎ 7070406661, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in
ADMISSION OPEN (Session 2023-24)
PN, LKG, UKG, Std. I - Std. IX & Std. XI
Admisssion Forms (Cost Rs. 800/-) are available at School Counter (8 AM to 4 PM) or it may be downloaded from school website/QR Code. (Admission First Come First Serve basis).

| CLASS | MONTHLY FEE | ADMISSION FEE | ANNUAL FEE |
|---|---|---|---|
| P.N - U.K.G | 950 | 9000 | 1000 |
| I - III | 1100 | 11000 | 1000 |
| IV - V | 1250 | 13000 | 1000 |
| VI - VII | 1400 | 15000 | 1500 |
| VIII | 1600 | 15000 | 1500 |
| IX & XI (Sc. & Com.) | 1800 & 2050 | 24000* | 1500-NIL |

CRICKET ACADEMY Opening Shortly
* For deserving Candidate upto 80% Scholarship
Hostel
Bus Available
Branch : at Gargaon, Near Power Grid, Ranchi-Bero Road, Ranchi ☎ 7033073440
ADMISSION OPEN
Admission Form also Available at School Counter.

### इमरान खान के घर से 5 एके-47 बरामद

**इस्लमाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के जमान पार्क स्थित बंगले से तलाशी अभियान के दौरा असॉल्ट राइफलें और गोलियों का जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालने और हमला करने के आरोप में 60 से अधिक प्उनकी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है। शनिवार को तोशाखाना मामले में सुनवाई के लिए इमरान खान के इस्लामाबाद रवाना होने के बाद पुलिस दरवाजा तोड़ बंगले में घुसी थी। इमरान खान के घर से मिले हथियारों के जखीरे को देख पुलिस के होश उड़े हुए हैं।

### मैत्री पाइपलाइन का मोदी व हसीना ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और बंगलादेश की पीएम शेख हसीना ने शनिवार को संयुक्त रूप से भारत-बंगलादेश मैत्री पाइपलाइन का उदघाटन किया। दोनों देश के पीएम समारोह में डिजिटल-कांफ्रेंसिग माध्यम से जुड़े थे।

### सरहुल की तैयारी शुरू, 24 को शोभयात्रा

**रांची।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा सरहुल पूजा महोत्सव की तैयारी में जुट गयी है। इस वर्ष भी यह पर्व पाहनों की अगुवाई में तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। 23 को उपवास, 24 को पूजा शोभायात्रा और 25 मार्च को घर-घर फूलखोंसी कार्यक्रम होगा। इसमें जनजाति समाज की पहचान बोली, भाषा, संस्कार और संस्कृति के साथ रुढ़ी प्रथा अनुष्ठान परंपरा है।

प्रायोजक
जोहार झारखंड
आज़ादी का अमृत महोत्सव
आयोजक
हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, रांची एवं
छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसाईटी
की प्रस्तुति
गांधी शिल्प बाजार - 2023
प्रदर्शनी-सह-बिक्री
में आपका हार्दिक स्वागत है
प्रवेश निःशुल्क
दिनांक : 13 मार्च से 28 मार्च 2023 तक
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची, झारखंड
प्रायोजक : विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
आयोजक : छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसाईटी हवाई नगर, रांची, झारखण्ड
Ad Profile/2023

## स्पीड न्यूज

### मुंबई कमाने गये व्यक्ति की मौत, शोक



**उंटारी रोड (पलामू)।** थाना क्षेत्र के मुरमा खुर्द गांव के रामप्रीत चंद्रवंशी के पुत्र गुप्तेश्वर चंद्रवंशी (50) की मुंबई में ब्रेन हेमरेज से मौत हो गयी। वह फरवरी में ही मुंबई गया था। 14 मार्च को काम के दौरान उसे चक्कर आ गया, जिससे वह गिर गया। साथियों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को शव एंबुलेंस से मुंबई से पैतृक गांव मुरमा खुर्द लाया गया। मौके पर मुखिया रामबचन राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, रघुवीर चंदावंशी, पवन गुप्ता ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया। शनिवार को ही अंतिम संस्कार बांकी नदी तट पर किया गया।

### बूथ सशक्तिकरण को ले भाजपा की बैठक



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल ने शनिवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ सशक्तिकरण हेतु शक्ति केंद्र (सिरमा) में बैठक की, जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। बैठक में भाजपा नेता व पूर्व सांसद मनोज कुमार, वरिष्ठ नेता सह मंडल परवासी जोवाहर पासवान, मंडल प्रभारी उदय शुक्ला, अर्जुन तिवारी, कामता सिंह, गुड्डू सिंह, अजय सिंह, अजय मेहता, पशुपति शर्मा, धीरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, मयंक सिंह, शिवकुमार राम, रामाधार साहू आदि भी थे।

### हैदरनगर : रेल पटरी पर मिला शव



**हैदरनगर, पलामू।** डीडीयू रेल खंड के हैदरनगर स्टेशन के समीप शनिवार को अहले सुबह एक युवक रेल लाइन में ट्रेन की चपेट से मौत की सूचना मिली। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक ने जीआरपी को सूचना दी जिसके बाद जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में कर रेल पटरी से किनारे किया। मृतक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा के राजेश कुमार उर्फ छोटू सिंह (30) वर्षीय पिता ईश्वर्द्धन सिंह के रूप में की गयी। मृतक के पॉकेट में हैदरनगर से टोरी स्टेशन का टिकट व आधार कार्ड है।

### सीपीआइ के राज्यसभा सांसद विनय विश्वम पहुंचे डालटेनगंज, भव्य स्वागत



**मेदिनीनगर।** शनिवार को इप्टा के राष्ट्रीय महाधिवेशन के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केरला के राज्यसभा सांसद विनय विश्वम मेदनीनगर पहुंचे। उनके साथ राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह भी पहुंचे, जिनका स्वागत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पार्टी के झंडा के साथ बाइक और कार की रैली के साथ नारा लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद कामरेड विनय विश्वम को लाल सलाम के साथ स्वागत किया। स्वागत का नेतृत्व जिला सचिव रुचिर तिवारी ने किया। कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण के लिए इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में हो रहा है जिसमें पूरे देश के डेलीगेट साथी भाग ले रहे हैं। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, अजेश चौहान, सोनू खान, नसीम राइन, मृत्युंजय तिवारी, आलोक तिवारी उपस्थित थे।

### जिले के 17564 किसानों को जल्द भुगतान



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित किसानों का भुगतान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिये। उपायुक्त श्री दोड्डे ने बताया कि जिले के 17564 किसानों के बीच 6 करोड़ 14 लाख 74 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया जायेगा। जिले के सभी अंचल द्वारा सत्यापित किसानों का भुगतान किया जाना है। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे अपर समाहर्ता, सीएस, जिला कृषि पदाधिकारी पलामू, जिला सहकारिता पदाधिकारी पलामू, एसडीपीओ व अन्य उपस्थित थे।

### नफरत के खिलाफ प्रेम की आवाज को बुलंद कर रहा है मुख्तियार अली का सूफी गायन




**मेदिनीनगर।** इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन नीलाम्बर पिताम्बार लोक महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या का आगाज झारखंड के आदिवासी कलाकारों द्वारा नगाड़ा वादन के साथ हुई। इसके बाद बिहार इप्टा के कलाकारों ने लक्ष्मी प्रसाद यादव के नेत्रत्व 'अइले नगाड़ा लेके इप्टा मैदान में' जनगीत प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ इप्टा के साथियों ने मणिमय मुखर्जी के नेत्रत्व में सलिल चौधरी की धुन पर जनगीतों की प्रस्तुति दी। झारखण्ड के कलाकारों ने पाईका लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। बिहार इप्टा के कलाकारों ने श्वेता भरती के नृत्य संयोजन में झिझिया लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। उड़ीसा इप्टा ने उडसी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आखिर में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक मीर मुख्तियार अली ने अपने सूफी गायन से समा बांधा। उन्होने नफरत के खिलाफ प्रेम की अलख जलाते हुए अमीर खुसरो, कबीर, गुलाम फरीद, बुल्लेशाह जैसे प्रेम और सद्भाव को तरजीह देने वाले सूफियों के कलाम को प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रोता झूमने लगे और फरमायशें भी करने लगे, जिसे मुख्तियार अली ने पूरा किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान शिवाजी मैदान में हजारों की तादाद में दर्शक मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत जिले में किसानों के बीच 6 करोड़ 14 लाख 74 हजार रुपए की राशि भुगतान की जायेगी।

## रेल मंत्री से मिले पलामू सांसद विष्णुदयाल राम

# पलामू संसदीय क्षेत्र के रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों पर की विस्तृत चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद बीडी राम ने रेल भवन नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र में जनता से जुड़ी रेलवे की महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने रेल मंत्री से कहा कि रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस अप व डाउन का नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाये। उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रविवार को रांची से एवं शनिवार को नई दिल्ली से चलती है।

**क्या है प्रमुख मांगें**

रांची से खुलने पर डालटनगंज, गढ़वा रोड़, रेणुकुट, चोपन, प्रयागराज एवं कानपुर होते हुए नई दिल्ली पहुचंती है। लेकिन गढ़वा रोड़ स्टेशन एवं नगर उंटारी स्टेशन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी है। परंतु उक्त ट्रेन का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखंड सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था। उसे बदल कर श्री बंशीधर नगर किया गया है। विदित है कि पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के धनबाद



मंडल में पड़ने वाले गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा रोड़-नगर उंटारी-चोपन रेल खंड पर स्थित श्री बंशीधर नगर को झारखंड राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री बंशीधर धाम कहा जाता है।यहॉ पर श्री राधा-कृष्ण जी की 32 मन की विशुद्ध स्वर्ण प्रतिमा स्थापित है।ऐसी प्रतिमा अन्य स्थानों पर कहीं नही होने के कारण यहॉ पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

# 66 वर्षों में मैदानों की संख्या शून्य, तीन साल में चार से ज्यादा समर्पित : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाइ सुरेश जैन, ख्याति प्राप्त डॉक्टर डॉ रघुवंश नारायण सिंह एवं समाजसेवी अरुंजय नारायण सिन्हा के साथ मिलकर शिवाजी मैदान सुंदरीकरण का शिलान्यास किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा- मैं जब भी इस मैदान के तरफ से सुबह शाम गुजरती थी तो देखती थी कि कई गणमान्य यहां अंधेरे में इवनिंग वाक करते थे। न कोई बैठने की व्यवस्था थी, न ही टॉयलेट। उसी वक्त मैंने निर्णय लिया था इसे सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किया जाएगा जिसका आज शिलान्यास हम सबों ने मिलकर किय।





**खास बातें :** इस शिलान्यास के अवसर पर इप्टा के कार्यक्रम में भाग लेने आये छत्तीसगढ़ के कलाकार भी शिलान्यास मैं सम्मिलित होकर शिलान्यास की शोभा बढ़ायें। महापौर ने कहा यह एक ऐतिहासिक मैदान है यहां सारे बड़े-बड़े पॉलिटिकल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते हैं इसके लिए नए ढंग से स्टेज, ग्रीन रूम, टॉयलेट बनाये जा रहे ताकि आयोजक कम राशि में आयोजन कर सके। पूरे फील्ड में विशेष लाइट की व्यवस्था भी की जा रही। महापौर ने कहा जब मैं महापौर बनी थी उस वक्त पूरे निगम क्षेत्र में 66 साल एक ही परिवार द्वारा राज करने के बाद भी एक मैदान नहीं था जहां महिलाएं, बुजुर्ग घूम सकें और बच्चे खेल सके लेकिन आज मुझे खुशी है हमारे निगम क्षेत्र में 2 वर्ष कोरोना के कारण वादित खोकर भी हम मात्र 3 वर्ष के कार्य अवधि में गांधी उद्यान, अंबेडकर पार्क, मरीन ड्राइव और अब शिवाजी मैदान जनता को समर्पित करूंगी। इन मैदानों को बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं यूथ सभी को ध्यान में रखकर निर्माण किया जा रहा। महापौर ने कहा इसके अलावा भी कई मोहल्ले में मोहल्ला पार्क का निर्माण 2 माह के अंदर किया जाएगा जिसमें चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, सुदना, पुलिस लाइन प्रमुख है जहां बच्चों के लिए अत्याधुनिक मल्टी प्ले स्टेशन लगाने की तैयारी है। मौके पर मंगल सिंह ने कहां जो जो वादा हम दोनों ने मिलकर किया था सब पूरा करेंगे।

## भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर जोर

# पन्ना प्रमुख बनाने में सामाजिक समीकरण पर फोकस : विनय

■ प्रदेश नेतृत्व से मिले पार्टी कार्यों पर तेजी लायें कार्यकर्ता : विनोद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पलामू जिला के प्रभारी श्री विनय जायसवाल ने जपला के रिद्धि सिद्धि होटल के सभागार में हुसैनाबाद नगर, हुसैनाबाद ग्रामीण एवं उर्धवार मंडल की हैदर नगर के श्री राम मंदिर में हैदर नगर मंडल की, मोहम्मद गंज मंडल अध्यक्ष के आवासीय परिसर में मोहम्मद गंज मंडल की एवं उंटारी रोड पांडेपुरा में उंटारी मंडल की बैठक को संबोधित किया।

श्री जायसवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान में बूथों की कार्यसमिति में अध्यक्ष सहित 31 कार्यकर्ता रहेंगे। जिसमें सभी समिति के सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया जायेगा। कार्य विभाजन में प्रमुख रूप से मन की बात, वाट्सएप समूह का गठन, महिला प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, प्रभावी मतदाता, युवा प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख एवं बूथ के छह पर्वों के कार्यक्रम के प्रमुख नियुक्त किये जायेंगे।

■ इसके अलावा 2023 को घोषित मतदाता सूची के अनुसार पन्ने के लिए एक पन्ना प्रमुख बनाया जायेगा। खास बात यह है कि मतदाता सूची में जितने पन्ने होंगे उतना ही पन्ना प्रमुख बनाये जायंगे जिसमें सामाजिक समीकरण पर ध्यान दिया जायेगा और समस्पर्शी, सर्वस्पर्शी बूथों का गठन किया जायेगा। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व धारा निर्देशित पार्टी के कार्यों में तीव्रता लाने की जरूरत है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण भी पढ़कर सुनाया गया। मौके पर अजय गुप्ता, रामराज मेहता, प्रशांत सिंह, उमेश चंद्र सिंह, नीरज सिंह, सुशील ठाकुर, सूरज विश्वकर्मा, अजीत चंद्रवंशी व कई भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक समान मुआवजा दे नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया : केएन त्रिपाठी

■ रैयतों ने भूमि अधिग्रहण को लेकर पैदल यात्रा निकाल उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएच 75 निर्माण को लेकर रैयतों का भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। इसमें सड़क परिवहन राजमार्ग पोलपोल, सरजा, लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का 23 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर रहा है। जिसमें मुआवजा कम दिये जाने को लेकर तीन पंचायत के सैकड़ों लोगों ने इसके विरोध में पैदल यात्रा रांची रोड गौरी शंकर मैरिज हॉल से निकाला, जो रेडमा चौक होते हुए उपायुक्त कार्यालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व झारखंड के पूर्व मंत्री के त्रिपाठी कर रहे थे। उन्होंने पांच सदस्यी टीम के साथ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि इसमें पंचायत के लगभग एक सौ 23 एकड़ जमीन रोड में जा रहा है। भू-धारकों को जमीन का दाम विभाग ओने-पौने के दर से लगाने के फिराक में है।जबकि जो जमीन एनएच 75 में जा रहा है उसका सर्किल रेट काफी ज्यादा है।जमीन का जो रेट तय किया गया है। उसका भू धारक विरोध कर रहे हैं। वे लोग सभी जमीन का मुआवजा एक समान देने की मांग कर रहे है। श्रीत्रिपाठी ने कहा कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है। उसका एक समान मुआवजा दे। ताकि जमीन मालिकों का गुजर बसर ठीक ढंग से हो सके। 1988 में संसद के एक अधिनियम द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग के प्रबंधन जमीन देने वाले रैयतों को उन्हें स्थापित करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए यह एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस आधार पर भी लाभ लोगों को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गैरमजरूआ भूमि मालिक जिनका लगान रसीद 30 वर्षो से भरते आ रहे हैं। उन्हें भी विभाग मुआवजा दे। सबसे ज्यादा जो जमीन का खरीदी हुई है उस केवाला के अनुसार अथॉरिटी उन्हें मुआवजा दे। सड़क और परिवहन राजमार्ग के द्वारा पोलपोल, सरजा और लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का कुल एक सौ 23 एकड भूमि अधिग्रहण किया गया है।

# समाज का आन, बान, शान और सम्मान है संगठन : ज्ञान शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**तरहसी पलामू।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक तरहसी प्रखंड में की गयी। प्रखंड की 13 पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता अजीत गुप्ता और संचालन शंभु प्रसाद ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर भी थे। बैठक में वैश्य महासम्मेलन के अरविंद गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद, अहिल्या गुप्ता, शुभम प्रसाद, मनीष कुमार, मुखिया बबन प्रसाद, अरविंद साहू, मुखिया जवाहर प्रसाद, बहादुर शाह समेत कई लोग थे। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती वैश्य समाज के लिए आन बान शान और सम्मान है। श्री शंकर ने कहा कि वैश्य समाज को अपना हक और अधिकार की लड़ाई खुद लड़ना होगा। उन्होंने पिछड़ी जाति के आरक्षण समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि बिना मांगे कुछ नहीं मिलनेवाला है।

# ओवरलोड हाइवा से परेशान दर्जनों गांव के लोगों ने परिचालन रोका

राजेश प्रसाद



**हरिहरगंज पलामू।** क्रशर संचालकों की लापरवाही से पिपरा प्रखंड के दुबटीया मोड़ से होलया तक सड़क की हालत काफी दयनीय बनी हुई है। यहां के लोगों का जीना दूभर हो गया है। सड़क से उड़ने वाली धूल से सांस के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके विरोध में शनिवार को दर्जनों गांव के लोगों ने पोलदा देवी मंदिर के समीप प्रखंड प्रमुख विक्रांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डू यादव व राजद प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष पासवान के नेतृत्व में दुबटीया पिपरा पथ पर घंटों हाइवा के परिचालन रोका। साथ ही क्रशर संचालकों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क का उपयोग अधिकतर माइंस व क्रशर प्लांट द्वारा किया जाता है। इसपर सैकड़ों वाहनों की आवाजाही रहती है। ओवरलोड वाहनों को ऊपर से ढंके नहीं जाने से रास्ते में स्टोन डस्ट की धूल उड़ने से प्रदूषण फैल रहा है और पत्थर सड़क पर गिरते हैं।

### चंदन बने राजद क्रीडा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



**हुसैनाबाद, पलामू।** महुआरी पंचायत के ग्राम डिहरी विश्रामपुर निवासी चंदन रजक को राष्ट्रीय जनता दल क्रीड़ा प्रकोष्ठ का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार को हुसैनाबाद के पूर्व विधायक व राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने अपने आवास पुरंदर विगहा में चंदन कुमार को पत्र जारी करते हुए जानकारी दी। मौके पर युवा राजद के रवि कुमार यादव समेत कई युवा साथियों के समक्ष पूर्व विधायक ने श्री रजक को अनुमोदन पत्र दिया।

### नौडीहा बाजार रामनवमी पूजा समिति का गठन



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत नावाटांड़ पंचायत पुरानी पंचायत भवन परिसर में सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सचिव अमरेश श्रीवास्तव, उप सचिव कन्हाई गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद, मुख्य संरक्षक मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव, सह संरक्षक अमरजीत गुप्ता, संयोजक राजू गुप्ता, सह संयोजक राजकुमार गुप्ता और मिडिया प्रभारी जनक कुमार को बनाया गया है। नव नियुक्त अध्यक्ष श्री मुन्ना कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति वातावरण मे रामनवमी पूजा एवम भव्य शोभा यात्रा निकली जायेगी।

### इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन : दूसरे दिन समकालीन परिदृश्य से जुड़े मुद्दों व रचनाकर्म पर कार्यशाला

**मेदिनीनगर।** शहर में चल रहे इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत समकालीन परिदृश्य : मुद्दे और रचनाकर्म विषय पर चर्चा के साथ हुई। इसके तहत वैज्ञानिक चेतना और तर्क, खेती किसानी संकट, सामाजिक न्याय,आर्थिक असमानता एवं साम्प्रदायिकता, पर्यावरण, जेंडर के सवाल पर कार्यशाला आयोजित की गई। अलग-अलग समूहों में समानांतर रूप से आयोजित की गई कार्यशाला में विषय के एक्सपर्ट शामिल हुए। वैज्ञानिक चेतना और तर्क पर बात करने के लिए मशहूर लेखक व विज्ञानविद गौहर रजा और वैज्ञानिक अमिताभ पांडे थे। इस समूह में प्रतिभागियों के साथ सवाल-जबाव के साथ कार्यशाला की शुरुआत हुई। पहला सवाल यही था कि विज्ञान क्या है? विज्ञान और तकनीकी में क्या अंतर है? इन सवालों का जवाब देते हुए गौहर रजा और अमिताभ ने बताया कि हम विज्ञान को तकनीकी से जोड़ देते हैं यह एक बड़ी समस्या है। तकनीकी से हम काम लेते हैं जबकि विज्ञान आपको समझदार बनाता है। विज्ञान तर्कशील बनाता है और सवाल पैदा करता है। यही अंतर धर्म और विज्ञान में है।

# बच्चों के लिए कुम्हार चाक के समान हैं गुरु : मनोज पटेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत विशुनपुर पंचायत के अवस्थित ग्राम बारा में ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट आज घोषित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक घुठानी राम एवम मनोज कुमार सिंह पटेल (पूर्व प्रखंड अध्यक्ष) सहायक शिक्षक संघ नौडीहा बाजार व सभी अभिभावक छात्र छात्राओं मौजूद थे। श्री पटेल ने कहा कि गुरु बच्चों के लिए कुम्हार के चाक के सामान होता है,गुरु छोटे-छोटे बच्चों की कड़ी मेहनत के साथ उन्हें संवारते हैं और उन्हें बड़ी से बड़ी मंजिल हासिल करने के लिए उस लायक तैयार कर देते हैं कि देश के विकास में अहम योगदान देते हैं।

### वारंटी गिरफ्तार

**मोहम्मदगंज, पलामू।** मोहम्मदगंज पुलिस ने थानान्तर्गत डाली गांव निवासी वारंटी बृजमोहन राम को गिरफ्तार कर शनिवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा भेज दिया है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने दी है।

### जविप्र समूह के विरुद्ध प्राथमिकी

**मोहम्मदगंज, पलामू।** अंचल अधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के बिरध्वर स्थित मां शारदा स्वयं सहायता समूह जनवितरण प्रणाली दुकानदार के विरुद्ध चावल कालाबाजारी करने के आरोप में मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। सीओ सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि उक्त जनवितरण प्रणाली के दुकान में मार्च 2023 तक राशन वितरण के बाद 8256 किलोग्राम खाद्यान्न शेष रहना चाहिए।

# परोपकार सहायता समूह ने मनायी पहली वर्षगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत के ग्राम पतरा कला में परोपकार सहायता समूह ने अपने एक बर्ष के सफल कार्यकाल को वर्षगांठ के रूप में मनाया कार्यक्रम की अध्यक्षता लल्लू पासवान ने किया। संचालन अजय प्रताप यादव ने किया। मौके पंसस प्रदीप पासवान ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्र में युवाओं ने समूह के माध्यम से कई लोगों को मुसीबत के समय अर्थव्यवस्था के लिए संकट मोचन साबित हुए हैं। ऐसे अगर हर गांव में लोग एक दूसरे की मदद के लिए समूह बनायें तो हर गरीब को लाभ मिलेगा। संस्था अध्यक्ष प्रभु प्रसाद ने कहा कि विगत एक वर्षों में परोपकार सहायता समूह ने कितने बहन बेटियों को माता-पिता को सुखः दुःख में राशि दी है।

# सतबरवा मंडल भाजपा ने बनायी बूथ सशक्तिकरण की रणनीति

■ लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है भाजपा : विजय पाठक

■ कार्यकर्ता के बल पर ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा : धर्मेंद्र उपाध्याय

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** भाजपा मंडल सतबरवा के अंतर्गत दुलसुलमा शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 336 पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत शनिवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में बूथ कमेटी गठन करने के लिए बैठक आयोजित की गयी।



बूथ की मजबूती पर चर्चा करते भाजपा मंडल के सदस्य।

मंडल अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि भाजपा लोस एवं विस चुनाव की तैयारी में लग गयी है। प्रत्येक बूथों को सशक्त बनाकर चुनाव भाजपा लड़ेगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं के बल पर झारखंड के सभी सीटों पर जीत हासिल होगी। जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि किसी भी पार्टी के कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। आगामी आने वाले चुनाव में हमारे कार्यकर्ता चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हुए प्रत्याशी को जीताने में अहम योगदान देंगे। मौके पर महामंत्री संदीप कुमार, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विपिन उपाध्याय, केश्वर सिंह, मंत्री अशोक साहू, शंभु मेहता, धर्मेंद्र भुइयां आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण रही मैट्रिक परीक्षा

■ मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी कोशिश जारी : बीडीओ सच्चिदानंद महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी, पलामू।** तरहसी प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा संपन्न कराने के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को उर्दू की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न हो गई जिन केंद्रों पर परीक्षा ली गई उनमें मध्य विद्यालय तरहसी यहां 85 परीक्षार्थी शामिल हुए, केंद्र अधीक्षक संजय कुमार सिंह जबकि दंडाधिकारी राजीव रंजन मेहता सुरक्षाकर्मी के साथ तैनात थे।

केंद्र अधीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि यहां सीसीटीवी कैमरे का अभाव है, 10+2 उच्च विद्यालय तरहसी में 59 परीक्षार्थी शामिल हुए दंडाधिकारी अमरपाल कुमार दल बल के साथ तैनात थे केंद्र अधीक्षक डा मनीष कुमार ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है, बिजली नहीं होने के कारण सीसीटीवी का उपयोग नहीं हो सका।



मैट्रिक की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय तरहसी केंद्र में उर्दू के 47 परीक्षार्थी शामिल हुए दंडाधिकारी प्रदीप कुमार दल बल के साथ तैनात थे, केंद्र अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण सीसीटीवी कैमरे का उपयोग नहीं हो सका। जबकि स्त्रोत उच्च विद्यालय सेलारी में उर्दू के कोई परीक्षार्थी नहीं थे। उधर, वीडियो सच्चिदानंद महतो ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से सफल हो इसके लिए सभी तैयारी की गयी है।

स्पीड न्यूज

## तिरिंग में सरहुल पूजा का भव्य आयोजन

**पोटका।** पोटका प्रखंड अंतर्गत जुड़ी पंचायत के तिरिंग गांव मे सरहुल पूजा का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। इस आयोजन मे मौजा तिरिंग, रोलाघुटू एवं खेरनासाई के सैकड़ो लोग उत्साह के साथ शामिल हुये। यहां महिला पारंपरिक भूमिज साड़ी एवं युवा धोती पहने हुये थे, पूजा के पश्चात नाया (पुजारी) जिगिनदर सरदार सभी को गाल मे गुड़ी लगाकर (चावल का पाउडर) एवं साल का फुल देकर आशीर्वाद दिया, जिसे महिलायें अपने खौंपा एवं पुरुष कान मे लगाकर सरहुल नृत्य किये। इस दौरान पुरे गांव मे सांस्कृतिक झलक देखने को मिले, जिसकी सराहना सभी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि पोटका के विधायक प्रतिनिधि भरत सरदार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे पोटका के उप-प्रमुख उर्मिला सामाद, मुखिया सुकलाल सरदार एवं वार्ड सदस्य बासंती सरदार उपस्थित थी।

## रक्तदान महादान है, डरें नहीं : सुनील कुमार डे

**जादूगोड़ा।** शनिवार को जादूगोड़ा कापड़ गादी घाट रुंकिनी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित की गई। इधर, कापड़ गादी घाट विकास समिति व वीबीडीए समेत ब्लड बैंक की के सहयोग से 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंकनी मंदिर के पुजारी अनिल सिंह ने धूप द्वीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर आयोजित समारोह को समारोह के मुख्य अतिथि अतिथि सह माताजी आश्रम के संचालक सुनील कुमार दे ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया तथा कहा कि रक्त दान करने में लोग डरे नहीं, रक्तदान करने से शरीर का कोई हानि नहीं होता है। यह एक महान सामाजिक कार्य भी है। इसके द्वारा समाज के साथ साथ अपना भी फायदा होता है। मौके पर नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सरदार को उनके रक्तदान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सुनील कुमार दे उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## साफ सफाई के नाम पर हल्दीपोखर मवेशी हाट में वसूली पर रोक

**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर में प्रत्येक सप्ताह लगने वाले साप्ताहिक हाट में साफ सफाई के नाम पर प्रति सप्ताह वसूली की शिकायत के बाद शनिवार को पोटका के अंचलाधिकारी इम्तियाज अहमद के नेतृत्व में कोवाली पुलिस द्वारा औचक छापेमारी की गयी। छापेमारी की सूचना पर वसूली करने वाले भीड़ का फायदा उठा भागने में सफल रहे। ज्ञात हो कि पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर में प्रति सप्ताह हाट लगता है। इस हाट में उड़ीसा, बंगाल समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग खरीद बिक्री हेतु पहुंचते है यहां के मवेशी हाट में हजारों की संख्या में भेड़ बकरियों की खरीद बिक्री होती है। यहां साफ सफाई के नाम पर हल्दीपोखर के ही कुछ युवकों द्वारा लगातार वसूली किये जाने की शिकायत प्रशासन को मिल रही थी जिसे संज्ञान में लेते हुए शनिवार सुबह सात बजे ही सीओ इम्तियाज अहमद,कोवाली थाना प्रभारी रंजीत उरांव सदलबल मवेशी हाट पहुंचे एवं छापेमारी की। इस दौरान पदाधिकारियो द्वारा माइकिंग कर ग्रामीणों को खरीद बिक्री के एवज में किसी को पैसे नही देने की अपील भी की गई।

## खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन कर लौटी टीम का स्टेशन पर भव्य स्वागत

**जादूगोड़ा।** तारापुर परमाणु उर्जा खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर लौटी यूसील की कोणार्क टीम का टाटानगर स्टेशन पर यूरेनियम मजदूर संघ की ओर से राज सिंह पुष्प राज सिंह, प्रकाश सिंह, अनूप भद्र, मनोज कुमार, दामोदर पूर्ति, मुकेश कुमार, उपेंद्र सिंह, फागू मुर्मू ने पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर जबरदस्त स्वागत किया व टीम की उज्वल भविष्य की कामना की। 12-14 मार्च तक तारापुर (मुंबई) में चली इस प्रतियोगिता में यूसील की मजदूर नेता आनंद महतो को 200 व 400 मीटर रेस में दो गोल्ड मेडल,रंजीत परियां को 100 में सिल्वर मेडल, बलराम मुर्मू को पांच किलो मीटर वॉक नरेस में ब्रॉन्ज वही 400 मीटर रिले रेस में ब्रॉन्ज मेडल मिला है।

# संतोष का भाव रखो, जीवन में कभी दुख नहीं होगा : सतश्री

➲ गोपाल मैदान में संगीतमय श्रीरामकथा भगवान के राज्याभिषेक के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12 से 18 मार्च तक चल रही श्रीराम कथा में सूरत (गुजरात) से आये परम पूज्य सतश्री प्रवचन दे रहे थे। सतश्री ने वाल्मिकी रामायण की कथा के अंतिम दिन श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग जीवंत कर दिया। इसके साथ ही कथा की पूर्णाहुति शनिवार को हो गई। कथा की शुरुआत लंका विजय से करते हुए सतश्री ने कहा कि हनुमानजी अपनी पूंछ में लगी आग से लंका जला रहे थे, जिसमें सब कुछ जल रहा था, लेकिन हनुमानजी को आग ही दाह (गर्मी) महसूस नहीं हो रही थी। वाल्मिकी जी कहते हैं कि उन पर सीताजी का आशीर्वाद था, जिससे हनुमानजी को कष्ट नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की सफलता में किसी न किसी का हाथ होता है, लेकिन बहुत कम लोग इसका श्रेय दूसरों को देते हैं।

इसी क्रम में सतश्री ने कहा कि बहुत से लोग हमेशा चिंतित रहते हैं, यह ठीक नहीं है। संतोष का भाव रखो, कभी दुख नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिसके पास कुछ नहीं है या कोई कमी है, उसका चिंतित रहना स्वाभाविक कहा जा सकता है, लेकिन कई ऐसे लोग भी चिंतित रहते हैं, जिनके पास सब कुछ होता है। दुखी रहकर आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। वर्तमान में जीना सीखो। ईश्वर की बनाई दुनिया में सिर्फ मनुष्य ही है, जो भविष्य के लिए संग्रह करता है और चिंतित रहता है। आपने कभी किसी पशु को कल की चिंता करते हुए नहीं देखा होगा, इसीलिए वह खुश रहता है। जिस दिन मनुष्य कल की चिंता करना छोड़ देगा, वह भी खुश रहने लगेगा। वास्तव में कई लोग दूसरों की उन्नति से चिंतित रहते हैं।सब कुछ होते हुए भी उनके अंदर और पाने की चाह खत्म नहीं होती है, यही दुख का बड़ा कारण है। जो मिला है, उसे ईश्वर की कृपा मान कर खुश रहना चाहिए।



कथा सुनाते संत्श्री।

कथा श्रवण करने वालों में सुधीर सिंह, मनोज अग्रवाल, हरिशंकर सोंथालिया, सुरेश सोंथालिया, राजेश चावडा, दिनेश सोंथालिया, किशन सोंथालिया, महेश सोंथालिया, विपिन भाई आडेसरा, सत्यनारायण अग्रवाल, दिलीप गोयल, बीएन शर्मा, जयेश अमीन, भरत वसानी, पवन शर्मा, अनिल चौधरी, संजय शर्मा राहुल चौधरी उपस्थित थे।

### कथा की सहयोगी संस्थाएं

श्री गुजराती सनातन समाज, श्री जलाराम सत्संग मंडल, श्री स्थानकवासी जैन संघ, श्री प्रभु प्रेमी संघ, उत्कल एसोसिएशन महिला शाखा, जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद, शाकंभरी माता परिवार, मारवाड़ी युवा मंच सुरभि शाखा, महासर माता परिवार, सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच, भायली मंडल, राणी सती सत्संग समिति, श्री बालाजी भक्त मंडल, जीण माता परिवार, राधा रानी परिवार, सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, श्री टाटानगर गौशाला कमिटी, राजस्थान ओसवाल जैन संघ, श्री राम मंदिर कमिटी, श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर कमेटी, जमशेदपुर ओसवाल समाज, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर व झारखंड क्षत्रिय संघ।

बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर पहली बार जमशेदपुर पहुंचे झारखंड प्रदेश प्रभारी

# मोदी के करिश्माई नेतृत्व और बूथ की मजबूत संकल्प शक्ति से जीतेंगे आम चुनाव : लक्ष्मीकांत

■ चारों विधानसभा के बूथ समिति के सदस्यों की ली बैठक, बूथ कमेटी को किया सत्यापित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक-एक बूथ को मजबूत करने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। मिशन 2024 को लेकर पार्टी का पूरा फोकस सभी बूथों को सशक्त बनाने में है। जमशेदपुर महानगर में पार्टी के बूथ सशक्तिकरण अभियान को बल देने के उद्देश्य से भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा के सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने शनिवार को जमशेदपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के एक बूथ समिति के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने पश्चिम विधानसभा के मानगो मंडल, पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल, जुगसलाई विधानसभा के गोविंदपुर मंडल एवं पोटका विधानसभा के सुंदरनगर मंडल में बूथ समिति की बैठक ली एवं मानगो मंडल के बूथ संख्या 184, बारीडीह मंडल के बूथ संख्या 68, गोविंदपुर मंडल के बूथ संख्या 310 एवं सुंदरनगर मंडल के बूथ संख्या 62 के बूथ समिति का सत्यापन किया।

पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मानगो में सांसद विद्युत वरण महतो, सुंदरनगर में पूर्व विधायक मेनका सरदार एवं गोविंदपुर मंडल में सांसद विद्युत वरण महतो के संग भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू एवं भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरुप से मौजूद रहे।





रघुवर दास की उपस्थिति में बैठक को संबोधित करते लक्ष्मीकांत वाजपेयी।



मानगो में भाजपा के राज्य प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का स्वागत करते भाजपाई।

**खास बातें :** बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष अपने बूथों पर पन्ना प्रमुख गठन के कार्य को शीघ्र पूरा करें। पन्ना प्रमुख बूथ जीता-चुनाव जीता के मंत्र पर अपने क्षेत्र के मतदाताओं से सीधे संपर्क कर संगठन की रीति-नीति व मोदी सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्यो व योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि पार्टी की सबसे मजबूत ईकाई पन्ना प्रमुख है जो आगामी चुनाव में पार्टी के बड़े विजय का आधार बनेगी। इस दृष्टिकोण से पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बूथ सदस्य लोगों से संवाद, संपर्क और उनके समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह सजग रहें। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट और विधानसभा चुनाव में बहुमत के लक्ष्य को पूर्ण करने के संकल्प के साथ सभी बूथों पर बूथ समिति निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए की शक्ति और बूथ कमेटी के विजयी संकल्प से 21 हजार से जीत प्राप्त हुई। झारखंड में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के लोगों के मन में विश्वास मजबूत हुआ है कि नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। जम्मू-कश्मीर में 'धारा 370 खतम होने से आग लग जायेगी' कहने वाले लोग आज गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना छुट्टी लिए मां भारती की सेवा में अनवरत रूप से कार्य कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता उनसे प्रेरणा लेकर और उनका अनुसरण करते हुए फिरसे उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें और झारखंड में आततायी हेमंत सरकार के लूट, झूठ और भ्रष्टाचार युक्त शासन से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए कार्य करें।

## गोविंदपुर जलापूर्ति योजना बना भ्रष्टाचार का अड्डा : डॉ परितोष सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विगत चार-पांच वर्षों से गोविंदपुर जलापूर्ति योजना में जिस प्रकार अनियमितता बरती जा रही है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि गोविंदपुर जलापूर्ति योजना भ्रष्टाचार का अड्डा है। 2011 में शुरू की गई यह योजना आज 2023 में भी अपूर्ण है इसके लिए जिम्मेदार कौन है? विगत 4 दिन पहले शटडाउन लेकर लीकेज मरम्मतीकरण का कार्य करवाया गया था। आज सुबह उसी जगह फिर से मेन पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। इसके साथ ही साथ 2 जगहों पर और मुख्य पाइप लाइन जो 700 डाया का है उसमें लीकेज हो गया है लगभग हजारों लीटर पानी रोज यहां से बर्बाद हो रहा है। पेयजल विभाग के अधिकारी चीर निद्रा में सोए हैं इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा है 237 करोड़ की योजना में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितता की जांच हो।

# आठवीं बार जेम्को वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष चुने गये राकेश्वर पांडेय

■ दो पदाधिकारी चुनाव हारे, अमित पुनः महासचिव निर्वाचित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेम्को वर्कर्स यूनियन का चुनाव शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में 9 कमेटी मेंबरों के लिए वोट डाले गए। चुनाव पश्चात कमेटी मेंबरों ने अपने पदाधिकारियों का चुनाव किया। राकेश्वर पांडेय सर्वसम्मति से आठवीं बार जेम्को वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष चुने गए हैं। यूनियन के उपाध्यक्ष पद पर मनजीत सिंह और मनोज कुमार को निर्वाचित किया गया है जबकि अमित कुमार सरकार पुनः महासचिव निर्वाचित किए गए हैं। सह सचिव के रूप में समीर कुमार महताब और रमेश कुमार चुने गए हैं जबकि रविंद्र सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। कमेटी मेंबर के रूप में अमर महतो ,मोहन सरदार और जी गोल्ड विन पॉल चुने गए हैं। इस बार निवर्तमान उपाध्यक्ष लखन मुरमू और सहायक सचिव अमित कुमार सिंह चुनाव हार गए हैं।



निर्वाचित अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय अपनी टीम के साथ।

## टाटा स्टील और टाटा ट्रस्ट्स के बीच संयुक्त उद्यम, हॉकी ऐस फाउंडेशन को मिला सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड और टाटा ट्रस्ट्स के बीच एक संयुक्त उद्यम, हॉकी ऐस फाउंडेशन को शनिवार को 2022 में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। आशीष कुमार, हॉकी ऐस फाउंडेशन के सीईओ और टाटा स्टील कलिंगानगर में हेड एडमिनिस्ट्रेशन ने आज नई दिल्ली में हॉकी इंडिया के 5वें वार्षिक पुरस्कार 2022 के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार (ट्रॉफी के साथ पांच लाख रुपये) प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में नेशनल फेडरेशन ने भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों, अधिकारियों और खेल जगत के पूर्व दिग्गजों का जश्न मनाया। पद्म श्री डॉ. दिलीप तिर्की, अध्यक्ष, हॉकी इंडिया, जिन्होंने पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया, ने अतिथियों और हॉकी सितारों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

हॉकी ऐस फाउंडेशन दो हॉकी अकादमियों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है - झारखंड के जमशेदपुर में नवल टाटा हॉकी अकादमी और ओडिशा सरकार की मदद से ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थापित ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर का।

## संथाली फिल्म महोत्सव रास्का का पुरस्कार वितरण पांच को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को सामुदायिक केंद्र, धातकीडीह में आरएएससीए (रास्का) निदेशक मण्डल का बैठक संपन्न हुआ। आज का बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पं. रघुनाथ मुर्मू का 118 वीं जन्म दिवस के अवसर पर आगामी 5 मई 2023 को 11वीं संताली फिल्म रस्का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बिरसा मुण्डा टाउन हॉल, सिदगोड़ा, जमशेदपुर में किया जाएगा। फिल्मों का ज्यूरी स्क्रीनिंग 28 से 29 अप्रैल 2023 तक किया जाएगा तथा पब्लिक स्क्रीनिंग 1 मई से 4 मई 2023 तक जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों में किया जायेगा।



1. सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार 2. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार 3, सर्वश्रेष्ठ नायिका पुरस्कार 4, सर्वश्रेष्ठ खलनायक पुरस्कार 5, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता पुरस्कार 6, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री पुरस्कार 7, सर्वश्रेष्ठ चरिवश्रेष्ठ त्र अभिनेता पुरस्कार 8. सर्वश्रेष्ठ कहानी लेखक पुरस्कार।

# भाजपा नेता नीरज सिंह ने मानगो वासियों को गिफ्ट किये दो नये ट्रैक्टर और पानी टैंक

■ पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और सांसद ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी व्यावसयिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री नीरज सिंह के द्वारा मानगो की जनता को दो नए ट्रेक्टर और पानी का टैंकर उपलब्ध करवाया गया जिसका विधिवत उद्घघाटन आज भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सह भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश के प्रभारी श्री लक्ष्मीकांत वजपेयी और जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युत बरन महतो द्वारा मानगो भाजपा कार्यालय के समीप नारियल फोड़ कर और झंडा दिखाकर दोनों ट्रेक्टर को रवाना किया गया। ज्ञात हो की हर साल गर्मी की शुरूआत होते ही पुरे मानगो नगर निगम के क्षेत्र में पेयजल की भरी किल्लत हो जाती है। ये दोनों टैंकर के द्वारा उलीडीह और मानगो समेत पुरे क्षेत्र में किसी को भी पेयजल की जरुरत होने पर निःशुल्क पेयजल उपलब्ध करवाया जायेगा। मौके पर नीरज सिंह ने बताया की मानगो समेत जमशेदपुर में कई ऐसे क्षेत्र है जहा अभी भी पाइपलाइन के माध्यम से पिने योग्य पानी उपलब्ध नहीं है जिस कारन इस क्षेत्र में बसी एक बड़ी आबादी को पेयजल के लिए काफी कठनाई का सामना करना पड़ता है जिसको ध्यान में रखते हुए आज दो नए टैंकर क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए शुरू किया गया है। इसी क्रम में आगे कदम और सोनारी के लिए भी नए टैंकर उपलब्ध करवाया जायेगा। इन टैंकरों से निःशुल्क पेयजल जनता में वितरण किया जायेगा।





ट्रैक्टर की पूजा करते वाजपेयी और सांसद विद्युत।

एक नजर में

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमजीएम के तीन छात्रों को दिया अचीवर्स अवार्ड



**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिनांक 18.03.2023 को एम जी एम मेडिकल कॉलेज के छात्र - छात्राओं को जो हमारे देश के भावी चिकित्सक हैं उनको विशेष सम्मान देते हुए तीन विधाओं शिक्षा, खेल-कूद तथा विशेष उपलब्धि के लिए बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड के तहत प्रमाण पत्र एवं चेक राशि 31,000/- प्रति मेधावी छात्र- छात्रा प्रदान की गई। मेधावी छात्र - छात्राओं को उक्त समारोह में पटना अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक सोनाम टी भूटिया, क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। क्रायक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर केदार नाथ सिंह, डॉ प्रोफेसर रमेश कुमार मन्धान, प्रमुख पैथोलॉजी विभाग, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकागण तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## नेशनल योगा के लिए खिलाड़ी जोधपुर रवाना



**जमशेदपुर।** गत दिनों 'खेलो इंडिया खेलो दस का दम' महिला योगा लीग प्रतियोगिता में झारखंड की महिला योग प्रतिभागियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए विजेता होने के बाद अब योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के 10 खिलाड़ियों का चयन तृतीय नेशनल सीनियर योगा चैंपियनशिप के लिए किया गया है। उक्त प्रतियोगिता राजस्थान राज्य के जोधपुर शहर में आयोजित होगा। चयनित खिलाड़ियों को धनबाद रेलवे स्टेशन से जोधपुर के लिए रवाना किया गया। उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार, प्रह्लाद भगत, प्रशांत सिंह, अमित कुमार, सुनीता ओझा, मनोज कुमार सिंह एवं संघ के अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है। टीम के कोच डॉ डीके घोषाल एवं मैनेजर सोनाली सरकार को बनाया गया है। सभी खिलाड़ी 19 से 21 मार्च तक चलनेवाले इस प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट में अपनी योग कला का प्रदर्शन करेंगे। रवानगी के समय योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार पांडे उपस्थित थे। उक्त जानकारी सरकार योग अकैडमी के संस्थापक तथा संचालक योगाचार्य, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु एवं योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार ने दी।

## जेडीइइए महिला फोरम ने ओल्ड एज होम को दी मदद



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर डिवीजन इन्सुरेंस एम्प्लॉयीज एसोसिएशन महिला फोरम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया जिसको एल आई सी के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक श्री सूर्य नारायण पंडा, साहित्य, कला और शिक्षा की हस्ती डॉ नेहा तिवारी तथा जानीमानी अधिवक्ता डॉ संगीता झा ने संबोधित किया।महिला फोरम की सदस्यो ने महिला दिवस का इतिहास और वर्त्तमान का जिक्र करते हुए प्रासंगिक गीत और कविताएं प्रस्तुत किया। इसकी अगली कड़ी में 18 मार्च को महिलाएं और संगठन के सदस्य ओल्ड एज होम जाकर गद्दा,फल और बिसकिट्स का वितरण वहां के निवासियों के बीच किया।व्रिधों के बीच समय व्यतीत किया उनसे बातें की।

## आजादनगर थाना में शांति समिति की बैठक



**जमशेदपुर।** शनिवार को आजादनगर थाना परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति समिति के सदस्य एवं राम नवमी अखाड़ा के लाइसेंसियों की बुलाई गई बैठक जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पतमदा सर्कल के डीएसपी सुमित कुमार, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, बिजली विभाग के जेई अमीर हम्जा,मानगो नगर निगम के सिटी मैनेजर निशांत कुमार एवं शेख बदरुद्दीन उपस्थित हुए,रामनवमी अखाड़ा के लाइसेंसी शंभू त्रिवेदी, परडीह रामनवमी अखाड़ा के सदस्य एवं दाईगुट्टू के सुरेंद्र शर्मा और काशी प्रजापति ने सुझाव दिया के जुलूस में कुछ ऐसे शरारती तत्व नशे के हालात में भी होते है ऐसे लोगों पर नजर रखने के जरूरत है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो जाए। नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद ने कहा कि आजादनगर थाना क्षेत्र में जहां जहां रामनवमी का अखाड़ा निकाला जाता है वैसे स्थानों पर विशेष सफाई, लाइट एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी जिससे आए हुए श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। आजादनगर थाना के प्रभारी राकेश कुमार ने कहा पिछले वर्ष के तरह इस वर्ष भी हम सभी त्योहार के मौके पर उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी हाजी जमील असगर, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, जावेद अख्तर, ताहिर हुसैन, मोहम्मद निजाम खान,राजी नौशाद, हाजी फिरोज असलम, दाईगुट्टी अखाड़ा के लाइसेंसी काशी प्रजापति एवं प्रमोद गोराई, अभिनव सिन्हा, पारडीह रामनवमी अखाड़ा के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## एक्सपर्ट ने उद्यमियों को निर्यात व्यवसाय शुरू करने डिजिटल मार्केटिंग, विदेश व्यापार नीति के दिये टिप्स

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजशन के सहयोग से शुक्रवार, दिनांक 17 मार्च, 2023 को एक्सपोर्ट प्रमोशन पर एक कार्यशाला का आयोजन चैम्बर भवन में किया गया। इस कार्यशाला में व्यवसाायियों एवं उद्यमियों को फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के आये अधिकारी श्री अर्नव चक्रवर्ती एवं अन्य एक्सपर्ट श्री धीरज कुमार, टेक्नीकल एडवाईजर, शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार एवं एनएसआईसी के डीजीएम विजय शर्मा ने निर्यात व्यापार को शुरू करने, विदेश व्यापार नीति, डिजिटल मार्केटिंग की बुनियादी बातों के बारे में विस्तृत रूप में बताया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैम्बर कोल्हान के औद्योगिक विकास हेतु सतत प्रयत्नशील है। और आत्मनिर्भर और विकसित भारत लिये कोल्हान के व्यवसायियों एवं उद्यमियों की भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु उन्हें आगे लाने के लिये लगातार कार्य कर रहा है।

## समय संवाद

अभी कुछ दिन पहले सरकार ने बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम करने का एक ऐसा फैसला लिया था जिसे चौबीस घंटों से भी कम समय में ही वापस लेने की घोषणा वित्तमंत्री को करनी पड़ी। भारत में अगर कर प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था।कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यत: उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है।

# देश कर वसूली में आगे नागरिक सुविधा में पीछे

**डॉ. नीलम महेंद्र**



**कर** प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था। वैदिक काल में भी ग्राम वासियों द्वारा कृषि एवं पशु संपति पर एक निर्धारित राशि बलि के रूप में चुकाई जाती थी। कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यतः उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है। मौर्यकाल में भू राजस्व समेत अनेक शुल्क नगरवासियों पर लगाए जाते थे जैसे,1. षड भागः छठवें अंश के रूप में प्राप्य राज कर2. सेना भक्तः युद्धकाल में राज्यादेश से प्रजा जनों द्वारा प्राप्त खाद्य पदार्थ 3. बलिः करों के अतिरिक्त अन्य उपहार के रूप में प्राप्त धन4. करः अधीनस्त राजाओं से मिलने वाला कर5. उत्संगः उत्सव आदि अवसरों पर भेंट स्वरूप प्राप्त वस्तुएं 6. पाश्वः नियत कर से अधिक की वसूली 7. पारीहीणकः पशुओं द्वारा खेत आदि की हुई हानि के कारण पशु स्वामी को दिए गए अर्थ दंड से उपलब्ध धन8. औपयानिकः राजा को उपहार में प्राप्त धन 9. कौष्टेयकः खुदाई से सहसा प्राप्त धन।करों की इतनी वृहद व्याख्या करने के साथ साथ कौटिल्य ने राजा और प्रजा दोनों के लिए यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य कर आदि का अधिकारी है तो प्रजा के प्रति उसके कर्तव्य भी हैं। और प्रजा कर देने के लिए कर्तव्यबद्ध है तो उसके अधिकार भी हैं, अगर राजा कर लेने के बाद भी अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं करता तो प्रजा उसके प्रति अपनी निष्ठा छोड़ सकती है।

मध्यकालीन भारत में विभिन्न रियासतों का वर्चस्व था जो अपने अपने हिसाब से प्रजा से कर लेती थीं। सल्तनत काल से लेकर मुगल काल में यह कर छठवें हिस्से से बढ़कर आय के आधे हिस्से तक पहुंच गया था। आधुनिक भारत में आयकर प्रणाली 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार पर आए वित्तीय संकट के कारण 1860 में अंग्रेजों द्वारा लाई गई थी। मजेदार बात यह है कि भारत के तत्कालीन ब्रिटिश वित्तमंत्री जेम्स विल्सन ने भी आयकर की शुरूआत करते हुए मनु को उद्दत किया था।1886 में भारत में इनकम टैक्स एक्ट पास हुआ था तब से उसमें कई बार बदलाव किए गए। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात 1918 में फिर 1922 में नया एक्ट लाया गया। स्वतंत्र भारत में वर्तमान में जो आयकर कानून चल रहा है वो 1 अप्रैल 1962 को लागू किया गया था।

भारत में दो प्रकार के कर लिए जाते हैं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर। 2017 में जीएसटी लागू कर के अप्रत्यक्ष करों में क्रांतिकारी बदलाव लाकर कर सुधारों की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया था। प्रत्यक्ष करों में भी सरकार हर बजट में कुछ बदलाव करती रहती है।

लेकिन इसके बावजूद जब विश्व के देशों की टैक्स कंपेटेटिव इंडेक्स 2020 की रिपोर्ट आती है तो 36 देशों की इस सूची में न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस, जर्मनी और पुर्तगाल जैसे देशों के नाम हैं लेकिन भारत का कोई स्थान नहीं है।

जब व्यक्तिगत आयकर वसूलने वाले देशों से तुलना की जाती है तो वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में यह 37%, न्यूजीलैंड में 39% और भारत में 35.88% है। जीएसटी की बात की जाए तो भारत में 28% के साथ यह 140 देशों की तुलना में सबसे ज्यादा है 27 % के साथ दूसरे स्थान पर अर्जेंटिनिया है जबकि यूके और फ्रांस में यह 20% तो सिंगापुर में 7% है।

# साधु का मान नहीं होता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**तन** का साधु बहुते देखा मन का साधु न कोय। बहुत लोग मन में फस जाते हैं। मन,मान में रहता है। जो इससे निकल जाता है वह साधु। साधु का अपमान नहीं होता है। वह बड़ा होता है। बड़ा साटता है बड़ा छाटता नहीं है। हमारे ब्रह्म विद्यालय आश्रम की एक घटना है जो इस बात के लिये एक दम सटीक है। स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज ने एक भक्त सरदार हरनाम सिंह को महात्मा बनाने का निर्णय लिया। इस बात को लेकर आश्रम के अन्य महात्माओं में आक्रोस आ गया कि हरनाम सिंह ने तो ज्यादा भक्ति की बात जानता है और न ही वरिष्ठ है। फिर इसे सीधे महात्मा बनाया जाना गलत है। महात्माओं ने स्वामी स्वरूपानंद जी से शिकायत की और कहा कि हरनाम सिंह की परीक्षा होनी चाहिए। स्वामी जी ने हरनाम सिंह की परीक्षा की अनुमति महात्माओं को दे दी।

महात्मागण ने हरनाम सिंह से कहा कि भोजन की पांत लगी है आप भोजन कर ले। हरनाम सिंह भोजन की पांत में बैठे। तुरंत दूसरे महात्मा आकर उन्हें कहा कि तुम क्यों बैठ गये अभी इंतजार करो। इस प्रकार तीन बार उन्हें पांत से उठाया गया। लेकिन हरनाम सिंह जरा सा विचलित नहीं हुए न ही गुस्सा हुए। यह देखकर महात्माओं को ग्लानि हुई। महात्माओं ने पूछा आपको अपमानित महसूस नहीं हुआ क्या?

सरदार हरनाम सिंह ने कहा कि मैंने गुरु जी को तन और मन दोनों सपर्पित कर दिया है। जब मन गुरु को समर्पित कर दिया तब फिर मान बचा कहां? सब कुछ हमारे सदगुरु भगवान जी का ही है चाहे वह मान हो या अपमान। यह सुनकर अन्य महात्माओं ने स्वामी स्वरूपानंद जी से कहा कि सरदार हरनाम सिंह सच्चा साधु है इसे तुरंत भेष देकर महात्मा बना दिया जाए।

धन और तन की सेवा आसान है। असली बात है मन का मान समाप्त हो जाए वह गुरु के मन के साथ मिल जाए। *जो मन का साधु भयो वह सच्चा साधु होय।* भक्ति कर के ही भक्ति को समझा जा सकता है। (ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# नौका पर आएगी मां दुर्गा

**बीके पाण्डेय**

**यूं** तो मां दुर्गा का वाहन सिंह को माना जाता है। लेकिन हर साल नवरात्रि के समय तिथि के अनुसार माता अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर धरती पर आती हैं। यानी माता सिंह की बजाय दूसरी सवारी पर सवार होकर भी पृथ्वी पर आती हैं।

हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। वैसे तो साल में चार नवरात्रि तिथियां होती हैं, लेकिन इनमें से चैत्र और शारदीय नवरात्रि को प्रमुख माना जाता है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। इस साल इस बार चैत्र नवरात्रि बुधवार 22 मार्च 2023 से प्रारंभ हो रहे हैं, जिसका समापन 30 मार्च होगा। इस साल मां दुर्गा का आगमन नौका पर होगा। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध हो सकता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है। चैत्र नवरात्रि में अबकी बार पूरे नौ दिनों की नवरात्रि होगी। नवरात्र की खास बात यह है कि नवरात्र से एक दिन पहले पंचक लगेगा। पंचमी तिथि तक पंचम काल में देवी आराधना की जाएगी। पंचक काल को पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना जाता है। मंदिरों में सुबह 6.23 से 7.32 बजे तक और घर-घर में अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.05 से 12.35 बजे के मध्य घट स्थापना की जाएगी।

पंचक 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 23 मार्च को खत्म होंगे। लेकिन इस बार पंचक के साथ ही इस दिन 4 ग्रह एक साथ मीन राशि में संयोग बनाकर गोचर कर रहे होंगे। साथ ही कई शुभ योग भी इस दिन उपस्थित रहेंगे जैसे, गजकेसरी योग, बुधादित्य योग, हंस योग, शश योग, धर्मात्मा और राज लक्षण योग भी इस दिन बना रहेगा। ऐसे शुभ संयोगों के कारण पंचक को लेकर तनिक भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। वैसे भी माता सभी अशुभ प्रभाव को दूर करने में सक्षम हैं और काल के लिए मां महाकाली भी हैं। चैत्र नवरात्र का आरंभ अबकी बार बुधवार को हो रहा है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष भी आरंभ भी हो जाएगा।

# हमारा राष्ट्रवाद कितना मजबूत होगा?

**डॉ बेद प्रताप वैदिक**

**जब मैं** पहली बार चीन गया तो चीन के विद्वान और नेता मुझे इंदुरैन इंदुरैन बोलते थे। यों तो भारत का प्राचीन नाम आर्यावर्त या भारत या भरतखंड ही है। मैंने वेदों, दर्शनशास्त्रों, उपनिषदों, आरण्यकों, रामायण, महाभारत या गीता में कहीं भी हिंदू शब्द कभी नहीं देखा। इस शब्द का प्रयोग तुर्की, पठानों और मुगलों ने पहले-पहल किया। वे सिंधु नदी पार करके भारत आए थे, इसलिए उन्होंने इस सिंधु-पर क्षेत्र को हिंदू कह दिया।

भारतीयों ने विदेशियों या मुसलमानों द्वारा दिए गए इस शब्द को स्वीकार कर लिया, क्या यह हमारी उदारता नहीं है? ऐसे में विदेशी मजहबों के मानने वालों को अपना कहने में हमें एतराज क्यों होना चाहिए? यदि इस देश में भारत के 20-22 करोड़ लोगों को हम अपने से अलग मानेंगे तो हम खुद को राष्ट्रवादी कैसे कहेंगे? इस देश को हम मजहब के आधार पर बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक में बांट देंगे। हम राष्ट्रवादी नहीं होंगे बल्कि जिन्नावादी होंगे। दुनिया में पाकिस्तान ही एक मात्र देश है, जो मजहब के आधार पर बना है। पाकिस्तान की ज्यादातर परेशानियों का कारण भी यही है। भारत का निर्माण या अस्तित्व किसी धर्म, संप्रदाय, मजहब, वंशवाद या जाति के आधार पर नहीं हुआ है। इसीलिए इसे सिर्फ ह्यहिंदुओंह्ण का देश नहीं कहा जा सकता है। हां, इस अर्थ में यह हिंदुओं का देश जरूर है कि जो भी यहां का बाशिंदा है, वह हिंदू है। मोहन भागवत का मंतव्य यही है। यह मंतव्य अत्यंत पवित्र है, क्योंकि यह हम और ह्यतुमह्ण के भेद को खत्म करता है। हिंदू की इस परिभाषा से सहमत होने का अर्थ है, सभी पूजा-पद्धतियों को स्वीकार करना। गांधीजी इसे ही सर्वधर्म समभाव कहते थे। इसे आधार बनाएं तो फिर राष्ट्रवादिता से कोई भी अछूता नहीं रह सकता। इसी दृष्टि से मैं अपने अभिन्न मित्र और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक स्वर्गीय कुप्प सी. सुदर्शन से कहा करता था कि भारत के मुसलमानों को राष्ट्रवादी धारा से जोड़ना बेहद जरूरी है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जरिए वही काम आज हो रहा है। यह कितनी अद्भुत बात है कि यह मंच तीन तलाक का विरोध कर रहा है और मुस्लिम समाज में अनेक सुधारों की पहल भी कर रहा है। ऐसी पहल सभी धर्मों में क्यों नहीं होती?

यह इतिहास का एक बड़ा सत्य है और अकाट्य है कि किसी भी विचारधारा या सिद्धांत या धर्म का जन्म चाहे जिस देश में हुआ हो, उसके मानने वालों पर ज्यादा प्रभाव उनके अपने देश की परंपरा का ही होता है। इसी आधार पर दुबई के अपने एक भाषण में अरब श्रोताओं के बीच मैंने यह बात डंके की चोट पर कह दी थी कि भारत का मुसलमान दुनिया का श्रेष्ठतम मुसलमान है, क्योंकि भारत की हजारों साल की परम्परा उसकी रगों में बह रही है।

बादशाह खान ने अब से लगभग 50 साल पहले मुझे काबुल में कहा था कि मैं पाकिस्तानी तो पिछले 19-20 साल से हूं, मुसलमान तो मैं हजार साल से हूं, बौद्ध तो मैं ढाई हजार साल से हूं और आर्य-पठान तो पता नहीं, कितने हजारों वर्षों से हूं। यदि इस तथ्य को सभी भारतीय स्वीकार करें तो सोचिए, हमारा राष्ट्रवाद कितना सुदृढ़ होगा।

**(लेखक अब दुनिया में नहीं रहे। विनम्र श्रद्धांजलि सहित उनका आलेख।)**

# अब दिल का ख्याल नहीं रखा तो ...

**एक** समय था जब हार्ट संबंधी समस्याएं उम्रदराज लोगों को ही ज्यादा हुआ करती थीं। लेकिन आज हार्ट की बीमारी के शिकार हर आयुवर्ग के लोग हैं। भारत में एक बड़ी आबादी हृदय रोग से पीड़ित है और हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। युवाओं में हार्ट अटैक के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। क्या वजह है? कहीं खानपान व लाइफस्टाइल में गड़बड़ हो रही है? 80 लाख लोगों की मौत दुनिया में हार्ट से संबंधित रोगों से हो रही है।

**पेट की चर्बी**

युवाओं में बैली फैट का बढ़ना और मोटापा दिल का दौरा पड़ने का सबसे बड़ा कारण है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की नयी रिपोर्ट के अनुसार अगर आपका बीएमआई सामान्य है और पेट के आसपास चर्बी की मात्रा अधिक है तो आपको दिल का दौरा पड़ने की आशंका कई गुणा बढ़ जाती है। ऐसे में व्यायाम और खुराक दोनों का ख्याल जरूरी है।

**पोषण का स्तर**

शोध बताते हैं कि भारत में 47 प्रतिशत लोगों को विटामिन बी12 की कमी है। विटामिन बी12 की कमी दिल का दौरा पड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण रिस्क फेक्टर है। बी12 की कमी से सीरम होमोसिस्टीन का स्तर बढ़ जाता है जो दिल के दौरे से सीधा संबंध रखता है। जिंक, सेलेनियम, विटामिन सी और विटामिन ई की कमी वाले आहार को भी हृदय रोग के बढ़ते जोखिम से जोड़ा जाता है। साथ ही सैचुरेटेड फैट्स, ट्रांस फैट्स और नमक यानी सोडियम का अत्यधिक सेवन हृदय के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।

**नींद की अहमियत**

सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार जो वयस्क रोज रात को 7 घंटे से कम सोते हैं उन्हें दिल का दौरा पड़ने की आशंका काफी अधिक होती है। इसका कारण यह है कि नींद की कमी से अकसर तनाव बढ़ता है। जो आपको दिन भर गतिहीन बनाकर रखता है। इस वजह से आप भूख लगने पर बाहर से कुछ अनहेल्दी भी खा ही लेते हैं। यह सभी कारण शरीर में फैट को जमा करते हैं। जिसका आपके दिल की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**तनाव के असर**

ज्यादातर लोग हर समय कुछ न कुछ सोच रहे होते हैं। इससे शरीर में स्ट्रैस हार्मोन बढ़ जाते हैं जो पेट के चारों तरफ फैट बनकर जमा होने लगते हैं। बहुत लोग तनाव में अधिक भोजन करते हैं। जिसके चलते अनहेल्दी फूड खा लेते हैं और ओवर ईटिंग के शिकार हो जाते हैं। इससे शरीर में कैलोरी का स्तर बहुत बढ़ जाता है। फैट और बढ़ जाता है। तनाव के चलते अनिद्रा दोष हो जाता है। ये सब स्थितियां हृदय रोग की आशंका बढ़ा देती हैं। तनाव हाई ब्लडप्रेशर या हाइपरटेंशन के कारणों में से एक है। दिल के दौरे का एक कारण हाई ब्लड प्रेशर भी है।

तनाव को कैसे डील करते हैं यह आपकी ओवरऑल वेलनेस पर प्रभाव डालता है। मनोवैज्ञानिक शोधों से यह बात सामने आई कि तनाव उन व्यक्तियों को अधिक प्रभावित करता है जो यह विश्वास करने लगते हैं कि तनाव की वजह से उनपर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**सक्रियता**

सन 2020 में हुए एक शोध में यह पाया गया कि शहरों में रहने वाले 60 प्रतिशत लोग निष्क्रिय या कम एक्टिव हैं। शारीरिक सक्रियता कम होना भी हृदय रोग बढ़ाता है। इसलिए यदि आपको एक ही स्थान पर बैठकर काम करना है तो अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज व योग को जरूर शामिल करें। स्वस्थ हृदय के लिए प्रतिदिन ढाई घंटा व्यायाम या योग करने की सलाह दी जाती है।

**धूम्रपान का कारक**

धूम्रपान करने से ब्लडस्ट्रीम में रसायन निकलते हैं। जो धमनियों और नसों के रक्त को गाढ़ा कर देते हैं और थक्का बनने का कारण बनते हैं। यह थक्के रक्तप्रवाह में बाधक बनते हैं। परिणाम स्वरूप दिल का दौरा पड़ता है। तम्बाकू का प्रयोग लगभग 11.9 प्रतिशत युवाओं द्वारा किया जाता है। यह चिंता का बड़ा कारण है। ये सभी कारण इस युवा पीढ़ी की बदलती जीवनशैली की वजह से हैं।

# गुस्सैल लाइफपार्टनर के साथ ...

**रवि सिन्हा**

**अगर** आप रिलेशनशिप में हैं और आपके पार्टनर को हर छोटी-बड़ी बात पर गुस्सा आता है । अगर आपके पार्टनरको बिना बात के भी गुस्सा आता है तो आपका परेशान होना लाजिमी है। ऐसे में कई बार पार्टनर को हैंडल करने का तरीका भी समझ में नहीं आता है आप चाहें तो अपने गुस्सैल पार्टनर को डील करने के लिए इन टिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हो सकता है कि वो बिना बात के न भड़क रहे हों। उन बातों और स्थितियों पर गौर कर उनका आकलन करें ताकि आप जान सकें कि उनको कब और क्यों गुस्सा आता है। कोशिश करें कि वैसे हालात बनें ही न, जिनसे आपके पार्टनर को गुस्सा आता ह। 2. अगर आपकी कोई हरकत या आदत पार्टनर को कम पसंद है तो उन्हें उनके सामने करने से बचें। इसका यह मतलब नहीं है कि आप खुद को बदल दें पर उनके सामने अवॉइड करना ही बेहतर रहेगा। 3. ऐसे लोग हमेशा दूसरों की कमियां गिनाते रहते हैं। दूसरों पर आरोप लगाना और कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट करने में इन्हें बहुत मजा आता है। बेहतर रहेगा कि आप उनकी गैरजरूरी बातों का कोई जवाब ही न दें। 4. कई लोग इसी वजह से डिप्रेशन में रहते हैं कि उन्हें सुनने-समझनेवाला कोई नहीं होता है। जब वे गुस्से में हों तो उनकी मानसिक स्थिति को समझकर उनकी बात सुन लीजिए. हो सकता है कि धीरे-धीरे उनका गुस्सा कम हो जाए। 5. जब पार्टनर का मूड अच्छा हो तो उनसे बात करें। उन्हें उनकी गलत आदत और व्यवहार के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि उनके ऐसे व्यवहार से आपको कितनी तकलीफ होती है। इससे उन्हें भी अपने खराब व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी।

6. गलती हो तो मानने से न झिझकें। इससे भी आपके पार्टनर का गुस्सा कम हो जाएगा। जब भी बात गलती की हो तो अपने ईगो को एक तरफ रख दें। इससे बात तुरंत संभल जाएगी। 7. जब भी पार्टनर को गुस्सा आए तो रिएक्ट करने या उन्हें चुप कराने की कोशिश के बजाय उन्हें थोड़ा टाइम दें।

# नाटु-नाटु ने दुनिया भर के 15 गानों को हराया

**हेमंत पाल**

फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटु-नाटु' ने ऑस्कर 2023 में इतिहास रच दिया। एसएस राजामौली की फिल्म के गाने ने 15 गानों को हराकर बाजी मारी। गाने 'नाटु-नाटु' का मुकाबला टेल इट लाइक ए वूमेन के अपलॉज, टॉप गन : मैवरिक के होल्ड माई हैंड, ब्लैक पैंथर : वकांडा फॉरएवर के लिफ्ट माई अप और एवरीथिंग एवरी वेयर ऑल एट वंस के दिस इज ए लाइफ से था। सर्वश्रेष्ठ मूल गीत कैटेगरी में नाटु-नाटु अव्वल रहा। जूनियर एनटीआर, रामचरण और राजामौली ने 'नाटु-नाटु' के लिए अवॉर्ड की अनाउंसमेंट होते ही एक दूसरे को गले लगा लिया। पिछले साल अमेरिका में फिल्म की रिलीज के बाद 'नाटु-नाटु' ग्लोबल सेंसेशन बन गया। ये गाना हिंदी में 'नाचो नाचो, तमिल में नट्टू कूथु और कन्नड़ में 'हल्ली नातु' के रूप में रिलीज किया गया था।

उनकी झोली में कई पुरस्कार

'आरआरआर' एमएम कीरावानी को सबसे ज्यादा लोकप्रियता देने वाली फिल्म रही। ह्यनाटू नाटूह्ण ने पहले 'गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स' में बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग मोशन पिक्चर का खिताब जीता। अब 95 वें अकादमी अवॉर्ड्स में 'बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग' के लिए ऑस्कर जीतने में सफल रहे। कीरावानी अब अजय देवगन और तब्बू की फिल्म 'औरों में कहाँ दम था' के गानों को भी संगीत देंगे। 1987 में बतौर असिस्टेंट म्यूजिक डायरेक्टर कीरावानी ने अपने करियर की शुरूआत की थी। 1990 में फिल्म 'मौली' में उन्हें ब्रेक मिला। इसके बाद रामगोपाल वर्मा की सुपरहिट फिल्म ह्यक्षण क्षणमह्ण ने कीरावानी को लोकप्रियता दी। वह फिल्म इंडस्ट्री में बेहतरीन संगीतकार के रूप में जाने जाते हैं। इसका प्रमाण है कि उन्हें अभी तक 8 बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुका है। उन्हें 11 बार आंध्र प्रदेश सरकार के 'राज्य नंदी पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। उन्हें 'बाहुबलीः द बिगनिंग' के लिए भी सैटर्न पुरस्कार के लिए भी नॉमिनेट किया गया था। इसके अलावा भी उन्हें कई पुरस्कार मिले।

दो क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी

यह फिल्म राम चरण और जूनियर एनटीआर के लीड रोल वाली एक हिस्टोरिकल फैंटेसी फिल्म है। यह दो क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी है, जो भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ते हैं। राजामौली ने कहा था कि उन्होंने नाटू नाटू को एक एक्शन सीक्वेंस के रूप में देखा था। जिसमें दो स्वतंत्रता सेनानी एक ब्रिटिश अधिकारी को डांस के जरिए अपने घुटनों पर लाते हैं।

एक आदमी का कमाल

आज देशभर में छाए इस गाने को ऑस्कर मिलने के पीछे म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरावानी हैं। कीरावानी का पूरा नाम कोडुरी मारकथमणि कीरावानी है। वे रिश्ते में 'आरआरआर' के डायरेक्टर एसएस राजामौली के चचेरे भाई हैं। उनकी पत्नी एमएम श्रीवल्ली पेशे से प्रोड्यूसर हैं। एक रिश्ता यह भी है कि वह राजामौली की पत्नी रमा की बड़ी बहन हैं। राजामौली और कीरावानी परिवार का फिल्मी दुनिया से गहरा ताल्लुक है। सिर्फ वे ही नहीं उनके बच्चे भी संगीत की दुनिया में रंग जमा रहे हैं। इस लोकप्रिय गाने के एक गायक काल भैरव कीरावानी के बड़े बेटे हैं।

एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' का बोलबाला

इस साल एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' का बोलबाला रहा... सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनने के साथ इसके लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्कैनर्ट को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और फिल्म की अदाकारा मिशेल योह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। फिल्म ह्यएवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' के लिए ही, के क्वान को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता की श्रेणी में और जेमी ली कर्टिस को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री की श्रेणी में पुरस्कार मिला। इसके अलावा फिल्म को सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) पटकथा और सर्वश्रेष्ठ संपादित फिल्म का पुरस्कार भी मिला।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छोटे हाथी ने जीता दुनिया का सबसे बड़ा ईनाम



अकादमी अवॉर्ड में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का निर्देशन कार्तिकी गोंजाल्विस ने किया, जबकि, गुनीत मोंगा इसकी निमार्ता हैं। 39 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में इंसान और जानवरों के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। इस शॉर्ट फिल्म की कहानी दक्षिण भारतीय कपल बोमन और बेली की है, जो रघु नाम के एक छोटे अनाथ हाथी की देखभाल करते हैं। इस डॉक्यूमेंट्री को तमिल भाषा में बनाया गया था। बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म में 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के साथ हॉल आउट, द मार्था मिशेल इफेक्ट, स्ट्रेंजर एट द गेट, और 'हाउ डू यू मेजर ए ईयर' भी नॉमिनेट थीं, लेकिन 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने जीत हासिल की।

खास बात यह कि 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' इस श्रेणी में ऑस्कर जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म है। इसके बाद नामांकित होने वाली तीसरी फिल्म। इससे पहले 1969 में 'द हाउस दैट अनानंदा बिल्ट' और 1979 में 'एन एनकाउंटर विथ फेस बेस्ट' डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का खिताब अपने नाम किया था।

'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' मुदुमलाई नेशनल पार्क में स्थापित हाथी फुसफुसाते हुए, बोम्मन और बेलि, एक स्वदेशी जोड़े की देखभाल में रघु नाम के एक अनाथ हाथी के बछड़े की कहानी है। डॉक्यूमेंट्री न केवल उनके बीच बनने वाली बॉन्डिंग के साथ प्राकृतिक सुंदरता को भी बेहतरीन ढंग से दिखाया गया है। 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को नेटफ्लिक्स पर दिसंबर 2022 में रिलीज किया गया था।


**पांच साल में शूट हुई फिल्म**

फिल्म की डायरेक्टर कार्तिकी ने पांच साल तक बोमन और बेली की जिंदगी को करीब से देखा। कार्तिकी ने बेबी हाथी रघु के साथ जो पल बिताए, वे सब फिल्माए गए। रघु के शॉट के लिए उसे कोकोनट मिक्सचर खिलाया जाता था। इसे खाकर वह खुशी से झूम उठता और फिर ये मोमेंट्स फिल्माए। इस तरह साढ़े चार सौ घंटे के फुटेज इकट्ठा हुए। ये शॉर्ट फिल्म तमिलनाडु के मुदुमलाई रिजर्व में फिल्माई गई है। इसमें लोकेशन की प्राकृतिक सुंदरता दिखाई गई। साथ ही प्रकृति के लिए आदिवासियों का समर्पण भी दिखाया गया। बताया गया है कि कैसे आदिवासी प्रकृति को सहेजे हुए हैं। ये फिल्म पर्यावरण संरक्षण की भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी दिखाती है।

**फिल्म की कहानी**

फिल्म के शुरू में बेहतरीन प्राकृतिक दृश्य दिखाए गए हैं। बमन अपने हाथी रघु को नदी में नहलाने लेकर जाते हैं। बमन और हाथी रघु के बीच अलग तरह का लगाव बताया गया है। बमन बताता है कि रघु उसे जंगल में घायल मिला था। जंगली कुत्तों ने उसकी पूंछ काट ली थी। वह बेहोशी की हालत में पड़ा था। रघु की मां की मौत बिजली के झटके लगने से हो गई थी। रघु को उसके झुंड से मिलाने की काफी कोशिश की गई थी। लेकिन, सभी कोशिशें नाकाम रही। बेली को हाथियों के बच्चों की देखभाल के लिए चुना गया था। वह एकमात्र महिला है, जो ऐसा कर रही थी। बेली और बमन रघु की देखभाल करते हैं। इस शॉर्ट फिल्म में मानव और हाथियों के बीच प्यार और लगाव को दिखाया गया है।

# फुड रिसाइक्लिंग



# बरही में छात्र ने की खुदकुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने प्रबंधन के मानसिक प्रताड़ना के कारण लगाई फांसी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल
- परिजन व ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर गिरफ्तारी की मांग की

**बरही।** थाना अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के चकुराटांड में संचालित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिजनों ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा चल रही थी, इसी दौरान बच्चे को परीक्षा से वंचित कर उसे प्रताड़ित किया गया। बताया कि पूरी कक्षा व विद्यालय के समक्ष उसे अपमानित करने का कार्य किया गया। जिससे बच्चा आहत होकर घर पहुंचते ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। बच्चे की पहचान कोनरा निवासी रेहान असरफ पिता मो रिताज उर्फ छोटी के रूप में की गई। बच्चे के पिता ने बताया कि विद्यालय से कॉल आया था कि बच्चा परीक्षा में चोरी करते पकड़ा गया है। आप विद्यालय आकर टीसी प्राप्त कर ले। पिता जैसे ही विद्यालय पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी लेकर पिता ने बच्चे को पुनः परीक्षा दिलाने तथा बच्चे को अपने समक्ष लाने का आग्रह किया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चे के विद्यालय से भाग जाने की बात कही। वही ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही तथा अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि बच्चा परीक्षा में चोरी करता पकड़ा गया था तो उसे समझाकर पुनः परीक्षा देने की अनुमति देनी चाहिए थी, न कि पूरे विद्यालय के समक्ष अपमानित कर उसे मानसिक प्रताड़ित करना चाहिए। घटना की सूचना पाकर हजारीबाग मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और कहा कि आए दिन सुनने को मिलता है कि स्कूलों में बच्चों को मानसिक प्रताड़ना किया जाता है, जो पूर्णतः गलत है।विद्यालय प्रबंधन की हठधर्मी के कारण एक परिवार का चिराग बुझ गया। परिजन बच्चे को अच्छी शिक्षा दीक्षा के लिए स्कूल भेजे थे और स्कूल प्रबंधक ने बच्चे को आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। मैं घटना की निंदा करता हूं और दोषी विद्यालय प्रबंधन के लोगो को कड़ी से कड़ी सजा की मांग करता हूं।

वहीं प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा की दोषी स्कूल प्रबंधन की तत्काल गिरफ्तारी हो और स्कूल के दोषी सभी शिक्षको के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें कठोर से कठोर दंड दिया जाए। प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही होना चाहिए, ऐसा नहीं होगा तो ऐसी घटनाएं और बढ़ेगी। कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजउदीन ने कहा कि विद्यालय की लापरवाही एवं ऐसी घटनाएं नई नही है इससे पूर्व भी ऐसे कई घटनाएं घट चुकी है, जिसमे बच्चे विद्यालय के रवैए से परेशान होकर स्कूल से भाग चुके है, किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए इतनी लापरवाही एवं अड़ियल रवैया उचित नहीं है, दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्यवाही होना चाहिए।बताते चलें कि कुछ महीनों पूर्व भी विद्यालय में अध्ययनरत तीन बच्चे भाग गए थे।घटना के सम्बंध में स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह घटना बच्चें के घर में हुई है, मुझे दोपहर 3 बजे के आस-पास इसकी सूचना मिली है।



बरही थाना में पहुंचे अभिभावक।

## स्पीड न्यूज

### यादव लाइन होटल अवैध शराब जब्त

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार को गुप्त सूचना शनिवार सुबह 6:30 बजे मिली की यादव लाइन होटल में तत्वरित कार्यवाही होने पर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। थाना प्रभारी ने सनहा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी सूचना की जानकारी देते हुए सूचना की सत्यापन के लिए उक्त स्थल पर अपने दल बल के साथ पहुंचे तो उन्होंने देखा की होटल प्रांगण में काफी लोगों का भीड़ लगा था। उपस्थित लोगों ने जब पुलिस प्रशासन को देखा तो इधर उधर भागने लगे। वही प्रशासन ने एक व्यक्ति को अपने कब्जे लेकर पूछताछ किए तो पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपनी परिचय में विजय यादव उम्र लगभग 30 वर्ष पिता नारायण यादव छोटा डहरभंगा निवासी होटल संचालक बताया। तत्पश्चात होटल में तलाशी के क्रम में स्वतंत्र साक्षी नही होने के कारण साथ गए पुलिस दल के अशोक सिंह एवं आरक्षी 194 टिंकू कुमार को गवाह बनाया गया। जिसमे होटल के कमरे से सुतली के ढके बोरे में ब्लैक हॉर्स व्हिस्की 750`' – 24 , हायवार्ड्स 5000 प्रीमियम स्ट्रोंग बियर –18 पिस बरामद किया गया।

### टाटा मोटर्स बुधिया का मिलन समारोह



**चौपारण।** चौपारण चतरा मोड़ स्थित होटल सेलिब्रेशन में टाटा मोटर्स बुधिया एजेंसीज द्वारा एक ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ट्रक मालिक और चालक शामिल हुए। बुधिया एजेंसीज के सीईओ अंसुमन देव तथा टाटा मोटर्स के सीनियर मैनेजर अखिल सिंह ने ग्राहकों को बताया कि आरडीई बीएस सिक्स फेस 2 की गाड़ियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहन अत्याधुनिक सुविधा से लैस है। समारोह में मैनेजर कनक कांत के अलावे सेल्स मैन शिवकुमार पौद्दार, सुबोध कुमार सिंह, उपेंद्र वर्मा, प्रवीण सिंह, ग्राहकों में उदय कुमार, मुन्ना पांडेय, उपेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, पवन सिंह, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह सहित कई लोग थे।

### शादी से इनकार करने पर मामला दर्ज

**बड़कागांव।** 17 वर्षीय नाबालिक लड़की ने शादी का प्रलोभन देकर एक वर्ष से शारीरिक शोषण करने के आरोप में 19 वर्षीय युवक सहित पिता, माता, भाई एवं चाचा को अभियुक्त बनाते हुए बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कराया है। मामला थाना क्षेत्र के तलसवार गांव का है। नाबालिग लड़की के लिखित आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 96/ 23 धारा 341, 323, 376, 504, 506, 34 भादवी एवं 4 पोक्सो एक्ट के तहत अभिषेक कुमार, पिता बुलक महतो, मां, भाई, एवं चाचा बुधन महतो के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में लड़की द्वारा आरोप लगाया है कि विगत एक वर्ष से युवक शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ शारीरिक शोषण किया। जब मैं शादी का प्रस्ताव रखी तो कई माह तक टालमटोल करने के बाद शादी से इंकार कर दिया। जब इस बात को युवक के परिजनों तक ले जाया गया तो सभी मुझे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। बड़कागांव पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए पीड़ित नाबालिक युवती को मेडिकल जांच एवं धारा 164 के तहत बयान के लिए हजारीबाग न्यायालय भेज दिया है।

### दिल्ली में खड़गे से मिले योगेंद्र साव

**बड़कागांव।** पूर्व कृषि मंत्री एवं कांग्रेस नेता योगेंद्र साव कॉन्ग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से नई दिल्ली राजाजी मार्ग 10 नंबर स्थित आवास में मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके देकर अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात थी एवं इस दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा हुई। रामगढ़ उपचुनाव से संबंधित मसले पर भी चर्चा व राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने पर भी विचार विमर्श हुआ।

### शिक्षित होना जरूरीः वार्ड सदस्य

बड़कागांव। शिक्षा के महत्व को देखते हुए,सांढ़ पंचायत के वार्ड नं.8 के वार्ड सदस्य अंजू कुमारी ने कहा कि बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है।वैसे समस्त नागरिकों को शिक्षित करना है ताकि ग्राम पंचायत पूर्ण रूप से साक्षर हो सकें।जिस तरह शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति अपने दायित्वों को निभाते हुए एक से दो व्यक्ति को साक्षर बनाने का प्रण करें तो समाज में बेहतर परिवर्तन आ सकती है।

### प्लानड्डु में 72 महिला किसानों को ट्रेनिंग

**चरही ।** झारखंड आदिवासी स्वस्थ्य शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति चुरचू की ओर से 72 महिला किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु आईसीएआरआर प्लांडू लिया गया।यंहा जाकर महिलाओं ने फलदार वृक्ष रोपण ,केचुवा खाध उत्पादन जैविक खेती ,रोग ,उपचार एवं उसके बचाव पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण एवं भ्रमण संस्थान के डॉ विजय कुमार सिंह द्वारा करवाया गया।मौके पर मांडू ,चुरचू ,दारू व टाटीझरिया प्रखण्ड के चपरा ,अकाकुम्बा, जेलेगटांडी,रोहोड़ गढ़ा ,बंधु डीह, पिपरा बेड़ा आदि गांव के लोग शामिल हुए।

## एक नजर में

### रामनवमी जुलूस में डीजे रहेगा प्रतिबंध : बीडीओ



**दारू।** दारू थाना परिसर में रामनवमी और रमजान को लेकर शांति समिति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। इस बैठक में मौजूद प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध ग्रामीणों के बीच रामनवमी त्योहार शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ सुशील कुमार राय ने सभी अखाड़ा समिति को शांतिपूर्वक रामनवमी त्योहार मनाने में एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि जुलूस में डीजे साउंड पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा , ऐसा नही करने वालों के खिलाफ करवाई की जाएगी। जुलूस अपने तय रुट से ही निकलेगी साथ ही सभी अखाड़ा वक़्त का खयाल रखते हुए जुलूस को नियत समय पर खत्म कर देंगे। थाना प्रभारी अमित कुमार ने सभी अखाड़ा समिति के सदस्यों को जुलूस का लाइसेंस का नवीनीकरण करने के लिए आवेदन देने का निदेश दिया साथ ही जुलूस में शराब पीकर हुड़दंग नही करने की चेतवानी दी। इस बैठक में मुखिया अनिता देवी, सुनील कुमार उर्फ भोला,भोला तुरी,प्रभात सिंह, फारुखउद्दीन, प्रमोद राम रामनारायण कुशवाहा, दिलीप कुमार,महेंद्र प्रसाद,जयनारायण मंडल,मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद समसुद्दीन, डब्लू गिरी, दौलत साव, बिनोद गिरी,संतोष पासवान, चेतलाल महतोल, रमेश राणा, कैलाश प्रजापति सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रकृति की पहचान है सरहुल : विश्वकर्मा



**बरही।** आदिवासी बहुल क्षेत्र रानीचुँआ पंचायत में सरहुल पूजा कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी समूह के द्वारा ढोल, नगाड़े के साथ पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधानसभा से झामुमो के पूर्व प्रत्याशी सह विस प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा मौजूद थे।जिसमें उन्होंने आदिवासी समाज के साथ ढोल नगाड़े की थाप पर जमकर झूमे। उन्होंने खुद मांदर बजाते हुए सरहुल पर्व का आनंद किया। सरहुल पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। वहीं मुख्य अतिथि झामुमो प्रभारी बिनोद विश्वकर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल पर्व पर्व प्रकृति की पहचान है।जिसके माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित कर वातावरण को दूषित होने से बचाता है और पेड़ पौधा की रक्षा के लिए संकल्प लेने का त्यौहार है। यह प्रकृति से जुड़ा हुआ त्यौहार है। साथ ही उन्होंने सरहुल पूजा के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दिया।मौके पर सरहुल पूजा समिति के आयोजक गाजो टुड्डू, राजाराम बेसरा, अध्यक्ष रघु टुड्डू, सचिव राजीव बेसरा, कोषाध्यक्ष दिलीप मरांडी, गोविन्द भगत, पूर्व मुखिया रीता मुर्मू, संजय टुड्डू समेत काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# अकेला ने विधानसभा में उठाया सिंचाई का मुद्दा



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा में झारखंड के किसानों के लिए विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सिचाई से संबंधित मुद्दों को उठाया है।उन्होंने कहा कि झारखंड एक पहाड़ी क्षेत्र का राज्य है।जिसकी जमीन समतल नही होने के कारण किसानों को सिचाई में कई तरह से कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।परन्तु इन सभी क्षेत्रों में जौसे हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही, पदमा एवं चंदवारा में कई ऐसे पुराने आहर एवं डैम अवस्थित है लेकिन कई वर्षो से भूमि संरक्षण लघु सिंचाई विभाग के द्वारा इसके गहरीकरण का कार्य नही हुआ है। जिसके कारण बरसात के दिनों में पानी का संचय अधिक नही हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी संचय नही होने के कारण किसानों को सिंचाई संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने बरही विधानसभा सहित पूरे झारखंड के तालाबों के गहरीकरण करने का मांग किया है ताकि किसानों को सिंचाई की उचित व्यवस्था मिल सके।उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों की छोटे नाले व नदियों के बीच सरकार के सहयोग से चेकडैम बना दिये जाने पर किसानों को किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलने की अपार संभावना है।

### मनीष जायसवाल ने बिजली समस्या को सदन में उठाया

हजारीबाग। विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर हमेशा सरकार तक जनता की आवाज बनकर समस्याओं को पहुंचाते हुए उसके निराकरण हेतु प्रयासरत रहते हैं। शनिवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होंने हजारीबाग के बिजली समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत सभी 36 वार्ड एवं आस- पास के पंचायतों में बिजली के पोल एवं तार की स्थिति काफी जर्जर है। ये पोल एवं तार 60-70 साल पुराने है तथा कई बार इनके टूटने से जान- माल की क्षति हो चुकी है। विधायक मनीष जायसवाल ने जनहित एवं लोकहित में क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग अविलम्ब कराने के लिए सरकार से आग्रह किया ।

### फाइलेरिया उन्मूलन की डीडीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रामगढ़ जिले में किए गए कार्यों की शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में समीक्षा की। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 0 फरवरी से 25 फरवरी तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया।

# बूथ को बनाएं सशक्त : कर्मवीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





रामगढ़। भाजपा अपनी पार्टी को बूथ स्तर पर काफी मजबूत करना चाहती है। इसी उद्देश्य से शनिवार को रामगढ़ जिला कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में सभी कार्यकताओं को पार्टी के उद्देश्यों और विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सह अभियान संयोजक प्रो. खिरोधर साहू ने किया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में हुए अपनी जीत के लिए कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र के सभी शक्तिकेंद्रों के अल्पकालीन विस्तारकों एवं अभियान के मंडलटोली से परिचय प्राप्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने बूथ सशक्तिकरण के लिए भाजपा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने का आवाह्न किया। सशक्त बूथ का निर्माण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए आगामी सात दिनों तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने कहा की 31 सदस्यीय बूथ कमेटी में महिलाओं एवं सभी समाज के व्यक्तियों का समावेश होना चाहिए। साथ हीं हर बूथ के अंतर्गत आने वाले मुहल्ले और टोला में निवास करने वाले प्रमुख व्यक्तियों के साथ प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की हर बूथ के समूह को केंद्र द्वारा संचालित सरल पोर्टल से भी सभी को तय समय सीमा के अंतर्गत जोड़ा जाना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सदन में दिए गए 16 पेज के अभिभाषण को पढ़ कर केंद्र के द्वारा गरीब नागरिकों हेतु संचालित योजनाओं की सफलता और आने वाले समय में भारत का विश्व में बढ़ते प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला टोली के सदस्य सह जिला पदाधिकारी राजू चतुवेर्दी, अखिलेश प्रसाद, राजू कुशवाहा, महामंत्री छोटन सिंह के साथ जिला उपाध्यक्ष आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, मंत्री दिलीप सिंह, रमेश वर्मा, राजीव पामदत्त, जिला मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, संतोष शर्मा, प्रवीण सोनू सहित कई लोग मौजूद थे।

### रक्तदान महादान : जीएम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा में शनिवार को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक व बरका-सयाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एचके सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जीएम अजय कुमार सिंह ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहन के रूप में प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस दौरान रक्तदान करने वालों के लिए नास्ता का भी उत्तम प्रबंधन किया गया था।

मौके पर संगिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा सुधा सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा रक्त दान करने वालों के बीच फलों का भी वितरण किया गया। शिविर कोफिमयू नेता पप्पू सिंह सहित दर्जनों सीसीएलकर्मियों व आमजनो ने रक्तदान किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। सबों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। ताकि लोगों को ऑपरेशन व इलाज के समय रक्त की कमी न हो। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। खून की कमी के कारण कई लोग असमय काल के गाल में समां जाते हैं।

# एम्बिशन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



विष्णुगढ। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ मुख्य अतिथि जदयू राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि दुष्यंत कुमार पटेल और विद्यालय निदेशक की माँ मीना देवी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे वर्तमान समाज में फैली हुई कुरीतियों का सामना सरलता पूर्वक किया जा सकता है। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत अभिनय के साथ प्रस्तुत की गया तथा विभिन्न नाटकों के माध्यम से जैसे शिक्षा का महत्व,विद्यालय में सहपाठियों की यादें के माध्यम से लोगो को बहुत अच्छा संदेश दिया गया। इसके अलावा नृत्य, चुटकुला, कविता,रैम्स,कराटे प्रदर्शन आदि का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच का सुंदर संचालन सुशांत कुमार पाठक, निशा कुमारी, ओर ज्योति सोनी के द्वारा किया गया । उपस्थित अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ- साथ शारीरिक शिक्षा,योग शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा, संगीत शिक्षा और नैतिक शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दिया जा रहा है। बताते चले कि इस कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।


### शपथ पत्र

मैं तिलक राज मेवाड़, पिता- स्व. रघुनाथ दास अग्रवाल, नेहरू रोड रामगढ़ कैंट के नाम स जाना जाता रहा हूं एवं मेरे तमाम दस्तावेजों में यही नाम से दर्ज है। दिनांक 25.10.2007 को मैंने नोटरी पब्लिक रामगढ़, जिला रामगढ़ के समक्ष पत्र क्र.सं- 01अअ 042890 भी बनवाया है कि अब मैं तिलक राज मंगलम के नाम से जाना जाऊंगा या पुकारा जाये तथा मेरे दस्तावेजों में जुड़े शब्द 'मेवाड़' के स्थान पर 'मगलम' ही पढ़ा एवं समझा जाये।

### नोटिस

कांस्टेबल राजकुमार यादव ऑइ. टी. वी. पी. रेजिमेंटल नंबर 110280756, पिताः विजय कुमार यादव जिनका निवास स्थान लखैया, पोस्टः बानाहप्पा, जिलाः हजारीबाग 825313 झारखण्ड था। अब उनका वर्तमान स्थायी पता ग्राम+पोस्टः मकरपुर, जिला जहानाबाद पिन 804422 है।

### झारखण्ड सरकार वाणिज्य-कर विभाग

आवश्यक सूचना झारखण्ड के व्यापारियों को बकाया राशि के समाधान का सुनहरा अवसर।
वर्ष 2017-18 तक के मामलों मे सन्निहित पुराने अधिनियमों यथा- Sales Tax, VAT, CST, ED, ENT, HLT आदि के बकाये राशि के समाधान हेतु कर समाधान योजना, 2022 लागू।

कर समाधान योजना के अंतर्गत -
- 90% ब्याज एवं पेनाल्टी की माफी; मात्र 10% का भुगतान।
- अतिरिक्त निर्धारित कर में 60% की माफी; मात्र 40% का भुगतान।
- वैधानिक प्रपत्रों के समर्पण पर शेष कर की राशि के 50% का भुगतान।
- विभिन्न न्यायालयों में लम्बित अपीलीय मामलों से छुटकारा का अवसर।

कर समाधान योजना सीमित अवधि के लिए लागू
- कर समाधान योजना का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल- https://ctax.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।
- प्रत्येक स्थानीय वाणिज्य-कर अंचल में इस योजना हेतु हेल्पडेस्क की सुविधा है।
- अंचल प्रभारी इस योजना हेतु नोडल पदाधिकारी हैं।
- ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर संबंधित साक्ष्यों / कागजातों के साथ हार्डकॉपी अंचल कार्यालय में समर्पित करना है।
- विशेष जानकारी हेतु मुख्यालय स्तर पर कार्यरत हेल्पडेस्क 18003457020 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रधान सचिव
वाणिज्य-कर विभाग

PR 292977 (Commercial Taxes)22-23*D


# रामनवमी सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष बने अजमेरा

**इस वर्ष रामनवमी ऐतिहासिक होगी : महंत विजय नंद दास**



**हजारीबाग।** शहर के बड़ा अखाड़ा परिसर में महंत विजय नंद दास एवं दीपक नाथ सहाय की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें श्री चैत्र रामनवमी सांस्कृतिक सेवा समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष शहर के युवा समाजसेवी एवं चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले हर्ष अजमेरा को मनोनीत किया गया। बजरंग दल के प्रशांत ठाकुर एवं हिंदू संघ के अशोक मेहता ने अपना पूर्ण समर्थन हर्ष अजमेरा के प्रति जताया है उन्होंने कहा कि हम लोग सब मिलकर इस समिति को आगे बढ़ाएंगे और शहर की विश्व विख्यात रामनवमी को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करेंगे। सोमवार 20 तारीख को समिति का विस्तार किया जाएगा हर घर हनुमान चालीसा का वितरण करना सुनिश्चित किया गया है। जिसके पश्चात अजमेरा ने प्रभु श्रीराम के समक्ष आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके पश्चात उपस्थित सभी बड़ों एवं छोटों से आशीष आशीर्वाद एवं बधाई ली। तत्पश्चात बड़ा अखाड़ा परिसर के बाहर पिछले 72 घंटों से भूख हड़ताल पर बैठे राम भक्तों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन राम भक्तों को यह विश्वास दिलाया कि आपकी परिश्रम बेकार नहीं जाएगी। झारखंड के मुखिया को राम भक्तों की बात माननी होगी। जिसके बाद हर्ष अजमेरा के समर्थकों के द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें ढोल नगाड़े के साथ युवाओं की टोली झूमते गाते नजर आई। मौके पर महंत विजय नंद दास ने कहा कि हर कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति देने वाले एक ऐसे युवा को संस्कृतिक सेवा समिति का अध्यक्ष हर्ष को नियुक्त किया गया है। जो लोगों के दिलों में एक अलग पहचान बना रहे हैं। हर्ष अजमेरा ने महंत विजय नंद दास एवं दीपक नाथ सहाय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे युवा को यह कार्यभार देने के लिए आप सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं और यह विश्वास दिलाता हूं कि वर्ष 2023 की रामनवमी ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगी। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सूरज दीक्षित, पीयूष खंडेलवाल, सूरज कुमार, अनीश सिंह हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, सहित सैकड़ों युवाओं की टोली मौजूद थी।


### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,जिला नियोजनालय, लोहरदगा

सीनीय भर्ती कैम्प संबंधी सूचना

दिनांक 23.03.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र (लोहरदगा) के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 8 |
| 1. | Regal Oil Factory,Raida, Lohardaga. | Petrol Pump Manager | 01 | Graduation | 25 above | 2 yrs. | As per work Experience and Qualities. |
| 2. | Medicare Envimmental Mgt. Pvt. Ltd., Raida, Lohardaga | Worker (Genrator) | 01 | 10th Pass | 18 above | -- | 8900/= |
| | | Packer | 01 | 10th Pass | 18 above | -- | 8900/= |
| | | Driver (commercial license) Must | 01 | 10th Pass | 18 above | 3 yrs. | 11000/= |
| 3. | Deo Aastha Honda, Mission chowk, Lohardaga. | Computer operator cum Accountant. | 02 | Graduation | 21 above | -- | 7000/= |
| | | Counselor cum Reception | 01 | 12th Pass | 18 above | -- | 6000/= |
| | | Service Advisor | 02 | Graduation | 18 above | -- | 6000/= |
| 4. | Aastha Enterprises, Kuru, Lohardaga. | Sales Manager | 01 | Graduation | 18 above | 2 yrs | 4000-5000/= |
| | | Service Technician | 01 | ITI | 18 above | 2 yrs | 4000-5000/= |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। कोविड 19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

PR 293032 (Lohardaga)22-23*D

District Employment Officer, Lohardaga.

# चट्टी छत्तीस देवी मंदिर में चैती नवरात्र की तैयारी शुरू

## 1100 कलश यात्रा के साथ निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के चट्टी गांव स्थित मां छत्तीस देवी मंदिर में नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है। मां छत्तीस देवी दुर्गा मंदिर में साफ-सफाई और रंग-रोगन शुरू हो चुका है। 22-30 मार्च तक देवी मंदिरों में मेले सा माहौल रहेगा। इसके अलावा नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर में प्रतिदिन महाआरती होगी। भक्तों की सुविधा के मद्देनजर व्यवस्था दुरुस्त करने का काम भी तेजी से चल रहा है। देवी मंदिर में प्रथम चरण में साफ-सफाई एवं रंग रोगन का काम शुरू हो गया है। नवरात्रि महोत्सव के लिए देवी मंदिरों को फूलों एवं विद्युत झालरों से आकर्षक सजाया जाएगा। मंदिर निमार्ता जगतपाल साहु ने बताया कि इस बार नवरात्र में प्रतिपदा तिथि का क्षय है। नवरात्र में देवी का आह्वान, स्थापना, पूजन सुबह के समय सर्वश्रेष्ठ माना गया है। ऐसे में 22 मार्च को ही नवसंवत्सर की शुरूआत और नवरात्र घट स्थापना अमावस्या युक्त प्रतिपदा में ही करना शास्त्रों के अनुसार माना जाएगा। नवरात्र की शुरूआत चट्टी नदी से 1100 कलश यात्रा के साथ शुरू होगी। कलाश यात्रा छत्तीस देवी मंदिर से शुरू होगी मुख्य पथ होते हुये चट्टी नदी पहुंचेगी जहा प्रयागराज से आये आचार्य द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सभी कलाश को मंदिर मे स्थापित किया जायेगा। इस दौरान शोभा यात्रा मे सुंदर झांकी भी निकली जाएगी। कलश यात्रा के लिए प्रखंड के विभिन्न गांव से भक्त चट्टी पहुंचेंगे। 23 मार्च से सुबह प्रयागराज (इलाहाबाद) उत्तर प्रदेश से आए आचार्य द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना करने के बाद प्रति दिन 30 मार्च तक संध्या मे आरती व रात 7 बजे से 10 बजे तक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रयागराज के संतों द्वारा माता के विभिन्न रूप व महिमा को भक्तो को बताएंगे। 31 मार्च शुक्रवार को विषर्जन किया जायेगा।


नवरात्रि को लेकर सजी मंदिर

# भंडरा में बीमा क्लेम पर किया लोगों को जागरूक


जागरूक करती महिला समूह

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** जेएसएलपीएस भंडरा द्वारा प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम संगठन में हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बीमा दावा जागरूकता अभियान चलाकर बीमा क्लेम की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। योजना धारकों के मृत्यु उपरांत नॉमिनी को बीमा की राशि दावा करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से जेएसएलपीएस के ग्राम संगठन की सखी मंडल के दीदियों द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर में बीपीएम विजय प्रसाद ने बताया गया कि सुरक्षा बीमा व जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रीमियम की राशि 20/436 के माध्यम से बैंक द्वारा की जाती है, जिसमें बीमा धारक की मृत्यु व अपंगता की स्थिति में परिवार को 2 लाख की सहायता राशि बैंक द्वारा दी जाती है। 31 मई से पूर्व सभी लोगों को बीमा नवीनीकरण कि प्रकिया पूरा कर देना है। इस मौके पर भरत राम, हकीमूल अंसारी, अमन मिश्रा, रिना साहू, संगीता कुमारी, फातमा खातून, किरण कुमारी, अनिता देवी, यशोदा व अन्य लोग मौजूद थे।

# सबसे पहले टॉवर चौकआने वाले अखाड़े को किया जायेगा पुरस्कृत: अध्यक्ष

**21 को मंगलवारी, 29 को अष्टमी व 30 को निकाला जाएगा रामनवमी जुलूस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** केन्द्रीय महावीर मंडल की बैठक श्री बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष श्री शशि प्रिया बंटी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा की आगामी 21 मार्च को मंगलवारी जुलूस व 29 मार्च को अष्टमी जुलूस और 30 मार्च को रामनवमी का भव्य जुलूस शहर में निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान सभी अखाड़ों को शांति व्यवस्था और अनुशासन का पालन करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष द्वारा तय समय पर टावर चौक में पहले प्रवेश करने वाले अखाड़े को पुरस्कृत करने की भी घोषणा किया गया। साथ ही सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले झांकी को केंद्रीय कमिटी के सह सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पुरस्कार देने का घोषणा किया गया। जिससे उत्साहित युवकों द्वारा जय जय श्री राम के उदघोष लगाए गये। कमिटी के सचिव श्री राजेश सिंह द्वारा उपस्थित सभी अखाड़ों के प्रमुखों से कहा गया की जिन अखाड़ा को झांकी हेतु ट्रक की आवश्यकता है वो यथाशीघ्र सचिव के नाम आवेदन दें ताकि समय से व्यवस्था की जा सके। बैठक को कमेटी के संरक्षक श्री रमेश कुमार चीनी, श्री निर्मल गोयल और श्री दामोदर कसेरा ने संबोधित किया। सभी पदाधिकारियों ने नवमी के जुलूस में कमेटी और प्रशासन से हरसंभव मदद करने तथा अनुशासन और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया। बैठक मे मुख्य रूप से अरुण केसरी, दुर्गा गुप्ता, संजय वर्मा, कौशलेंद्र जमुआर, अजय सिंह, संदीप प्रसाद, हरजीत सिंह, गुन्नू शर्मा, रूपक साहू, संजीव कुमार, रोहित उरांव, गौरव केसरी, अमित कुमार सिंह, विकास विक्कू व विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद थे।


बैठक को संबोधित करते रमेश कुमार

## एक वर्षो से वाहन विहीन है प्रखंड कार्यालय

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय भंडरा में एक साल से वाहन नहीं है। वाहन नहीं रहने के कारण बीडीओ सहित अन्य कर्मियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वाहन के कमी के कारण जिला मुख्यालय से संबंधित कार्य , प्रखंड क्षेत्र से संबंधित कार्य, सहित विधि व्यवस्था, आवश्यक सेवा भी प्रभावित होता है। लंबे समय से वाहन की कमी से प्रखंड कार्यालय के कर्मी परेशानी झेल रहे हैं परंतु प्रखंड कार्यालय कि इस महत्वपूर्ण समस्या पर पदाधिकारियों का ध्यान नहीं है। विधि व्यवस्था सहित अन्य कार्यों के लिए पदाधिकारी सहित कर्मियों को किसी अन्य वाहन का सहारा लेना पड़ता है ।अभी वर्तमान में बीडीओ द्वारा मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र केंद्रों में पहुंचाने एवं परीक्षा केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को जिला मुख्यालय पहुंचाने क्या कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए हिंडालको कंपनी के माध्यम से एक वाहन उपलब्ध कराया गया है। प्रखंड कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में वाहन की कमी सभी काम को प्रभावित करता है। फिर भी वाहन की कमी की समस्या कब तक बनी रहेगी यह स्पष्ट नहीं है।

# 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सजग हो जाएं: शिव कुमार

## प्रखंड कार्यसमिति की विस्तार को लेकर घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखण्ड कार्यसमिति के विस्तार को लेकर घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को झखरा कुम्बा में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव शामिल हुए। बैठक में पंचायत व बूथ कमेटी को सशक्त बनाने और कमेटी के विस्तार को जल्द पूरा कर जिला में जमा करने की बात कही गई। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत व बूथ कमेटी को सशक्त एवं समृद्ध बनाना है। आप सभी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अब सजग हों जाएं और बेहतर परिणाम के लिए कार्य करें। पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी जाति धर्मों को साथ लेकर चलती है। कांग्रेस गरीबों की पार्टी है। आप पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो गरीब किसान सभी लोगों की आवाज को आगे तक ले जाने में कृतसंकल्पित है। हमें आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से कमर कसने की जरूरत है। आप कार्यकर्ता अपने बूथों में पार्टी के विचारों को बतायें। इसके पूर्व अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अगस्टिन महेश कुजुर ,कृष्णा कुमार लोहरा, अशोक उराव, आदित्य भगत, दिलबहार अंसारी, शहजाद खान, पल्लव कुजुर, अमित साहू, नसीम अंसारी, सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।


बैठक में शामिल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष व अन्य

# भाजपा का चल रहा है बूथ सशक्तिकरण अभियान: बबन

## समीक्षा को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला के तीनों विधानसभा में चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान सह राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर शनिवार को जिला भाजपा की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी की अध्यक्षता में पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वाईट में हुई। सर्वप्रथम आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर व सामुहिक वन्दे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा पूरे देश में 2024 को ध्यान में रखकर भाजपा के संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ सशक्तिकरण अभियान चल रहा है। गुमला जिला में 981 बूथ को सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। हर शक्ति केंद्र में प्रभारी प्रवास कर विस्तारकों की सूची सुनिश्चित करें। जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा जिले में बूथ सशक्तिकरण अभियान तेजी से चल रहा है। तीनों विधानसभा में कार्यशाला आयोजित कर कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया गया है। बूथ ही भाजपा का प्रथम इकाई एवं अंतिम ईकाई दोनों है। बूथ को मजबूत करना ही भाजपा का लक्ष्य है। आगामी अप्रैल माह में मन की बात का 100 वां एपिसोड ऐतिहासिक बनाने में कार्यकर्ता अपनी महती भूमिका अदा करें। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल, वरिष्ठ नेता दामोदर कसेरा ने भी संबोधित कर संगठन हित की बातों को साझा किया और संगठन को मजबूत करने के लिय आवश्यक निर्देश दिये। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनुपचंद अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, विनोद कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण बाड़ा, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल ,चितरंजन मिश्रा, दिनेश्वर प्रसाद, विजय शंकर दास, सुजीत नंदा,शैल मिश्रा,शंभू सिंह, अरविन्द मिश्रा, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, खुशमंन नायक, नेसार खान, प्रदीप प्रसाद, सागर उरांव, शकुंतला उराव, कोसलेन्द्र जमुआर, गोपाल निधि, संजय साहू, विकास श्रीवास्तव आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सर्वधर्म सदभावना मंच के कार्यकारी अध्यक्ष के पत्नी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**गुमला।** सर्वधर्म सदभावना मंच के द्वारा मंच के कार्यकारी अध्यक्ष एमएमपी श्रीवास्तव की पत्नी बिंदु श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं शोक सभा में शामिल सदस्यों ने सरहुल व रामनवमी त्योहार के मौके पर मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सर्वसम्मति से स्थगित किया गया है। शो सभा में मंच के अध्यक्ष फादर खीस्तोफर लकड़ा, मुरली मनोहर प्रसाद, रंजीत सिंह, अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, अरुण केशरी, खालिद शाह, ली ठुंचू, बी एन पांडे, रविंद्र सिंह, सेत कुमार एक्का, अमर कुजुर, रॉबर्ट टोप्पो, अरुण टोप्पो, राजू शाह, फिरोज आलम, चंदन मिंज आदि शामिल थे।

# पीएम आवास को लेकर डीसी ने की बैठक


अधिकारियो के साथ बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वर्ष 2022-23, 2021-22 और वर्ष 2021 से पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में प्राप्त लक्ष्य, लक्ष्य के विरूद्ध पूर्ण आवास व लंबित आवास, किश्त राशि का भुगतान आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में मार्च व अप्रैल माह में निर्धारित संख्या में आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। जिन लाभुकों के बैंक खाता का सत्यापन नहीं हुआ है एक दिन में कर लें। साथ ही, निर्देश दिया गया कि जो लाभुक आवास बनाने हेतु योजना की राशि प्राप्त कर चुके हैं और अब तक पूर्ण नहीं किये हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास जिला समन्वयक केके गुप्ता, सभी प्रखण्डों के कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित थे।

## भारतीय नव वर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में हाथ नोवल शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । भारतीय नव वर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय में शशि कच्छप ने प्रथम स्थान, रितेश मुंडा ने द्वितीय स्थान और बबली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वही कला संकाय में अल्फा कुजूर, मधु श्वेता कुजुर और नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट करके पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में सुषमा अभिषेक लकड़ा, अमित उरांव, रोशन उरांव, सुहानी टोप्पो, निशा उरांव, अजीत उरांव आदि छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# डेढ़ साल से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं बेंदोरा के ग्रामीण

## मिशन बदलाव सदस्यों ने विभाग के अधिकार को ज्ञापन सौंपकर बिजली आपूर्ति सुचारू करने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा गांव में डेढ साल से बिजली आपूर्ति बाधित है। जिसे क्षेत्र के ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश है। डेढ़ साल से बेंदोरा गांव का ट्रांसफार्मर खराब है और विभाग को कई बार ग्रामीणों के द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद भी बिजली की स्थिति में सुधार नहीं की गई। शनिवार को मिशन बदलाव के सैयदा खातुन, नगर सचिव बिनय गोप, ज्योति कुमारी वर्मा, ज्योति ग्लोरिया कुजूर, और चंद्रकला टोप्पो के नेतृत्व में विद्युत विभाग के पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बेदोंरा गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। इधर बिजली नहीं रहने के कारण बेंदोरा गांव के बच्चों का पढ़ाई लिखाई का कार्य बाधित है। बच्चे ढ़िबरी की रोशनी में किसी तरह मैट्रिक व इंटर की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं जबकि ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मौके पर उन्हें सस्ता किरासन तेल भी नहीं मिल पा रहा है। मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि बेंदोरा गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी थी। जिसको लेकर टीम के सदस्य विभाग के अधिकारी से मिलकर समस्या समाधान की अपील की।


ज्ञापन सौंपते मिशन बदलाव के सदस्य

## एक नजर में

### जंगली हाथियों ने किया प्रवेश, वन विभाग ने बांटे टॉर्च व पटाखे

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के हहरी गांव में जंगली हाथियों के प्रवेश से ग्रामीण भयभीत हैं और रतजगा करने को विवश हैं। इधर गांव में हाथियों के प्रवेश करने की सूचना पर डीएफओ अहमद बेलाल के निर्देश पर हाथियों को भगाने के लिए फोरेस्टर शेखर सिंह के द्वारा ग्रामीणों के बीच टोर्च और पटाखों का वितरण किया गया। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि फोरेस्टर के द्वारा टार्च प्रदान नहीं किया गया और केवल पांच डब्बा पटाखा ही ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया है। फोरेस्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी हाल में हाथियों के साथ छेड़छाड़ न करें। छेडछाड़ करने पर हाथी ग्रामीणों को जानमाल का नुकसान पहुंचा सकता है। जिले में हाथी लगातार इधर सें उधर घूम रहे हैं और मकानों व खाद्य समान को क्षति पहुंचा रहे हैं। हालांकि वन विभाग काफी तेजी से ग्रामीणों को मदद भी पहुंचा रहा है। हाल के दिनों में घाघरा में जंगली हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था और फसलों को नुकसान पहुंचाया था। साथ ही एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला था। जिसे हाथियों के गांवों में प्रवेश करते ही ग्रामीण सजग हो उठते हैं।

### कुंआ में गिरकर बच्ची हुई घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के डुको सिकवार गांव में शनिवार की सुबह कुआं में गिर कर पूजा कुमारी नामक बच्ची घायल हो गई। जिसे आनन-फानन में 108 एंबुलेंस के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों ने गुमला रेफर कर दिया। घटना के बाबत घायल का भाई चंद्रेश उरांव ने बताया कि दिन के 7:30 बजे उसकी बहन घर से कुछ दूरी पर स्थित कुआं में पानी भरने के लिए गई थी। इसी क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह कुआं में जा गिरी। जिसके बाद अगल बगल खड़ी महिलाओं के शेर मचाने पर ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुंआ से बाहर निकाला गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भंडरा सेमरा जाने वाली मुख्य सड़क में विगत देर शाम ट्रैक्टर और अपाची बाइक में बेजोड़ टक्कर की घटना में बाइक चालक धानामुन्जी निवासी स्व चैतू लोहरा के 25 वर्षीय पुत्र छोटू लोहरा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर बलसोता स्थित सोना भट्ठा में चलता है मौका देख ट्रैक्टर को भगा दिया गया।

### डिजिटल लिटरेसी समय की मांग : प्रधानाचार्य

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में सीबीएसइ के तत्वावधान में शनिवार को सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय फाइनेंशियल लिटरेसी एंड यूज आफ डिजिटल टूल्स था। स्कूल के प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल लिटरेसी समय की मांग है। मास्टर ट्रेनर सत्यानंद राय ने डिजिटल पेमेंट, उसकी उपयोगिता, लाइफ इंस्युरेंस, हेल्थ इंस्युरेंस, एनपीएस की जानकारी दी। सेबी की सोनल कुमारी सिन्हा ने फाइनेंशियल मैनेजमेंट और लाइफ स्टेज प्लानिंग की जानकारी दी। सेबी के जितेश कुमार ने सेंसिटिविटी इंडेक्स अर्थात सेंसेक्स की जानकारी दी। सेमिनार में शहर के विविध सीबीएसइ विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुई।

### जिला परिषद की बैठक 21 को

**लोहरदगा।** जिला परिषद् कार्यालय स्थित सभाकक्ष में जिला परिषद् की बैठक 21 मार्च को अध्यक्ष, जिला परिषद, लोहरदगा की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उक्त जानकारी जिला परिषद कार्यालय की ओर से दी गई।

### डीसी ने की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सभी बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से संबंधित बैंकों में प्राप्त, निष्पादित व लंबित आवदनों की समीक्षा बैंकवार की गई। साथ ही, जिन बैंकों की उपलब्धि लगातार खराब रह रही है उनके स्टेट हेड को कार्रवाई हेतु पत्राचार किये जाने का निर्देश अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया गया। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक के प्रभार में आलोक कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, संबंधित बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

### बाईक के धक्के से साइकिल सवार वृद्ध घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप साइकिल सवार वृद्ध 70 वर्षीय रातू उरांव को बाइक सवार ने पीछे से धक्का मार दिया। जिसे साइकिल सवार वृद्ध को सर व हाथ में गंभीर चोट लगी। वहीं बाइक सवार को हल्की चोट आई। वहीं स्थानीय लोगों व बाइक सवार की मदद से वृद्ध व्यक्ति को गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार धनगांव गाजाटोली निवासी 70 वर्षीय रातू उरांव अपने घर से साइकिल में सवार होकर गुमला मजदूरी का काम करने के लिए आ रहा था। उसी दरम्यिान कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप बाइक सवार ने पीछे से धक्का मार दिया।

### परीक्षा के दौरान कोरोना गाईड लाइन के पालन की मांग

**गुमला।** कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के मद्देनजर कोरोना गाईडलाइन का पालन कराने का अनुरोध प्रशासन से की है। हेमावती का कहना है कि अभी भी कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान अप्रत्याशित भीड़ केंद्रों में उमड़ रही है। वहीं कदाचार रोकने और बिजली-पानी जैसी व्यवस्थाएं मुस्तैद है। किंतु कोरोना से बचने के कोई उपाए नहीं किए गए है। न मास्क व सेनेटाईजर और न सामाजिक दूरी का पालन जैसे आवश्यक व्यवस्थाओं पर केंद्रित किया गया है। इससे यदि कोरोना का संक्रमण बढ़ा, तो बड़ी संख्या में लोग संक्रमित होंगे। इसलिए प्रशासन इस मामले में गंभीरता दिखाएं।

### जिला के सभी प्रखंडों में आज विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष संजय कुमार चंधरियावी ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन जिला के सभी 12 प्रखंडों में 19 मार्च को किया जायेगा। शिविर के माध्यम से गरीबों के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून का सहारा सबको मिलना चाहिए। खास करके जरूरतमंद को। डालसा के द्वारा निःशुल्क मदद पहुंचाने का कार्य किया जाता है। जरूरतमंदों को आवेदन लिखवाने से लेकर फॉलोअप तक किया जाता है। कानून के दायरे में रह कर जो भी सुविधा दिया जाना चाहिए वो दिया जा रहा है। इसके लिये सशक्तिकरण शिविर सभी प्रखंडों में लगाया जा रहा है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों के लोगों को अपने प्रखंड से जिला मुख्यालय में आने में परेशानी होती है।

### महिला ने की छेडछाड़ व मारपीट की शिकायत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के एक विवाहिता महिला ने अपने साथ छेड़छाड व मारपीट किये जाने को लेकर गुमला थाना में कसीरा निवासी सुना खड़िया के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वो रात को अपने घर से मरदा जाने के लिये निकली थी। उसी दौरान आरोपी रास्ते में उसे छेक कर पकड़ लिया। जिसके बाद वो उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिसका विरोध करने पर आरोपी उस महिला के साथ अश्लील हरकत करते हुए जमीन पर पटक दिया।

# रामनवमी के दौरान डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध सीसीटीवी और ड्रोन से होगी जुलूस की निगरानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना परिसर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने की। मौके पर बीडीओ गणेश रजक, सीओ भागीरथ महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पूजा समिती व अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों, अखाड़ों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से रामनवमी पूजा के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करने की अपील की। साथ ही आपसी सौहार्द के साथ पूजा व पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ ने पूजा समितियों को सदस्यों के नाम, पता व मोबाईल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा झांकी में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार जुलूस के दौरान डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इतना ही नहीं जुलूस में अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगा। मौके पर उपस्थित प्रबुद्धजनों, पूजा समितियों और अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भी पूजा के दौरान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की अपील की। जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी और ड्रोन से जुलूस की नियमित निगरानी करने, कंट्रोल रूम से सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों के साथ-साथ अपराधियों की सर्विलांस टीम द्वारा निगहबानी कराने, शहर और समाज को अशांत करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों और अपराधियों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज करने के अलावे सभी पूजा समितियों और अखाड़ों को जुलूस पूर्व लाइसेंस निर्गत करने का निर्णय लिया। साथ ही अधिकारियों ने विभिन्न अखाड़ों और पूजा समितियों को अपने-अपने जुलूस में वॉलिंटियर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि जुलूस के दौरान रूट मैपिंग के आधार पर चप्पे-चप्पे पर सादे लिबास में पुलिस के जवान और दंडाधिकारी भी तैनात रहेंगे। ताकि समय रहते असामाजिक तत्वों और अपराधियों की गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में सभी वार्ड पार्षद, मुखिया, अखाड़ों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व शहर के बुद्धिजीवी उपस्थित थे।



## रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** सिंदूरिया पंचायत अंतर्गत टाउनशिप बस स्टैंड हनुमान मंदिर एवं रेलवे कॉलोनी हनुमान मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में ध्रुव नारायण दुबे की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में रामनवमी पूजा के आयोजन पर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। रामनवमी जुलूस के भव्य आयोजन व सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से कमेटी गठित की गई।

## रामनवमी पूजा समिति कमेटी का गठन जहावर बने अध्यक्ष अशोक बने सचिव

**सिमरिया।** ज्योति युवा क्लब सबानो की बैठक सबानो मोड़ के पास हुई। बैठक की अध्यक्षता गोपाल राणा ने की। बैठक में रामनवमी पूजा भक्ति भाव से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा पर हर वर्ष की भांति झंडा जुलूस और आकर्षक झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। पूजा को सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में सर्वसम्मति से जवाहर यादव का अध्यक्ष अशोक कुमार को सचिव रामदेव यादव मंटू कुमार और अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष बनाया गया। चिंतामणि राणा, अनिल राम, उज्जवल कुमार, उमेश राणा, राहुल राणा को उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव को सह सचिव बनाया और राहुल कुमार को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी में गांव के सभी अभिभावकों और पूर्व पूजा कमेटी के गोपाल राणा, विकास कुमार राणा, चंदन कुमार, संजय राणा समेत कई लोगों को संरक्षक बनाया गया। मौके पर कोमल साहू,कौशल कुंदन, प्रमोद राणा, मिथलेश कुमार राहुल कुमार,राकेश कुमार,देवेंद्र कुमार, आकाश कुमार राणा,सुमित कुमार, जागेश्वर ठाकुर, कोमल राणा, आकाश राणा, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित, लिये गये कई निर्णय

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जिसमें मंदिर के प्रांगण में फूल से सजावट करने, नवाह्न परायण पाठ कराने, गुलहरीबांध से मुख्य सड़क होते हुए भगत सिंह चौक व बाजार में महावीरी झंडा लगाने, रामनवमी के अंतिम दिन महाभंडारा का आयोजन कराने तथा शोभा यात्रा निकालने का निर्णय किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प की बैठक आयोजित



बैठक करते सांसद, डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प गढ़वा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम समेत अन्य जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने एवं संचालित योजनाओं में तेजी लाने पर विचार विमर्श किया गया। जिससे आने वाले समय में जिलावासियों को पेयजल से संबंधित समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस बाबत जिले में खराब पड़े चापाकल की मरम्मती का निर्देश दिया गया। बैठक में सांसद श्री राम ने जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में चापाकल की मरम्मत के लिए एक गैंग रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में पेयजल के लिए प्रत्येक वार्ड के अनुसार एक-एक टैंकर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने की बात कही।

## दीप यज्ञ का आयोजन

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ स्थित आमर पश्चिम टोला पर अशोक विश्वकर्मा के आवास पर दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में अशोक विश्वकर्मा व उनकी पत्नी जयश्री देवी ने माता गायत्री एवं गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य की पूजा अर्चना की। जबकि गायत्री परिवार के जिला ट्रस्टी सह टोली नायक अच्युतानंद तिवारी एवं रामरेखा प्रजापति ने कर्मकांड संपन्न कराया। इस संबंध में टोली नायक श्री तिवारी ने बताया कि चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर माता गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में आयोजित 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ के सफलता पूर्वक पूरा होने के उपलक्ष में यह पहला दीप यज्ञ किया गया है। श्री तिवारी ने कहा कि गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य के युग परिवर्तन अभियान को क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## उधमिता विकास कार्यक्रम के 37 प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर नगर पंचायत कोडरमा के दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार घटक के तहत 37 लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 37 प्रशिक्षुओं को 6 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था, शनिवार को प्रशिक्षण सम्पन्न होने पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर प्रशासक श्री जैसल ने कहा कि आप सबों को स्वरोजगार से सम्बंधित सभी प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया है, उम्मीद करते हैं कि आपके व्यवसाय में यह प्रशिक्षण काफी सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने बताया की क्षेत्र के 37 लाभुकों को व्यक्तिगत ऋण स्वीति एवं स्वयं सहायता समूह के स्वीत बैंक ऋण में से प्रत्येक समहू के तीन सदस्यों को उधमिता विकास कार्यक्रम से सम्बंधित छह दिवसीय प्रशिक्षण सरकार द्वारा चयनित संस्था से दिया गया, उन्होंने बताया कि डे एनयूएलएम शहरी गरीबी उन्मूलन की एक महत्वपूर्ण योजना है, इसके तहत राज्य सरकार द्वारा उधमिता विकास के लिए शहरी गरीबों को काफी कम ब्याज दर में स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

मौके पर नगर मिशन प्रबन्धक संजीत कुमार साहू, प्रशिक्षक सुजीत कुमार नायक, रश्मि सिन्हा, प्रीति देवी, रेणु देवी, नीलम देवी आदि मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा घटिका जैन को राज्य भर में मिला पहला स्थान

**कोडरमा।** जी टीवी द्वारा आयोजित जी माइंड वार नेशनल प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा घटिका जैन को राज्य भर में पहला स्थान मिला है। इस नेशनल प्रतियोगिता में देश भर के टप 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया। वहीं घटिका जैन को जी टीवी के द्वारा अमेजन पर गिफ्ट वाउचर दिया गया है। दूसरी ओर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसके पहले भी जी टीवी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छात्र अंशु कुमार को अवार्ड मिला था। जबकि साइंस ओलम्पियाड में 12 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बीडीओ की कार्यशैली से प्रमुख और अन्य जनप्रतिनिधि नाखुश



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रमुख कार्यालय में शनिवार को प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख राजनरायण सिंह, 20 सूत्रीय अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, उपाध्यक्ष मिसबाह उद्दीन, मुखिया संघ के अध्यक्ष गणपत यादव, राजकुमार यादव, इरफान अंसारी, फैजुल्लाह खान, बलराम यादव, अशोक सिंह, तस्सवर खान, शिवशंकर बर्णवाल, सरफराज खान, मेराज खान सहित अन्य मुखिया एवं पंसस उपस्थित रहे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख अंजू देवी ने कहा कि बीडीओ के द्वारा बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख एवं पंसस को नहीं बुलाया जाता है। बीडीओ के द्वारा बिना प्रमुख के हस्ताक्षर के राशि भुगतान कर दिया जाता है। बीडीओ कार्यलाय में एसी है, मगर प्रमुख कार्यालय में एसी नहीं लगाया गया।

## ग्रामीणों ने किया विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण

**रमना।** प्रखंड के सिलिदाग पंचायत अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-2 के बच्चों को अव्यवस्थित भवन निर्माण, जर्ज़र एवं अधूरे भवनों के कारण शिक्षा व्यवस्था में घोर कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा विद्यालय के जमीन को भी अतिक्रमण कर लिया गया है और अतिक्रमण लगातार जारी हैं। इस सम्बंध में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अंचलाधिकारी को सूचित किया गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए विद्यालय भूमि अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था, लेकिन अभी तक विद्यालय भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ। इसकी जांच कर मुखिया अनीता देवी ने इसकी सूचना एवं ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन को अंचलाधिकारी को दी।

## बैंक ऑफ इंडिया ने किया शाखा अदालत का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बैंक अफ इंडिया बासोडीह शाखा एवं सतगावां शाखा द्वारा शनिवार को शाखा अदालत का आयोजन किया गया। वहीं बैंक अफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा मुख्य रूप से मौजूद रहे। शाखा अदालत में केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण या अन्य ऋण के खाते जो एनपीए हो गया है, उनका निपटारा किया गया। शाखा अदालत में वैसे लोगों का ऋण सेटलमेंट किया गया जो किसी कारणवश बैंक से लिया गया ऋण नहीं चुका पाए, उनका एक मुश्त पैसा लेकर सेटल किया गया। शाखा अदालत के माध्यम से कुल 125 खातों का निपटारा किया गया।

## विवादित जमीन पर हरे पेड़ों को काटे जाने को लेकर गांव में तनाव उत्पन्न

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भुड़वा गांव स्थित एक विवादित जमीन पर हरे पेड़ों को काटे जाने को लेकर शनिवार की सुबह गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। जमीन पर दोनों समुदायों के लोग दावा करते रहे हैं। दफा 87 के तहत इसका मुकदमा अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में चल रहा है। कांडी थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत भुड़वा गांव स्थित गढ़ पर की जमीन के नाम से विख्यात एक विवादित भूखंड पर लगे पांच हरे पेड़ों को एक पक्ष के द्वारा काटे जाने को लेकर दूसरे पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए। तत्काल इसकी सूचना कांडी अंचल पदाधिकारी अजय कुमार दास को दी गई। उन्होंने कांडी थाना को सूचना दी। थाना के द्वारा लोकल चौकीदार से मामले की जानकारी मांगी गई।

## डीसी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों पर किये जा रहे कार्यों की प्रगति एवं उसमें आ रहे रुकावटों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स से बैठक की शुरूआत करते हुए उपायुक्त ने जिला में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े आंकड़ो की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जितने भी ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किये गए हैं वहाँ सुरक्षा बढ़ाने हेतु सभी जरूरी कदम उठाये जाएं जिससे की वहाँ हो रही दुर्घटनाओं में कमी आये। उन्होंने मार्ग चौड़ीकरण, झाड़ी सफाई, साइनेज, स्पीड लिमिटर, तीखे मोड़ पर लगाए जाने वाले कॉन्वेक्स मिरर आदि जैसे सड़क सुरक्षा उपायों की बात करते हुए कहा कि इनका उपयोग तत्वरित रूप से किया जाए ताकि सड़क सुरक्षा में और सुधार आ सके। बैठक में उपायुक्त ने रोड रिफ्लेक्टर, जेबरा क्रोसिंग, व्हाइट मार्किंग आदि लगाने का निर्देश जो पिछले बैठक में दिया गया था उसके प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि समाहरणालय सहित जिला के जितने भी आलाधिकारी हैं उनके आवासों के समीप स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए। आगे उन्होंने शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर ऑटो चालक संघ को जरूरी दिशा निर्देश दिया जिससे कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए ताकि आमजनों को आवागमन में दिक्कत न होने पाए। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान कुछ मामलों में उपायुक्त ने रैयतों से बात कर मुआवजा समेत अन्य प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने जमीन मुआवजा राशि एवं अब तक किए भुगतान की पूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक लिया। गहन समीक्षा उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय रखते हुए समस्याओं का ससमय समाधान करने को कहा गया। जिससे कि प्रोजेक्ट का संचालन सरलता पूर्वक हो सके। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं अन्य से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कारा सुरक्षा की समीक्षा में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य किये जा रहे सम्बंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उक्त बैठक में पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदार राम,संबंधित अंचल अधिकारी, सभी परियोजनाओं के संबंधित समेत अन्य उपस्थित थे।

## युवा मित्र मंडली ने होली मिलन कर दिया एकता का संदेश

**गढ़वा।** युवा मित्र मंडली गढ़वा ने शहर के एसएनसी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन कर समाज में एकता का बड़ा सन्देश दिया है। अतिथियों ने इस कार्यक्रम को खूब सराहा एवं इतने खूबसूरत आयोजन के लिए युवा मित्र मंडल के अध्यक्ष धनंजय कुमार गोंड उर्फ डबल जी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर धनंजय गोंड उर्फ डबल जी ने कहा कि युवा मित्र मंडली के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह सभी के लिए है। यह आयोजन किसी खास जाति एवं वर्ग का नहीं है। बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज का है। उनका प्रयास है कि समस्त लोग एक साथ मिलकर होली के बहाने अपने सभी तरह के कटुता, वैमनस्य एवं भेदभाव को मिटा दें।

## एक नजर में

### ढाई किलोमीटर की क्रॉस कंट्री का आयोजन

**टंडवा।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एशोसिएशन झारखंड द्वारा क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया। यह आयोजन शनिवार को पुर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड द्वारा 2.5 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस तरह का आयोजन से स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने साथ ही युवाओं मे देश भक्ति की भावना भरने के लिए किया गया ।यह दौड़ वनांचल कॉलेज से डीएवी स्कूल,थाना होते हुए नीम चौक बाजार टाड़,बैंक ऑफ इंडिया होते हुए अंबेडकर चौक हाई स्कूल ग्राउंड में समाप्त समापन किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा मारुतिनंदन महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को गाडीलौंग भैंस बैथान समीप नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश यादव व संचालन महेंद्र यादव ने किया। बैठक में आगामी एक मई से तीन मई तक नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा मारुति नंदन महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर समिति का गठन किया गया।

### 1.5 किलो गीला अफीम और 10 किलो डोडा बरामद, तस्कर फरार

**चतरा।** पुलिस ने चिलोई गांव से 1.5 किलो गिला अफीम और 10 किलो डोडा बरामद किया है। हालांकि तस्कर जंगल–झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने फरार दो तस्करों की पहचान कर ली है। फरार तस्करों की पहचान मोहित भारती और प्रदीप यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुंदा थाना अंतर्गत चिलोई निवासी मोहित भारती पिता स्वर्गीय कारु भारती के घर में गिला अफीम व अफीम का डोडा खरीद बिक्री के उद्देश्य से रखा गया है। साथ ही एक व्यापारी को बेचने वाला है।

### एक दिवसीय जलसा व दस्तारबंदी सम्पन्न

**सिमरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत लोहसिंगना गाँव में एक दिवसीय जलसा व दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र के हजारों पुरुष महिला शामिल थे। सम्मेलन में अन्तर्राजिय महशूर धर्म वक्ता हजरत वेबाक,मुफ़्ती इमरान गंगुही, हदीस के जानकार प्रोफेसर साहिब कासमी व दारुल उलूम वक्फ के नायब मुफ़्ती, हजरत मौलाना मुफ़्ती मुस्तकीम कासमी,मौलाना मुफ़्ती इदरिस, मौलाना मुफ़्ती मन्नान मुंबई, मौलाना मुहम्मद साहिब कासमी, सबान दिलखैरा वादी यूपी, फारूक दिलकश मऊ के अलावे हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत अरबी ,उर्दू जुबान के धर्म ज्ञाता एवं क्षेत्र के सैकड़ों आलिम ओलमा शामिल थे।

### उपायुक्त ने जे जे कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन शनिवार को जेजे कलेज का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कॉलेज परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, इंफ्रास्ट्रक्चर, कक्षाएं, कम्प्यूटर वर्ग आदि का जायजा लिया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीसी श्री रंजन ने कॉलेज के प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि कॉलेज परिसर में छात्र छात्राओं के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, साथ ही शिक्षण व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करें, ताकि यहां अध्ययनरत छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण के बाद एक बेहतर कैरियर का निर्माण कर सके, इसके बाद उपायुक्त ने कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन आडिटोरियम का निरीक्षण कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही कॉलेज परिसर के पीछे स्थित गांव कानूनगोबिघा को कॉलेज की ओर से आवागमन के लिए 20 फिट रास्ता चिन्हित किया गया।

### मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

**कोडरमा।** जिले में मंगलवार से शुरू हुए मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शनिवार को पांचवें दिन भी शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा को सम्पन्न करवाने के लिए सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा वयस्था का प्रबंध किया गया है। शनिवार को सम्पन्न हुए परीक्षा में 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, मैट्रिक की परीक्षा में कुल 719 परीक्षार्थियों में से 711 उपस्थित जबकि 8 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर की परीक्षा में कुल 1650 में से 1632 उपस्थित हुए जबकि 18 अनुपस्थित रहे।

### महुआ शराब की भट्ठी को किया ध्वस्त

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीबागी स्थित जंगल में शनिवार को अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। जिसमें करीब 31 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने के उपकरण व कई भट्ठियों को नष्ट किया गया।

### हटिया पटना एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक गंभीर

**कोडरमा।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान 26 वर्षीय रामनाथ झा पिता गणेशा झा बिहार सीतामढ़ी निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने परिवार समेत झुमरीतिलैया अपने रिश्तेदार के घर से हटिया पटना सुपर एक्सप्रेस से वापस सीतामढ़ी लौट रहा था। इसी बीच कुछ सामान लेने स्टेशन के बाहर गया, जहां कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दिया। वह दौड़ते हुए स्टेशन पर आकर ट्रेन पर सवार हो गया और फिर ट्रेन खुल गई। इसी दौरान मारपीट कर रहे लोगों में से किसी ने रामनाथ झा को ट्रेन से नीचे धक्का दे दिया, जिसमें वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घाायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।

### पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारो में शनिवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चला कर दो भट्ठियों को घ्वस्त एवं पांच क्विंटल जावा महुआ व शराब बनने वाले उपकरण को भी नष्ट किया गया। मौके पर एसआई अमित कुमार समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### बोल्डर लदा हाईवा जप्त

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो एवं परसाबाद से अवैध बोल्डर लदे दो हाईवा को जयनगर पुलिस ने शुक्रवार की रात बिना चालान के चल रहे हाईवा को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेज दिया गया।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटैया जंगल दुधपनिया नाला के समीप थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में संचालित अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जहां से भट्ठी के संचालक फरार हो गये। वहीं पांच क्विंटल जावा महुआ साथ शराब बनाने वाले दो भट्ठी एवं उपकरण को ध्वस्त किया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब भट्ठी के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी के दौरान पुलिस जवान संत कुमार पांडेय, रामजीत मुंडा एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बूथ कमिटी का हुआ गठन

**हेरहंज।** हेरहंज मंडल के सेरनदाग, सलैया, तासु, हेरहंज, पंचायत में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में बूथ कमिटी का गठन किया गया एवं सरल एप की जानकारी दी गयी। बुथ सशक्तिकरण अभियान 10 मार्च से 20 मार्च तक पूरा प्रदेश में चल रहा है। हेरहंज मंडल में भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति पदाधिकारी सह मंडल के बुथ विस्तारक प्रभारी अवधेश सिंह चेरो की निगरानी में बुथ कमिटि का गठन सभी बूथों पर किया जा रहा है। शनिवार के कार्यक्रम में जिला मंत्री संतोष यादव, बुथ विस्तारक कैलाश कुमार ठाकुर एवं श्यामलाल गोस्वामी, विजय गुप्ता, कमलेश यादव, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, कन्हाई साहु, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, गुड्डू वर्मा, अशोक गुप्ता, भाजयुमो उपाध्यक्ष जीतेश यादव, अनिल उरांव, परमेश्वर विश्वकर्मा, सकेश्वर राम, उपेन्द्र यादव उपस्थित रहे। सशक्तिकरण अभियान में बूथ स्तर के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सदर बीएलओ की हुई बैठक

**लातेहार।** सदर प्रखंड लातेहार के सभी 132 बीएलओ एवं 14 पर्यवेक्षकों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हाल में किया गया। सभी बीएलओ को फॉर्म गरुडा के माध्यम से भरने रजिस्टर फॉर्म छः बी को वापस करने आदिम जनजाति का वोटर कार्ड बनाने, दोहराव मतदाता का नाम हटाने, खराब इमेज वाले मतदाता का नया रंगीन फोटो लेकर इंट्री करने आदि के बारे में बताया गया। साथ ही निर्वाचन के कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर ऑपरेटर अरुण कुमार, पर्यवेक्षक अतुल कुमार, सोपान सिंह, मदन सिंह, फदीनांद लकड़ा, पवन यादव, रंथू उरांव, इकबाल अंसारी, संगीता कुमारी, रेणु देवी, सुनीता देवी, कालिंदी कुमारी, कुंती कुमारी, ज्ञान प्रभा मिंज, मीना देवी, गायत्री देवी, रवि कुमार, शुशील तिवारी, ऋचा कुमारी, विनिल कुजुर, अमरेंद्र प्रजापति, प्रकाश सिंह बलराम कुमार, मीरा गुप्ता, सावित्री देवी, मनोरमा देवी, सविता देवी, निरंजन कुमार, निर्मल यादव, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

### 15 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**लातेहार।** उच्च न्यायालय रांची के निर्देशानुसार एवं झालसा रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा 13 मार्च से 19 तक आयोजित पॉच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव डीएलएसए लातेहार ने बताया कि हर तीन महीने के अंतराल पर पारिवारिक मामलों, तलाक, घरेलू प्रताड़ना आदि से संबंधित मामलों के सुगम तरीके से निष्पादन हेतु मध्यस्थता का विशेष अभियान आयोजित किया जाता है जिससे कि पक्षकारों को सहूलियत हो। इस विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 13 मामलों में मध्यस्थता हेतु विभिन्न न्यायालयों द्वारा भेजा गया जिसमें से कुल 04 मामलों में मध्यस्थता सफल रही जो इस न्यायमण्डल की भौगोलिक बनावट को देखते हुए काफी संतोषप्रद है। इस अवसर पर अधिवक्ता सह प्रशिक्षित मध्यस्थकर्ता पंकज कुमार, संजय कुमार, लाल अरविन्द नाथ शाहदेव, प्रदीप नाथ शाहदेव एवं विशेषज्ञ लाल जन्मेजय नाथ शाहदेव सहित अन्य अधिवक्ता एवं पक्षकार भी मौजुद थे।

### बस-कार की टक्कर में चार घायल

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा–कुडू सीमाने पर चंदवा थाना क्षेत्र के सेन्हा के समीप शनिवार की शाम अज्ञात बस ने कार को चपेट में ले लिया। बस के चपेट में आने से कार सवार चार लोग ईशा कुमारी, सविता देवी, एहसान अंसारी व आफत अंसारी सभी कल्याण पुर गढ़वा घायल हो गए। स्थानीय लोगों व चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की मदद से सभी चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार चारो घायल गढ़वा से रांची कार से जा रहे थी, इसी क्रम में अज्ञात बस ने कार कल टक्कर मार दी।

### भाजपा ने चलाया सशक्तिकरण अभियान

**गारू।** प्रखंड के करवाई पंचायत अंतर्गत दो बूथ करवाई 222 एवं कुई 220 पर बूथ निर्माण को लेकर बैठक हुई संपन्न। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित गारू प्रखंड के प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि आज देश प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है मोदी जी ने कोरोना काल के समय भारत वासियों को ही नहीं बल्कि कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर करोना जैसे महामारी से बचाया समेत कई बातें बताई गई। मनिका विधानसभा गारू मंडल बूथ संख्या 220 एवं 222 में सर्वसम्मति से करवाई में शंकर दयाल सिंह वही कुई में रमेश सिंह को अध्यक्ष बनाया गया तथा पन्ना प्रमुखों की संगठन ऐप पर एंट्री की गई मौके पर करवाई पंचायत के मुखिया सुनेश्वर सिंह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष दूधेश्वर सिंह भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार कश्यप सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश प्रसाद एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगल उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

### महिला ने मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन जांच, में जुटी पुलिस

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के शेरगड़ा ग्राम में एक महिला ने अपने और अपने पुत्र के साथ ग्रामीणों द्वारा मारपीट किये जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला सरिता देवी 40 वर्ष पति संतोष राम ग्राम शेरगड़ा थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है की मेरी बेटी की शादी 16 मार्च को हुई थी बारात विदा करने के बाद बेटी दान करने हेतु जाना था। इसी परंपरा के तहत समाज को जाने के लिए न्योता दे रही थी। इसी से नाराज गांव के मनोज राम, राजू राम, अशोक राम, सुनील राम सभी पिता धनेश्वर राम के द्वारा के द्वारा शनिवार को मेरे और मेरा बेटा के साथ मारपीट किया। जिससे मेरा दाहिना हांथ। वही मेरा बेटा शरीर मे कई जगह आंतरिक चोट आई है। महिला ने बालूमाथ पुलिस से मामले की जांच करते हुए दोषियों पर कारवाई की मांग की है।

## चंदवा पुलिस ने ट्रेलर में लोड 10 टन डोडा की खेप को पकड़ा

# लगभग 60 लाख आंकी जा रही है डोडा की कीमत

➲ **लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिले गुप्त सूचना पर चंदवा के लाधुप के समीप से मिली सफलता**

खबर मन्त्र संवाददाता


जब्त डोडा के साथ पदाधिकारी।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन की कार्यकुशलता से चंदवा पुलिस की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खेल के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में गठित पुलिस की टीम ने चंदवा थानाक्षेत्र के लाधूप स्थित आगरा ढाबा के पास एनएच-75 रांची-मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध छापेमारी कर ट्रेलर में लोड मादक पदार्थ डोडा की बड़ा खेप जब्त करने में सफलता हासिल की है। बरामद डोडा का वजन करीब 10 टन बताया जा रहा है। जिसका अनुमानित कीमत करीब 50 से 60 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ की बड़ी खेप चंदवा की ओर आने वाली है, जो लाधुप के आगरा ढाबा के पास खड़ी है। सूचना के आलोक में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता मजिस्ट्रेट के साथ लाधूप के पास आगरा ढाबा के समीप पहुंचे। पुलिस ने संदिग्ध हालत में खड़े ट्रैलर आरजे 19 जीएफ/5121 में जांच किया। तलाशी में सैकड़ों बोरा में भरा डोडा बरामद किया गया है। उसके बाद डोडा समेत ट्रैलर को पुलिस कब्जे में लेकर तफ्तीश में जुट गई है। कयास लगाया जा रहा है कि बरामद डोडा को रांची, खूंटी या आसपास के जिलों से राज्यस्थान की ओर तस्करी कर ले जाया जा रहा होगा। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 67/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तस्कर समेत वाहन मालिक को चिह्नित कर गिरफ्तार करने में जुट गई है। अभियान में पुअनि नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, जमील अंसारी, सअनि शशि रंजन सिंह समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### भाजपा का बूथ निर्माण का कार्यशाला संपन्न


कार्यशाला में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** भाजपा जिला कमेटी के निदेर्शानुसार शनिवार को चंदवा मंडल के बारी पंचायत के रामपुर ग्राम शिव मंदिर प्रांगण में बूथ संख्या 270 में तीन पंचायतों के बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के उपस्थिति में तीनो पंचायतों के बूथ अध्यक्ष का चयन किया गया तथा कमिटी विस्तार भी किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक बूथों को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। बूथ स्तर पर कमेटी का विस्तार होने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी और आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल करेगी। मौके पर बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण अभियान के मंडल विस्तारक मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, मंडल विस्तारक सहयोगी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवमणि वैध, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, पंचायत प्रभारी वरिष्ठ भाजपाई शंकर शाहू, जमुना चौधरी, राजू भुइयाँ, आशिष लाल, हिरामनी देवी, रविंद्र साहू, संतन साहू, श्याम ठाकुर, राजेंद्र यादव, समेत बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंदवा का बस पड़ाव का ठेका 24 लाख 51 हजार 5 सौ में

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला परिषद लातेहार द्वारा जिले के विभिन्न सैरातो की बंदोबस्ती को लेकर शुक्रवार को खुला डाक किया गया। डाक में प्रभारी उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप व कार्यपालक पदाधिकारी प्रीति सिन्हा समेत अन्य की मौजूदगी में डाक संपन्न हुआ। जिसमें चंदवा का बस पड़ाव 24,51,500 रुपैया की अधिकतम बोली लगाते हुए मो रियाज खान ने अपने नाम लिया। इस डाक में भाग लेने वाले में मो. सलमान खान, सुरेश गिरी, मुकेश कुमार, मो. मोजम्मिल, निशांत कुमार, सूर्य देव प्रसाद, अजय कुमार, अमर कुमार गुप्ता, जमील खान, नीतीश कुमार सिन्हा, मुकेश प्रसाद शामिल थे। इसके अलावा चंदवा शौचालय का डाक में अजय कुमार ने 7100 में अपने नाम लिया। इनमें भाग लेने वाले में प्रेम नाथ साहू, मनोज कुमार, रामजी राम वर्मा, मो. मोजम्मिल, सुधीर कुमार, मो. शाहिद, मो. जमील खान, मो. इम्तियाज, अजय कुमार शामिल थे। इसके अलावा बालूमाथ के बस पड़ाव 12,40,500 में अधिकतम बोली बोल कर वासुदेव साव ने लिया वही भाग लेने वाले में अर्जुन कुमार, सत्येंद्र साव शामिल थे। इसके अलावा बरवाडीह बस पड़ाव को रवि कुमार सिंह ने 81,000 का अधिकतम बोली लगाते हुए अपने नाम किया इसमें भाग लेने वाले में रोशन कुमार, ऋषि कुमार मिश्रा शामिल थे। वही हरैया पशु मेला श्रावणी मेला एवं शुक्रवारी हाट बाजार चंदवा का डाक 20 मार्च को सोमवार को किया जाएगा। इसके लिए 9 लोगों ने भाग लिया है।

## नगर पंचायत के विजिलेंस टीम ने कई प्रतिष्ठानों मे मारा छापा



**लातेहार।** अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार के निर्देश पर गठित विजिलेंस टीम ने शनिवार को शहर के कई व्यवसायिक एवं आवासीय प्रतिष्ठानों में छापामारी की। इस दौरान होल्डिंग टैक्स मद में कुल एक लाख बयालीस हजार तीन सौ अठहत्तर रुपए, ट्रैड लाईसेस मद में पांच हजार एक सौ साठ व वाटर सप्लाई मद में नौ हजार अस्सी रुपए राजस्व की वसूली की गई. सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग करते पकड़े गये अग्रवाल जेनरल स्टोर, मेन रोड एक हजार रूपया जुमार्ना वसूला गया। छापामारी के क्रम में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाईसेस नहीं रहने पर एक हजार आस्सी जुमार्ना वसूला गया। छापामारी में शामिल परिक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि शहरी क्षेत्र के यदि कोई होल्डिंग टैक्स धारक अपने प्रतिष्ठान व भूमि का होल्डिंग का निर्धारण नहीं करते हैं एवं होल्डिंग टैक्स मद में बकाया राशि जमा नहीं करते हैं तो उन पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 181 एवं 184 के तहत उनके एकल या संयुक्त बैक खाते को फिज करना, बकायेदार की चल एवं अचल संपति की कुर्की एवं बिक्री करना, सर्टिफिकेट केस करना एवं संबंधित के विरूद्ध बॉडी वारंट निर्गत करने का प्रावधान है. उन्होने अपने बकाया होल्डिग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस व वाटर यूजर्स चार्ज जमा कराने की अपील की है। छापामारी अभियान में श्री रंजन के अलावा नगर प्रबंधक जया लक्ष्मी भगत, कनीय अभियंता संदीप कुमार गुप्ता व संजीव कुमार, कर संग्रहणकर्ता राजू प्रसाद व क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर आदि उपस्थित थे।

## हुटाप पंचायत के ग्रामीणों ने की बैठक, विधायक के अनुशंसा के अनुरूप सड़क निर्माण की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत भदईटांड में पंचायत के हुटाप, तुरवा, सहीलतवा, असनाही, कुमियाटांड, अम्बा टांड, तोरार, बजरकुआ के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता सुखराम भगत ने किया। बैठक में एक महुआ से अमझरिया तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बन रही सड़क को विधायक वैद्यनाथ राम के अनुशंसा के अनुरूप बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त योजना में सड़क निर्माण के बाद लगभग 400 मीटर शेष भाग का निर्माण भदई टांड पीसीसी से कठरचौथा टोंगरी तक करने की अनुशंसा विधायक वैद्यनाथ राम के द्वारा किया गया है। उक्त सड़क हुटाप पंचायत के तुरवा, सहीलतवा, असनाही, कुमियाटांड, तोरार, बजरकुआ आदि गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है। उक्त पथ के बनने से सैकड़ो ग्रामीण लाभान्वित होंगे। लेकिन 2-4 लोग निजी स्वार्थ के कारण उक्त मार्ग के कार्य को रोककर मंझिलाडीह से चंद्रदेव सिंह के घर तक कराना चाह रहे हैं। एक जनप्रतिनिधि को गलत जानकारी देकर कार्य को रुकवा भी दिया है, जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने विधायक, जिले के अधिकारियों से सत्यता की जांच कर अनुशंसा के अनुरूप सड़क निर्माण करने की गुहार लगायी है। मांग करने वालों में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल है।

### सीआरपीएफ ने दुर्गम क्षेत्र के बच्चों को इंदौर की सैर पर किया रवाना


बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना करती सीआरपीएफ।

**बरवाडीह।** नक्सलियों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाने और क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के बीच समय -समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने वाले सीआरपीएफ के अफसर और जवान सिर्फ नक्सल मोर्चे पर ही नहीं बल्कि युवाओं को जागरूक कर उन्हें विकास की ओर प्रेरित करने के लिए भी पिछले कई वर्षों से तत्पर और प्रयासरत है। जिसमें वह काफी हद तक कामयाब भी रहे हैं। इसी कड़ी में सीआरपीएफ 11 वीं वाहिनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई स्थित डी 11 कंपनी ने दुर्गम क्षेत्र से पांच युवक और पांच युवतियों को नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण के लिए इंदौर के लिए रवाना किया हैं। जानकारी देते हुए कंपनी कमांडर निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि यह छात्र देश के दूसरे राज्यों में जाकर वहां के विकास कार्यों के साथ-साथ परंपरा संस्कृति और अन्य विकासोन्मुखी कार्यों को नजदीक से देखेंगे जिससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा और वहां से लौटने के बाद अपने क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जुड़ने को प्रेरित भी करेंगे। इधर शैक्षणिक भ्रमण में निकलने से पहले बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। मौके पर मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह, उप निरीक्षक मल्लिक मुख्तार, विक्रम प्रताप सिंह और लोन माला बैठा सहित सीआरपीएफ के कई जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

### विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश मजदूरी करने गए कुटमु के दो युवक के हुई मौत

### दोनों युवक है चचेरे भाई, परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल

**बेतला।** झारखंड में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। अपनी रोजी रोटी के लिए लोग दूसरे प्रदेशों में पलायन करने के लिए मजबूर है। प्रतिदिन बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर सैकड़ो की तादात में काम की तलाश में मजदूर पलायन करने को विवश हैं एवं बाहर जाने के बाद लोगो को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है, बताते चलें बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु के कुल्ही निवासी छोटू सिंह, 21वर्ष पिता संतोषी सिंह, एवं जितेंद्र सिंह 22 वर्ष पिता देनी सिंह काम करने के लिए कुछ माह पहले विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश गए थे। जो शनिवार की सुबह काम के दौरान लिफ्ट टूट गया। जिससे दोनों युवक गिर गए। आनन-फानन में लोगों के द्वारा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया, वही विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश में पोस्टमार्टम कराकर घर भेजने की तैयारी की जा रही है।

## फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में महुआडांड़ ने कजरी पर तीन-एक से दर्ज की जीत

# सुंदर बनेगा छिपादोहर का मैदान: विजय बहादुर सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


फाइनल मुकाबले का शुभारंभ करते विजय बहादुर सिंह।

**बरवाडीह।** छिपादोहर के गांधी मैदान में बीते सप्ताह से चल रहे नाइट फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ शुक्रवार की देर शाम यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक और विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर, खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला कजरी और महुआडांड़ की टीम के बीच हुआ। जिसमें महुआडांड़ की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कजरी को 3-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं इसके पूर्व खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विजय बहादुर सिंह ने कहा कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं से अपने गांव और शहर का ही नहीं बल्कि देश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले व राज्य का नाम रौशन करें। राज्य सरकार की खेल के प्रति सोच को हम सब मिलकर आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि खेल में इंसान छोटा बड़ा नहीं होता जो अच्छा खेलता है निश्चित रूप से विजय उसी की होती है, इसलिए हार कर निराश नहीं होना चाहिए बल्कि इससे सीखने की जरूरत है। छिपादोहर का यह खेल मैदान भविष्य में सुंदर बनेगा और यहां के खिलाड़ी नई ऊंचाइयों तक पहुंच अपना भविष्य बनाएंगे। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस दौरान अतिथियों ने टूनार्मेंट की विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड और नगद देकर पुरुषकृत किया। वहीं कार्यक्रम में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मुखिया वेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी, दीपक प्रसाद, नजाम अंसारी और कृष्णा प्रसाद सहित कई नेता व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### रफ्तार ने ली बाइक सवार युवक-युवती की जान


मृतक युवक व युवती।

**चंदवा।** बीते शुक्रवार रात्रि चंदवा में बेकाबू रफ्तार के कहर ने लिया दो लोगों की जान ले ली। मरने वालों में एक युवक और दूसरी युवती शामिल है। पूरा मामला एनएच-99 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थानाक्षेत्र के हिसरी के पास की है। जानकारी के अनुसार बाइक में सवार होकर युवक और युवती बालूमाथ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात पिकअप वाहन टक्कर मार फरार हो गयी। हादसा इतना जबरजस्त था कि बाइक चला रहे युवक की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गयी वहीं पीछे बैठी हुई युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्थानीय लोगो की मदद से चंदवा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिये। मृतक का पहचान उपेन्द्र उरांव, घुटाम बालूमाथ एवं मृतिका सोनी कुमारी पांकी जिला पलामू निवासी के रूप में शिनाख्त हुई है। इधर शव को कब्जे में लेकर चंदवा पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### दिन दहाड़े घर का ताला तोड़कर चोरों ने की चोरी



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत मतकोमा ग्राम निवासी संजय पाहन पिता स्व पाहन के घर मे लगे ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने नगद बीस हजार चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए बताया की हम सभी परिवार ताला लगाकर महुआ चुनने चले गए। आसपास के ग्रामीणों ने बताया की केटीएम बाईक पर तीन लोग सवार होकर लगभग ग्यारह बजे दिन मे आए थे। घर का दरवाजा मे लगे ताला तोड़कर बक्सा मे रखे नगद बीस हजार रुपए निकाल कर फरार हो गए। घटना की लिखित शिकायत बारियातू थाना मे दे दी गई है।

### जीर्णोद्धार से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: रामचंद्र सिंह

➲ **विधायक ने सदन में रखी पलामू किला के सुंदरीकरण की मांग**



**बरवाडीह।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध झारखंड राज्य के लातेहार जिला अंतर्गत बेतला नेशनल पार्क के समीप स्थित पलामू किला के सुंदरीकरण और संरक्षण को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने सदन में शुन्यकाल के दौरान झारखंड सरकार के समक्ष रखने का काम किया। विधायक ने कहा कि पलामू किला पलामू प्रमण्डल समेत पूरे झारखण्ड राज्य की धरोहर है। इसका विकास करना बहुत आवश्यक व जरूरी है। इसलिए झारखंड सरकार से मांग करते है जल्द से जल्द पलामू किला का सुंदरीकरण कराया जाए। जिससे बेतला नेशनल पार्क मे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो और स्थानिय लोगो को रोजगार मुहैया हो सके। उन्होंने बताया कि पलामू किला का सुंदरीकरण हो जाने से सैकडो बेरोजगारो को रोजगार मिल सकता है।

### मनिका प्रखंड के जगतु गांव पहुंचा जंगल से भटक कर हिरण ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा

➲ **ग्रामीणों ने कहा दो हिरण आसपास के गांव में भ्रमण कर रहे हैं एक को पकड़ा गया दूसरा अभी भी भ्रमणशील है**


पकड़ा गया हिरन।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित जगतु गांव में दिन शनिवार को आसपास के जंगल से भटक कर एक जंगली हिरण पहुंच गया। जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर वन विभाग मनिका को सौंप दिया। जंगली हिरण पकड़े जाने की खबर सुनने के बाद गांव के सैकड़ों व्यक्ति हिरण को देखने उक्त स्थान पर पहुंच गए जिसमें सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीण गिरधारी सिंह, कामेश्वर सिंह, समेत अन्य लोगों ने गांव में जब जंगली हिरण को घूमते देखा तो उसे पकड़ कर वन विभाग के कर्मियों को सूचना दिया जिसके बाद वनपाल ललन उरांव, वंरक्षी अमित कुमार, अनिल पासवान, समेत अन्य वन कर्मी उक्त स्थान पर पहुंचे और हिरण प्रजाति के जीव को अपने कब्जे ले लिया। वहीं वन विभाग के टीम ने वाहन के माध्यम से हिरण को ले जाकर पलामू टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में छोड़ दिया। मौके पर जगतू गांव के ग्रामीणों का कहना है कि हमारे क्षेत्र में दो हिरण प्रजाति के जीव लगातार घूमते हुए देखे गए हैं जिसमें से एक को आज पकड़ा गया है जबकि दूसरा हिरण अभी भी क्षेत्र में ही भ्रमणशील है।

### बैंक का काम 2 दिनों से बंद ग्राहक दिखे परेशान

➲ **कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने बैंक कर्मियों को लगाई फटकार कहा जल्द शुरू करें बैंक का काम**


बैंक से वापस लौटते ग्राहक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित वनांचल ग्रामीण बैंक में तकनीकी खराबी होने के कारण 2 दिनों से बैंक का काम बंद कर दिया गया है जिसके कारण ग्रामीण बैंक के ग्राहक निराश होकर घर लौटने को विवश हैं। वहीं बैंक का काम बंद होने की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ग्रामीण बैंक पहुंचे और बैंक कर्मियों को फटकार लगाते हुए बैंक का काम बंद होने का कारण पूछा। इस विषय पर बैंक मैनेजर विनोद कुमार ने बताया कि बैंक में तकनीकी खराबी यानी कि लिंक फेल है जिसके कारण बैंक सेवा बाधित है संभवत लिंक आने के बाद बैंक का काम सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

### इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी रहे परेशान

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के नगर पंचायत क्षेत्र समेत कई अन्य विद्यालयों में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र बनाया गया है। ज्ञात हो कि 14 मार्च से ही परीक्षा प्रारंभ हो चुका है जिसे लेकर सभी केंद्रों में संबंधित पदाधिकारी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बताया गया था कि कदाचार मुक्त परीक्षा एवं परीक्षार्थियों को सभी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। परंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि परीक्षा शुरू होने से पूर्व संबंधित पदाधिकारी गण के द्वारा औचक निरीक्षण के नाम पर केवल खानापूर्ति किया गया है। बताते चलें कि शनिवार को इंटरमीडिएट के छात्राएं कंप्यूटर साइंस का परीक्षा लिख रहे थे वहीं परीक्षा का समय 2 बजे से लेकर साम 5 बज के 20 मिनट तक था। परंतु साम 3:30 बजते ही परीक्षा केंद्रों में अंधेरा छा गया। जिसका मुख्य कारण शहर में लाइट नहीं होना व बदलते मौसम एवं बारिश था। परीक्षा केंद्रों में लाइट की सुविधा तो थी परंतु वह बिजली विभाग पर निर्भर था। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि शहर में बारिश होने के कारण तकनीकी खराबी हो गया था। जिसे लेकर शहर में सुचारू रूप से बिजली की सुविधा नहीं दिया गया है। वही लातेहार मेन रोड स्थित बालिका उच्च विद्यालय मैं इमरजेंसी लाइट की सुविधा नहीं होने के कारण अंधेरे में परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा जिससे उन्हें अपने पेपर परिणाम में असर देखने को मिलेगा। वहीं इस बावत प्रिंसिपल नीतू अंजना टोप्पो ने बताया कि लाईट रहने पर केंद्र में रोशनी बल्ब जलता है अन्यथा हमारे यहां इमरजेंसी लाइट की सुविधा नहीं दी गई है।

स्पीड न्यूज

## वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

**धनबाद।** शनिवार को धनबाद में हल्की बारिश होने के साथ वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताते चलें कि जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र में खीरू महतो नामक व्यक्ति अपनी बकरियों को चराने के लिए गया था उसी वक्त हल्की बारिश होने लगी और वज्रपात हुआ जिसके कारण खीरू महतो वज्रपात की चपेट में आ गया, और उसकी मौत हो गई।

## मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा का चुनाव संपन्न

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा का चुनाव प्रणव गढ़याण के आवासीय कार्यालय में शनिवार को संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रणव गढ़याण ने किया व चुनाव मिट्ठू गढ़याण की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच का अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव प्रतिक चौधरी, कोषाध्यक्ष तुषार अग्रवाल,उपाध्यक्ष आदर्श गढ़याण व अभिषेक जिंदल व सह सचिव रोहित खरकिया को बनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकुल अग्रवाल, विपुल शर्मा, सौरभ अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, शिवम चौधरी, मोहित प्रथम, आदित्य गढ़याण के अलावा मंच के सदस्य मौजुद थे।

## बीआईटी सिंदरी में सेमिनार का आयोजन

**सिन्दरी।** बीआईटी सिन्दरी कैम्पस के सी 51 हॉल में सिक्स इमर्जिंग टेक्नोलॉजिस एंड ट्रांसफॉरमेसन ऑफ इंडिया यूजिंग एडवांस्ड टेक्नोलॉजीस विषय पर शनिवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में प्राइस वाटरहाउस कूपर्स के सीनियर निदेशक रोहित कुमार मौजूद थे। सभा को मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए क्लाउड, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, औगमेंटेड एंड वर्चुअल रियल्टी, ड्रोन, इन्टरनेट ओवर थिंग्स, इंटेलिजेंस इन कौगनिटीव ऑटोमेशन विषयों पर छात्रों को अवगत कराया।

## गोमो में राजधानी एक्सप्रेस से कटकर तीन की मौत

**गोमो ।** धनबाद रेलमंडल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन में शुक्रवार की शाम एक भयावह दुर्घटना घटी है। जहां राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम प्लेटफार्म संख्या दो पर मामलगाड़ी खड़ी थी,जबकि आसनसोल गोमो ईएमयू ट्रेन गोमो आ रही थी। इस बीच हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस प्लेटफार्म संख्या तीन से थ्रू पार कर रही थी,जबकि ईएमयू ट्रेन प्लेटफार्म संख्या चार पर धनबाद से आ रही थी। इसी बीच यह दुर्घटना हो गई।

## नुनुडीह में किराना दुकान में चोरी

**सुदामडीह।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनुडीह स्थित डिंपल कुमार के किराना दुकान, सिलाई सेंटर चलाने वाली रीता कुमारी, व चाय विक्रेता को फिर चोरो ने लिया निशाने पर। बताते चले की शुक्रवार की रात अज्ञात चोरो ने पहले रीता कुमारी के घर का ताला तोड़ा लेकिन वहा कुछ नहीं मिलने पर उनके ही घर से कुर्सी टेबल निकाल किराना दुकान के पीछे का भेन्तिलेटर काट अंदर घुस अंदर रखे डी वी डी, पोस्तु तथा नगदी तीन हजार रुपये पर हाथ साफ कर चलते बने। वहीं चाय विक्रेता का सिर्फ ताला तोड़ा गया कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# जेलगोड़ा स्टेडियम में मैराथन दौड़ के साथ सांसद खेल महोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** जेलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को डिगवाडीह गणेश पूजा सर्कस मैदान जेलगोड़ा स्टेडियम तक मैराथन दौड़ से किया गया।

वही मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दीप प्रज्वलित कर, गुब्बारे उड़ाकर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किरण कुमारी की मशाल को जलाकर उद्घाटन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि जिस प्रकार योग के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। उसी प्रकार खेल में भी हम आगे बड़ेगे।वर्तमान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को अत्यधिक प्रोत्साहित करने का काम



किया है। उनका मूल मंत्र है हम फिट इंडिया फिट। खेल के स्पेस एवं इकोनॉमी के क्षेत्र में बहुत जल्द ही भारत ग्लोबल लीडर बनेगा।उन्होंने कहा कि पहले भी भारत के खिलाड़ी ओलंपिक व एसियार्ड में जाते थे परंतु उनका बेहतर प्रदर्शन नही होता था।आठ वर्षों में ही खिलाड़ी ओलंपिक में जा रहे है तो पदक जीतकर लाते है।खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कोडिनेशन एवं अनुशासन के बल पर खेल का प्रदर्शन करे।खिलाड़ी कभी हारता नही जीतता या सीखता है। विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने कहा कि खेल महोत्सव खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है स्पोर्ट्स में कोई हारता नही सीखता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद पी एन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने देश को खेल का बेहतर प्रोजेक्ट दिया है।जिससे युवा पीढ़ी को खेल के प्रति रूझान बढ़ेगी। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि खेल महोत्सव का जेलगोड़ा स्टेडियम में होना हमारे लिए गर्व की बात है। भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा कि झरिया क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का होना बहुत ही अच्छी पहल है जो काम 70 वर्षों में नही हुआ उसे हमारे प्रधानमंत्री ने करने का काम किया है। ढुल्लू महतो ने कहा कि झारखंड में खेल मंत्री को कोई नही जानता लेकिन केंद्रीय खेल मंत्री को सभी जानते है।राज सिन्हा ने कहा कि इस स्टेडियम में क्रिकेट के बड़े बड़े खिलाड़ी आ चुके है।

### मौके पर थे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून,सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट,मिल्टन पार्थ सारथी, हरिप्रकाश लाटा, महेश पोद्दार, संजय झा,सतेंदर कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सांसद खेल महोत्सव के संयोजक मानस प्रसून, सहसंयोजक संजय झा, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल चुन्ना सिंह महिला मोर्चा महामंत्री नीतू शंकर फुल जोशी के अलावा सैकड़ों की संख्या में गणमान्य मौजूद थे। 2 दिनों तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव में भाजपा की महिला कार्यकताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम स्थल प्रभारी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, कार्यक्रम के झरिया प्रभारी सह भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष दिलीप भारती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वरूप भटाचार्य, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, शैलेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## अस्मित की मौत के एक वर्ष पूरे होने पर होगी संकल्प सभा




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** डिनोबली स्कूल सिन्दरी के छात्र अस्मित आकाश की रहस्यमय मौत के एक वर्ष पूरे होने पर 23 मार्च को राँगामाटी में संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। अस्मित की मौत व आए दिन चोरी व अपराधिक घटनाओं पर प्रशासन के मौन पर अस्मित न्याय मंच ने शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सिन्दरी एसडीपीओ व सिन्दरी थाना प्रभारी की तबादले की माँग की है। प्रेसवार्ता में मंच संयोजक विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि अस्मित की मौत को एक वर्ष पूरे पूरे होने को हैं और प्रशासन 302 का मुकदमा दायर कर अज्ञात दोषियों में ही सिमटी बैठी है। सिन्दरी प्रशासन अपराधिक घटनाओं को रोक पाने में विफल हैं। उन्होंने अस्मित के मौत मामले की जाँच के लिए जिला प्रशासन से एसआइटी गठन की माँग की है। उन्होंने कहा कि आगामी 23 मार्च को संकल्प सभा के मुख्य अतिथि भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ काशीनाथ चटर्जी होंगे। मंच नेता सुरेश प्रसाद ने कहा कि सिन्दरीवासी अपराध के खिलाफ प्रशासन का सहयोग करते हैं लेकिन प्रशासन न्याय व्यवस्था को लागू करने में विफल है।

## प्रेम प्रसंग के बाद अश्लील वीडियो वायरल का मामला थाना पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बिहार के गया जिले का एक प्रेमी जोड़े का प्रेम प्रसंग के बाद अश्लील वीडियो वायरल का मामला मधुबन थाना पहुचा।बिहार पुलिस बल में तैनात प्रेमिका अपने पति के साथ फुलारीटांड स्टेशन पहुच कर ग्रुप डी में कार्यरत प्रेमी के साथ अश्लील वीडियो वायरल करने को लेकर जमकर मारपीट हुई।इस दौरान प्रेमी व प्रेमिका दोनों जख्मी हो गए।सूचना मिलते ही मधुबन पुलिस उक्त स्थल पहुच कर दोनों को थाना ले आयी।दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे।इस संबंध में प्रेमिका प्रीति कुमारी ने प्रेमी सुजीत कुमार के विरुद्ध अश्लील वीडियो वायरल व ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत मधुबन पुलिस से की है।बताया जाता है कि बिहार के गया जिले के गुरारु गांव की शादीशुदा महिला प्रीति कुमारी का प्रेम प्रसंग उसी गांव के शिक्षक कृष्णदेव प्रसाद के पुत्र सुजीत कुमार के साथ दो साल पूर्व से चल रहा था। एक साल से सुजीत जबरन प्रीति को ब्लैकमेलिंग करते रहता था।अश्लील वीडियो वायरल करने की बार बार धमकी दिया करता था।प्रीति ने सारी कहानी अपने पति दुर्गेश कुमार को बता दिया।सुजीत लगातार अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने लगा। जिसकी शिकायत प्रीति के द्वारा गया जिले के गुरारू थाना में भी दिया गया था मगर कोई करवाई नही हुई। शुक्रवार को प्रीति अपने पति के साथ फुलारीटांड स्टेशन पहुच गयी।जहाँ डयूटी पर तैनात सुजीत के साथ अश्लील वीडियो व फोटो वायरल को लेकर मारपीट में तब्दील हो गया।

## बंदूक का भय दिखा मजदूरों कह नहीं मारने देंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया शाहिद मैदान में बेरोजगार युवकों मजदूरों के सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद क्षेत्र संख्या 16 के सदस्य इसराफील उर्फ लाला में ने कहा कि ईस्ट बसुरिया शहिद मैदान से मजदूरों के हक की लड़ाई का विगुल फूंक दिया गया है। ईस्ट बसुरिया क्षेत्र में संजय उद्योग आउटसोर्सिंग का कोयला उत्खनन का कार्य शुरू की है लेकिन संजय उद्योग का नियत ठीक नही है। भूमिपूजन के दौरान कंपनी ने स्थानीय लोगों के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों को सूचना नही दी। गुपचुप तरीके से भूमिपूजन कर बाहरी लोगों से कार्य शुरू करवा रहा है। जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। इसराफील उर्फ लाला ने कहा कि ईस्ट बसुरिया के रैयतों ने अपना जमीन खोया है। अपने जमीन से विस्थापित हुए हैं। मगर इन्हें कोई लाभ नही दिया गया है. वाजिव हक से वंचित रखा गया। स्थानीय बेरोजगार युवकों को एक एक आस जगी कि संजय उद्योग में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। लेकिन संजय उद्योग की मंशा ठीक नही लगती। जब कि कंपनी प्रावधान में स्थानीय बेरोजगारों को 75 फीसदी रोजगार देने का प्रावधान है जिसका पालन नही किया जा रहा है और स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा की आगामी 22 मार्च तक अगर आउट सोर्सिंग प्रबंधक मांगों पर वार्ता नहीं करते हैं तो कंपनी का चक्का जाम किया जाएगा।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सावन सुमन, कंचन यादव,मानिक चंद बाउरी,राजू दत्ता,गुड्डू सिंह,राज कपूर भुइयां,धर्मवीर साव, विक्रम बाउरी,दीपक पासवान,उपेंद्र भुईया, दीपक कुमार,अमित हाड़ी,आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### छात्रावास के बच्चों...

हर छात्रावास में लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति कलाकेंद्र की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही एससी-ओबीसी बहुल गांवों में धार्मिक स्थल और श्मसान घाटों की घेराबन्दी करायी जायेगी।

**भाजपा ने किया कटौती प्रस्ताव लाया :** भोजनावकाश के बाद सदन में कल्याण विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक केदार हाजरा कटौती प्रस्ताव लाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एससी- एसटी और ओबीसी का बजट तीन गुणा बढ़ाया है। आदिवासी समाज का गौरव बढाने को लेकर मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है। वहीं राज्य सरकार ने 10 हजार पोषण सखियों को नौकरी से हटाया। इस पर झामुमो विधायक जिगा सुसरान होरो ने कहा कि हेमंत सरकार, झारखंड के आदिवासी बच्चे को विदेश पढ़ने भेज रही है। सरना-मसना स्थल की घेराबंदी कराई जा रही है।

### हमने योजनाओं को...

बस, ट्रेन तथा हवाई मार्ग सहित कई माध्यम से देश के कोने-कोने से मजदूर भाईयों को वापस झारखंड लाने का काम किया गया। महामारी के समय यहां के गरीब, किसान, मजदूर, जरूरतमंद लोगों के लिए हमारी सरकार ने जीवन यापन के कई द्वार भी खोलने का काम किया। स्वरोजगार की कई योजनाएं संचालित की गयी। नक्सल प्रभावित इलाकों में भी सरकार ने कई उल्लेखनीय काम किए हैं। बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त करने में हमने सफलता हासिल की। पानी,बिजली, सड़क सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों में राज्य सरकार तेजी से कार्य कर रही है। 'सरकार आपके द्वार' तथा 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत-पंचायत गांव-गांव में जाकर हमारी सरकार ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का काम किया है।

सर्वजन और ओल्ड पेंशन स्कीम शुरू की : झारखंड ग्रामीण क्षेत्रों से घिरा हुआ राज्य है। यहां गरीबी, बेरोजगारी के साथ-साथ कई चुनौतियां हैं जिस पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन स्कीम तथा सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम देने का कार्य किया है। राज्य में बूढ़े-बुजुर्ग जनमानस जो अपने उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं, आज वे अपने-आप में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों की भविष्य की चिंता भी हमारी सरकार ने किया तथा उन्हें ओल्ड पेंशन स्कीम से जोड़ा। समारोह में मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सरफराज अहमद, दीपिका पांडे सिंह, विनोद सिंह, अनूप सिंह, दिनेश विलियम मरांडी, शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई अन्य मौजूद थे।

### दोषियों को मिली...

कानूनी प्रावधान के तहत निचली अदालत जिस दोषी को फांसी की सजा सुनाती है, उसकी सजा कंफर्म (बरकरार) करने के लिए हाइकोर्ट के पास मामला भेजा जाता है। कई मामलों में ऐसा देखा गया है कि निचली अदालत किसी दोषी को फांसी की सजा सुनाती है, लेकिन हाइकोर्ट उस सजा को बदल देता है। ऐसे मामलों में अब हाईकोर्ट में गठित वकीलों की कमेटी फांसी की सजा बरकरार रखवाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी।

### खालिस्तानी कट्टर नेता...




पुलिस भी भारी फोर्स के साथ उसके पीछे लग गयी। करीब 100 गाड़ियों के साथ पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया और नकोदर एरिया में अरेस्ट कर लिया। प्रशासन ने किसी भी तरह की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए रविवार तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है। मोगा में धारा 144 लागू कर दी गयी है, जहां अमृतपाल सिंह ने एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होना था। हाल ही में अमृतपाल सिंह द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा करने की घटना के बाद केंद्र सरकार ने इसका कड़ा संज्ञान लिया था। उधर अमृतपाल की गिरफ्तारी के विरोध में मोहाली में प्रदर्शन शुरू हो गया है। यहां चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर लगे इंसाफ मोर्चा में मौजूद लगभग 150 निहंग हाथों में नंगी तलवारें और डंडे लेकर सड़क पर उतर गये।

**कौन है अमृतपाल सिंह :** अमृतपाल अमृतसर जिले के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला है। करीब एक दशक तक वह विदेश में रहा है। साल 2012 में वह दुबई काम करने गया था। सितंबर 2022 को वह भारत लौटा है। यहां आने के बाद वह खालिस्तानी समर्थक दीप सिद्धू के संगठन 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख बन गया।

## डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने डाक विभाग की कार्य प्रणाली को जाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने बोकारो के प्रधान डाकघर का दौरा कर डाक विभाग के कामकाज के तौर.तरीकों और बदलते समय के साथ डाक विभाग की अत्याधुनिक सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की। विभाग की ओर से डाकपाल सतीश कुमारए पीएलआई सीपीसी मैनेजर संतोष कुमार सिंहए विपणन ;मार्केटिंगद्ध विभाग के डाककर्मी कौशल कुमार उपाध्यायए देवी प्रसाद चटर्जीए प्रदीप कुमार पांडेयए सहायक डाकपाल ;मेलद्ध सिंधु एवं उप डाकपाल वीरेंद्र कुमार ओझा ने डाक प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया। कोटिवार चरणबद्ध जानकारी के साथ.साथ डाक पार्सलए आधार सेंटर की कार्यप्रणालीए सुकन्या समृद्धि योजनाए बचत योजनाए इंडिया



पोस्ट पेमेंट बैंक ;आईपीपीबीद्धए फिलाटेली अकाउंट आदि के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। डाकपाल सतीश कुमार ने कहा कि डाक टिकटें अपने.आप में ज्ञान का सागर और अनुपम धरोहर हैं। मौके पर डाक विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों के अलावा डीपीएस बोकारो की टीम में शिक्षक अमित दासगुप्ताए प्रणति दासए रानी प्रेमलता झाए प्रीति मिश्राए अमित कुमार पांडेयए प्रतिभा सिन्हाए संजीव कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### चास नागरिक कल्याण मंच कार्यसमिति की बैठक में विचार-विमर्श

**बोकारो।** नागरिक कल्याण मंच कार्यसमिति की बैठक बाल्मीकि सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से चास नगर निगम सहित सभी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अराजकता को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही समस्याओं समाधान हेतु उपायुक्त बोकारो से मिलकर उन्हें जानकारी देने का निर्णय लिया गया।

## शहीद गुरदास चटर्जी की जयंती पर मैथन में दौड़ प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** शहीद कॉमरेड गुरूदास चटर्जी के जन्म दिवस के अवसर पर मैथन उत्सव समिति की ओर 12-20 मार्च 2023 के आलोक में आज 18 मार्च को सुबह दौड़ कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया।दौड़ मैथन डैम व चैयरमैन कैम्पस से मैथन पोस्ट ऑफिस तक हुई।जिसमें 15 वर्ष के अंदर और 15 वर्ष से अधिक के लड़के-लडकियों ने भाग लिए एवं 60 वर्ष पल्स वाले बुजुर्गों ने भाग लेकर आयोजन को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैथन कर्मचारी मैदान में महिला दौड़ भी हुए।जिसमें विवाहित,अविवाहित एवं छोटी छोटी बच्चियों ने भाग लिये। अंत में सारे प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, उनकी पत्नी आनन्दिता चटर्जी,माले नेता नागेन्द्र कुमार ,मेढा पंचायत के मुखीया मनोज राउत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### छापेमारी में 15 टन अवैध कोयला जब्त

**बेरमो/खेतको।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको पंचायत में शनिवार को अहले सुबह लगभग 4रू30 बजे पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार के निर्देश पर खेतको मे चल रहे अवैध कोयला जमा विभिन्न ठिकानों पर छापामारी अभियान चलाया जिसमे लगभग 15 टन अवैध कोयला जप्त किया गया। बताते चलू की जप्त अवैध कोयला को पुलिस जेसीबी मशीन से हाईवा मे लोड करवाया और थाने भेजवाया। ज्ञात हो कि खेतको व चलकरी व उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र अवैध कोयले का हब साबित हो रहा है।

## अभिभावकों के लिए इंसेप्शन प्रोग्राम

**बोकारो।** शैक्षणिक सत्र 2023.24 में डीपीएस बोकारो में नामांकित बच्चों के अभिभावकों के लिए शनिवार को इन्सेप्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कक्षा प्री.नर्सरी और नर्सरी में नव.नामांकित विद्यार्थियों के अभिभावक इसमें शामिल हुए। विद्यालय की प्राइमरी इकाई के भरतमुनि कला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए अभिभावकों को विद्यालय और उसकी शैक्षिक पद्धति से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉण् एण् एसण् गंगवार मौजूद थे।

## सीआईएसएफ ने अवैध कोयला किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सुदामडीह।** सुदामडीह थाना के सुदामडीह बीसीसीएल एक्स 2 फायर आउट सोसिंग पेंच से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी का भंडाफोड़ उस समय हुई जब सीआईएसएफ के जवानों ने सुदामडीह थाना से महज कुछ कदमों की दूरी पर शनिवार सुबह छापेमारी कर लगभग 30 से 35 टन कोयला जब्त किया ।

बताया जाता है की कोयले को कोयला चोरो रात्रि में छोटे वा बड़े वाहनों से टपाने के बाद उक्त स्थान पर जमा कर के रखें थे, लेकिन उसी रात गुप्त सुचना पर छपेमारी हो गई, सीआई एस एफ दल को देखते ही कोयला चोर वा उनका सरगना इधर उधरभाग निकले । वहीं जब्त कोयले को जवानों ने पेलोडर से हाइवा पर लोड कर बीसीसीएल प्रबंधन को सौप दिया है इस छापेमारी से कोयला चोरों में हड़कंप देखा जा रहा है कि भय का माहौल है ।

### चोरी मामले में तीन को जेल

**कतरास ।** बरोरा थाना क्षेत्र के दरीदा बस्ती में रहने वाले नागेश्वर राय के बंद आवास से 40 हजार रुपया की संपत्ति चोरी के मामले में बरोरा पुलिस ने चोरी का उदभेदन कर लिया है। पुलिस ने तीन चोर को जेल भेज दिया है। चोरी गए सामानों में जेट पंप, इनवर्टर, बैट्री व खुला चावल पाच प्लास्टिक के बोरा मे एक क्विंटल, रिफाइन तेल 30 पैकेट हाफ केजी , सरसो तेल एक केजी का 9 पैकेट पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बरामद किया. गिरफ्तार आरोपी मे रामप्रवेश सिंह उर्फ मनोहर सिंह, गौतम सिंह, टिंकू महतो है। सभी गिरफ्तार आरोपी बेहराकुदर बस्ती के रहने वाले है। छापेमारी मे बरोरा थाना प्रभारी निरज कुमार, नितिन अशवनी, चंद्रशेखर राय थे।

## डीडीसी ने की छल छाजन योजना की समीक्षा

**बोकारो।** डीडीसी कीर्तीश्री जीण ने पेटरवार प्रखंड का दौरा कर प्रखंड सभागार में जल छाजन योजना की समीक्षा बैठक की जिसमें पंचायतों के मुखियाए पंचायत सचिवए रोजगार सेवकए समर्पण संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीएनोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में सिंचाई योजना अंतर्गत खराब प्रगति के संबंध में संबंधित संस्था पर डीडीसी ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही प्रखंड स्तर पर योजना के सत्यापन का निर्देश दिया है।

# नव चंडी शांति महायज्ञः मंदिर परिसर में गाड़ा गया धर्म ध्वजा

### पाथरडीह अजमेरा काली मंदिर में महायज्ञ का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

सुदामडीह। पाथरडीह अजमेरा स्थित मां काली मंदिर परिसर में 22 मार्च से आयोजित श्री श्री नव चण्डी शांति महायज्ञ को लेकर प्रयागराज से पधारे यज्ञधीश श्री श्री 1008 श्री बालयोगी महंथ परशुराम दास महात्यागी जी के निर्देशन में पूजा अर्चना के साथ महायज्ञ का धर्म ध्वज गाड़ा गया। यज्ञधीश श्री महात्यागी जी ने बताया कि हिन्दू सनातन धर्म का प्रथम दिन नवरात्रि का शुभ मुहूर्त पर 22 मार्च को महायज्ञ के लिए शोभा कलश जल यात्रा निकाली जाएगी। जिसके साथ ही नव दिवसीय महायज्ञ प्रारम्भ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ करने से रोग शोक महामारी तथा आसुरी शक्तियों का नाश होता है, लोगों में सुख शांति सम्पति सवृद्धि आती है और क्षेत्र का विकाश होता है।

इस मौके पर यज्ञ समिति के गोपाल यादव, कौलेश्वर यादव, डॉ बीरेन्द्र यादव, विष्णु महतो, प्रसांत सिंह, भोपाल यादव, तीरथ ठाकुर, बमभोली सिंह, ललन सिंह, मिंटा सिंह, बंटी सिंह, सूरज यादव, कृष्णा यादव, मंगल सिंह, शंकर रवानी आदि उपस्थित थे।



## नाबालिग युवती के यौन शोषण मामले में युवक को जेल

**सिन्दरी।** सिन्दरी थाना क्षेत्र की मनोहरटाँड़ नूतनडीह बस्ती की 14 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ यौन शोषण मामले में बोकारो के नवाडीह थाना के 22 वर्षीय रितेश को सिन्दरी पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। नाबालिग युवती द्वारा सिन्दरी थाना में शुक्रवार की देर रात लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

स्पीड न्यूज

## आतंकी फंडिंग में जम्मू-कश्मीर में आठ जगहों पर रेड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 2016 में राष्ट्रविरोधी प्रदर्शनों का चेहरा रहे मौलवी सरजन बरकती द्वारा चंदा वसूलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए उक्त राशि का इस्तेमाल करने से जुड़े एक मामले में शनिवार को आठ जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अपराध जांच विङ्गाग (सीआईडी) की सहायक शाखा एसआईए ने चंदा जुटाने और राष्ट्र-विरोधी भाषणों की जांच के सिलसिले में इस साल की शुरूआत में बरकती के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## गुवाहाटी से अपह्त दो भाइ को बिहार में मुक्त

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी से कुछ दिन पहले अगवा किए गए दो भाइयों को बिहार से मुक्त कराया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गुवाहाटी पुलिस आयुक्त दिगंत बराह ने कहा कि बिहार पुलिस की मदद से अपह्त भाइयों को मुक्त कराया गया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि लड़के फिलहाल वैशाली जिले के महुआ थाने में हैं। गुवाहाटी पुलिस की एक टीम पहले ही उन्हें वापस लाने के लिए बिहार में है।

## संभल कोल्ड स्टोरेज के दो मालिक गिरफ्तार

**संभल।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने संभल जिले में स्थित उस कोल्ड स्टोरेज के दो मालिकों को गिरफ्तार किया है, जिसकी छत गिरने से 14 लोगों की मौत हो गयी थी। संभल के जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शनिवार को कहा कि कोल्ड स्टोरेज के मालिकों अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को हल्द्वानी (उत्तराखंड के जिले) से गिरफ्तार किया गया है। बंसल ने शुक्रवार को बताया था कि छत गिरने की इस घटना में 14 लोगों की मौत हो गई है और 10 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

## सोनभद्र में बारिश से नाले में बहे छह लोग

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में शुक्रवार की शाम अचानक भारी बारिश और ओलावृष्टि के बाद पहाड़ी इलाके में स्थित एक नाले में छह लोग बह गये। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उनमें से पांच लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह ने बताया कि थाना रामपुर बरकोनिया के तहत स्थित गड़वान गांव में बैतरा नाला के पास जंगल में शुक्रवार को छह लोग लकड़ी बीनने के लिए गये थे।

## 'टिप टिप बरसा पानी' पर फिर थिरकीं रवीना



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन नॉर्वेजियन डांस ग्रुप क्विक स्टाइल के साथ अपने आइकोनिक नंबर टिप टिप बरसा पानी'पर डांस करती नजर आईं। क्विक स्टाइल ने इंस्टाग्राम पर रवीना के साथ डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया। ग्रुप सॉन्ग की धुन पर थिरकना शुरू करता है, जबकि एक्ट्रेस बाद में उन्हें ज्वाइन करती है। क्विक स्टाइल ने पोस्ट को कैप्शन दिया: जब आप ओरिजनल के साथ डांस करते हैं, तो यह सबसे अलग होता है। ट्रैक 1994 की फिल्म मोहरा का है, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन ने अभिनय किया था। इसे उदित नारायण और अलका याग्निक ने गाया था।

# पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति बहुत नाजुक : जयशंकर

## भारत और चीन के सैनिकों की तैनाती से हालात काफी खतरनाक : विदेश मंत्री

**चीनियों को स्पष्ट किया है कि हमें शांति भंग की स्थिति अस्वीकार्य**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है और कुछ इलाकों में भारत एवं चीन, दोनों देशों के सैनिकों की तैनाती के चलते सैन्य आकलन के अनुसार हालात काफी खतरनाक है।

हालांकि विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में पर्याप्त प्रगति हुई है। जयशंकर ने यह भी कहा कि वह और चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग यी सितंबर 2020 में इसको लेकर एक सैद्धांतिक सहमति पर पहुंचे थे कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए तथा जिस पर बात पर सहमति बनी थी उसे अब चीन को पूरा करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक न्यूज चैनल के एक संवाद सत्र में यह स्पष्ट किया कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

**तीन साल से आमने-सामने**

भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर लगभग तीन साल से आमने सामने हैं। हालांकि दोनों देशों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई अन्य क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जयशंकर ने कहा कि मैं कहूंगा, यह चीन के साथ हमारे संबंधों में एक बहुत चुनौतीपूर्ण और असामान्य चरण है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि 1988 से लेकर, जब राजीव गांधी वहां गए थे, 2020 तक, समझ यह थी कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी। विदेश मंत्री ने सीमा पर बड़ी संख्या में सैन्य बलों को नहीं लाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों का भी उल्लेख किया और कहा कि विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए बहुत विशिष्ट तरीके की समझ और प्रोटोकॉल भी बनाए गए थे।जयशंकर ने कहा कि चीन ने 2020 में समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणाम गलवान घाटी और अन्य इलाकों में देखने को मिले।



उन्होंने कहा कि हमने अपने सैनिकों को तैनात किया है, हम अपनी जमीन पर डटे हैं और मेरे विचार से स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और वहां सैन्य आकलन के लिहाज से वास्तव में वह (हालात) काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जब कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की बात आती है तो हमने काफी प्रगति हासिल की है। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लेकर हम चर्चा कर रहे हैं। यह एक श्रमसाध्य काम है और हम वह करेंगे। जयशंकर ने कहा कि हमने चीनियों को यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें शांति भंग की स्थिति अस्वीकार्य है। आप समझौतों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं और फिर आप चाहें कि बाकी रिश्ते ऐसे बने रहें जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यह नहीं चलेगा।

## मैत्री पाइपलाइन का मोदी व हसीना ने किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को संयुक्त रूप से भारत-बंगलादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपी) का उद्घाटन किया। नेपाल के बाद यह भारत और उसके किसी पड़ोसियों के बीच दूसरी सीमा-पार ऊर्जा पाइपलाइन है। दोनों देश के प्रधानमंत्री उद्घाटन समारोह में डिजिटल-कांफ्रेंसिग माध्यम से जुड़े थे। मोदी ने इस परियोजना का निरंतर मार्गदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री हसीना को धन्यवाद दिया और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए उनके साथ काम करना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। इस पाइपलाइन के निर्माण की आधारशिला दोनों प्रधानमंत्रियों ने सितंबर 2018 में रखी थी। भारत असम की नुमालीगढ़ रिफाइनरी से 2015 से बंगलादेश को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति कर रहा है।

# श्रीअन्न की पैदावार बढ़ायें वैज्ञानिक

## खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है मोटा अनाज : प्रधानमंत्री

**मोदी ने मध्याह्न भोजन में भी श्री अन्न को शामिल करने का आह्वान किया,जिससे बच्चों को पर्याप्त पोषण मिले**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मोटा अनाज वैश्विक खाद्य सुरक्षा चुनौती के साथ-साथ खान-पान संबंधी आदतों से होने वाली बीमारियों से निपटने में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से देश की खाद्य टोकरी में इन पोषक अनाजों की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

मौजूदा समय में राष्ट्रीय खाद्य टोकरी में इन पोषक अनाजों की भागीदारी 5-6 फीसदी है। मोदी ने वैश्विक श्री अन्न सम्मेलन के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया। कई राज्यों ने अपने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में मोटा अनाज या श्री अन्न को शामिल किया है। उन्होंने अन्य राज्यों से भी ऐसा करने की सलाह दी। मोदी ने मध्याह्न भोजन में भी श्री अन्न को शामिल करने का आह्वान किया, जिससे बच्चों को पर्याप्त पोषण मिले। मोदी ने कहा कि भारत श्री अन्न को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि मोटा अनाज प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में और रसायनों एवं उर्वरकों का इस्तेमाल किए बिना आसानी से उगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी कृषि प्रणाली दुनिया के साथ साझा करना चाहता है और अन्य देशों के अनुभवों से सीखना भी चाहता है। उन्होंने खेतों से बाजारों और एक देश से दूसरे देश के बीच मोटे अनाज की स्थायी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के लिए मजबूती से पक्ष रखा। प्रधानमंत्री ने 2023 के अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और 75 रुपये का सिक्का जारी किया। हैदराबाद स्थित आईसीएआर-भारतीय मोटा अनाज अनुसंधान संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया।





दुनिया के समक्ष खाद्य सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के संबंध में मोदी ने कहा किदुनिया आज दो प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है। जहां एक तरफ एक वैश्विक दक्षिण है जो गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित है तो वहीं दूसरी तरफ वैश्विक उत्तर है जहां खान-पान से जुड़ी बीमारियां गंभीर समस्या बनती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ खाद्य सुरक्षा की चुनौती है तो वहीं दूसरी तरफ खानपान की आदत की समस्या है। दोनों समस्याओं में खेती में रसायन के ज्यादा उपयोग पर चिंता जताई गई है। श्री अन्न ऐसी सभी चुनौतियों के लिए समाधान प्रदान करता है। श्री अन्न आम तौर पर छोटे बीज वाली घासों को वर्गीकृत करने के लिए सामान्य शब्द है जिसे अक्सर पोषक अनाज कहा जाता है। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, ककून, चीना, सावा, कोडो व अन्य शामिल हैं। मोदी ने कार्यक्रम में मौजूदा विदेशी प्रतिनिधियों को भारत के मोटे अनाज से संबंधित पहलों के बारे में बताया।

मोदी ने कहा कि मोटे अनाज को कम पानी में उगाया जा सकता है और रसायन-रहित कृषि का बड़ा आधार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के मोटा अनाज मिशन से ढाई करोड़ लघु एवं सीमांत किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य टोकरी में आज मोटा अनाज की हिस्सेदारी केवल पांच-छह प्रतिशत है।

# एक अप्रैल से पहले नहीं शुरू करें शैक्षणिक सत्र

**सीबीएसइ ने स्कूलों से कहा कि इससे छात्रों में चिंता और थकान का खतरा उत्पन्न होता है**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों को शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से पहले शुरू करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा है कि इससे छात्रों में चिंता और थकान का खतरा उत्पन्न होता है।सीबीएसई की यह चेतावनी कई स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र शुरू करने के बाद आयी है, खासकर कक्षा 10 और 12 के लिए। सीबीएसई सचिव अनुराग त्रिपाठी ने एक आधिकारिक आदेश में कहा कि यह गौर किया गया है कि कुछ संबद्ध स्कूलों ने अपना शैक्षणिक सत्र वर्ष में कुछ जल्दी शुरू कर दिया है।

कम समय-सीमा में पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम को पूरा करने का प्रयास करने से छात्रों के लिए जोखिम उत्पन्न होता है, जो चिंता और थकान का सामना कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा कि शैक्षणिक सत्र को पहले से शुरू करने से छात्रों को पाठ्येतर गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, जैसे कि कौशल सीखना, नैतिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, कार्य शिक्षा और सामुदायिक सेवा। त्रिपाठी ने कहा कि ये सभी गतिविधियां शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण हैं। इसलिए बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों और संस्थानों के प्रमुखों को निर्दिष्ट समय से पहले शैक्षणिक सत्र शुरू करने से परहेज करने और एक अप्रैल से 31 मार्च तक शैक्षणिक सत्र का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। सीबीएसई वर्तमान में कक्षा 10 और 12 के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हुईं और परीक्षाएं कक्षा 10 के लिए 21 मार्च को और कक्षा 12 के लिए 5 अप्रैल को समाप्त होंगी।

# अडाणी मामले में जेपीसी की मांग पर समझौता नहीं : रमेश

**16 विपक्षी दलों के मांग करने से बौखला गयी है सरकार**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि संसद में गतिरोध को खत्म करने के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं है, क्योंकि अडाणी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की विपक्ष की मांग पर कोई समझौता नहीं हो सकता और राहुल गांधी के माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के 16 दलों के जेपीसी की मांग करने से बौखला गई है, इसलिए वह 3डी अभियान: डिस्टॉर्ट (विकृत करना), डिफेम (बदनाम करना) और डाइवर्ट (ध्यान भटकाना) में लगी है। रमेश ने आरोप लगाया कि विपक्ष की जेपीसी के गठन की मांग से ध्यान भटकाने के लिये भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है, जबकि राहुल गांधी ने कुछ ऐसा नहीं कहा है, जैसा कि सत्तापक्ष बता रहा है। उनके इस बयान से एक दिन पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार



को कहा था कि अगर विपक्ष वार्ता के लिए आगे आए, तो संसद में जारी मौजूदा गतिरोध को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा था कि अगर विपक्ष दो कदम आगे बढ़ाए तो सरकार उससे भी दो कदम आगे बढ़ेगी। यह पूछे जाने पर कि संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए कोई बीच का रास्ता निकल सकता है, तो कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मैं कोई बीच का रास्ता नहीं देखता, क्योंकि जेपीसी की हमारी मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता तथा (राहुल गांधी की) माफी का भी सवाल नहीं उठता। उन्होंने कहा कि जेपीसी से जुड़ी विपक्ष की वाजिब मांग से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा माफी की मांग कर रही है, लेकिन माफी किसलिए मांगें? उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है।

# इमरान के आवास में घुसी पुलिस

**▸▸ पीटीआई के एक दर्जन समर्थकों को किया गिरफ्तार**

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के इस्लामाबाद के लिए रवाना होने के बाद लाहौर स्थित उनके आवास में शनिवार को पंजाब पुलिस के 10 हजार से अधिक जवान घुसे और उनकी पार्टी पीटीआई के दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। इमरान अपने खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में अदालत के समक्ष पेश होने के लिए इस्लामाबाद रवाना हुए। पुलिसकर्मियों ने तोशखाना मामले में इमरान की गिरफ्तारी को रोकने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी प्रमुख के जमान पार्क आवास के प्रवेश द्वार पर लगे बैरिकेड्स और टेंट को उखाड़ फेंके और वहां डेरा डाले उनके सैकड़ों समर्थकों को खदेड़ा दिया।बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मियों ने पहले आवास में माजूद पीटीआई समर्थकों से



मुलाकात की जिसके परिणामस्वरूप हिंसा भड़क गई।पुलिसकर्मियों ने आवास के मुख्य फाटक और दिवारों को ध्वस्त करने के बाद आवास में तलाशी ली। जियो न्यूज के मुताबिक पुलिस ने दावा किया कि इस कार्रवाई के दौरान उसके जवानों पर आवास के अंदर से गोली चलाई गई। इमरान के तोशखाना मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद जाने के बाद पुलिस कार्रवाई में उनके 10 समर्थक घायल हुए । यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई के वरिष्ठ नेताओं शिरीन मजारी, फवाद चौधरी और शाहबाज गिल ने शनिवार को खान के आवास पर बड़ा अभियान चलाने और पुलिस द्वारा पीटीआई कार्यकताओं के खिलाफ क्रूर अत्याचार की निंदा की। जियो न्यूज से बात करते हुए गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने आरोप लगाया कि पुलिस पर आवास के अंदर से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि जमान पार्क स्थित अवास के अंदर मौजूद सभी आतंकवादियोंको पकड़ लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि घटना स्थल से विस्फोटक पदार्थ, पेट्रोल बम और बम बनाने की सामग्री बरामद की गई।

## अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में मुख्य आरोपी पुलकित आर्य सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए गए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र रावत ने बताया कि तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को अदालत में पेश किया गया और उनकी मौजूदगी में पुलिस की ओर से दाखिल आरोपपत्र पर बहस हुई। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों पर अदालत में भारतीय दंड विधान की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य छुपाना) व अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप तय किए गए।उन्होंने बताया कि इसके अलावा, आर्य के खिलाफ 354ए (छेड़खानी और शील भंग) का आरोप यथावत रखा गया। अदालत न्यायालय ने भास्कर व गुप्ता पर दर्ज इस धारा को हटा दिया। मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 मार्च तय की गयी है।

# भाबीजी घर पर हैं ने लाखों दर्शकों का दिल जीता

## कामेडी शो के आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे, मनाया जश्न

**नयी दिल्ली।** एंडटीवी के कल्ट-कॉमेडी शो भाबीजी घर पर हैं के लिये यह दोगुने जश्न का अवसर है। इस शो ने 8 बेमिसाल साल और 2000 एपिसोड्स का उल्लेखनीय सफर पूरा किया है और यह हास्य एवं आनंद का एक अद्भुत सफर रहा है। यह कल्ट-कॉमेडी शो अपने मजेदार किरदारों एवं कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और ये दो उपलब्धियां इस शो की बेइंतहां लोकप्रियता को साबित करती हैं। शो की कामयाबी पर एडिट।। प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ह्यह्ययह हम सभी के लिये एक गौरवान्वित करने वाला पल है, क्योंकि हमने आठ सफल वर्षों को पूरा करने और 2000 से ज्यादा एपिसोड्स प्रसारित करने की उपलब्धि हासिल की है। यह सफर बेहद संतोषजनक और आनंददायक रहा है। इस शो ने लाखों दर्शकों का दिल जीता है और टेलीविजन पर एक कल्ट-कॉमेडी शो का दर्जा हासिल किया है। यूं तो अपने बेमिसाल कॉमेडी कंटेंट के जरिये सभी की जिंदगी में मुस्कुराहट और आनंद भरने वाले शो के लिये, हर दिन एक सेलीब्रेशन है। आसिफ शेख ऊर्फ विभूति नारायण मिश्रा ने कहा कि 2000 एपिसोड्स और आठ लंबे सालों का सफर हम सभी के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। ढेर सारी सीखों, हास्य एवं आनंद से भरपूर इस अद्भुत सफर को देखकर हमें बेहद खुशी एवं गर्व हो रहा है। मुझे खुशी है कि मैं इस अद्भुत टीम का हिस्सा हूं और मैं प्रोड्यूसर्स एवं



चैनल का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस शो में काम करने और विभूति नारायण मिश्रा के रूप में दर्शकों का मनोरंजन करने का यह अवसर दिया। इन आठ सालों में मैंने जो भी मजेदार किरदार निभाये हैं, उन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया और ये किरदार उनके साथ जुड़ाव बनाने में कामयाब रहे। मेरा हर किरदार बेमिसाल रहा है और ये सभी दर्शकों के पसंदीदा किरदार रहे हैं। ढेर सारे अलग-अलग किरदारों को निभाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे यह बहुत बड़ी उपलब्धि की तरह लगते हैं। हमने बहुत काम किया है और आगे ढेरों काम करने हैं। रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ मनमोहन तिवारी ने कहा, 2000 एपिसोड्स और आठ सालों का लंबा सफर पूरा करने पर टीम के सभी सदस्यों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनायें। मनमोहन तिवारी का किरदार निभाते हुये मुझे काफी मजा आया और मुझे खुशी है कि मुझे स्क्रीन पर देखकर दर्शकों को भी उतना ही आनंद मिला।अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, मुझे लोगों को हंसाना अच्छा लगता है और शो से मुझे अपने इस काम को बखूबी करने में मदद मिलती है। मेरे लिये यह तिगुने जश्न का मौका है।



स्पीड न्यूज

## जर्जर बिजली पोल को हटाकर नया पोल लगाया जाए : त्रिशानु

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य त्रिशानु राय ने शनिवार को बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर नगर परिषद चाईबासा कार्यालय के बगल में नेवेटिया बाड़ी गल्ली में बिजली विभाग के दो अत्यंत जर्जर पोल को हटाकर नए पोल अधिष्ठापित किए जाने की मांग की है। पत्र में त्रिशानु राय ने कहा कि नेवेटिया बाड़ी गल्ली में हमेशा स्थानीय लोगों का आना-जाना रहता है। जिससे हमेशा कोई अप्रिय घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। त्रिशानु राय ने कहा कि यथाशीघ्र ऐतिहातन उल्लेखित दोनों जर्जर विद्युत पोलों को हटाकर नया पोल अधिष्ठापित किया जाए।

## कुआं में मिला किशोर का शव

**मसलिया।** थाना क्षेत्र के नवासार गांव में सिंचाई कूप में गिरकर एक बालक की मौत हो जाने की सूचना है। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे की है। नवासार गांव के समीर मरांडी उम्र करीब 13 वर्ष शुक्रवार सुबह ट्यूशन पढ़ कर लौटने के बाद अपने दोस्त के साथ घर से करीब आधा किलोमीटर दूर पक्षी मारने के लिए गया था। वहाँ पर सिंचाई कूप के ऊपर चढ़ कर पक्षी मार रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से कुएं में गिर गया। कुएं में पानी भी नही था। साथ मे गए दोस्तो ने परिजनों को सूचना दिया। परिजनों ने घटना स्थल में जाकर बच्चे को कुँवा से उठाकर सरमुंडी ले गया। बच्चों के हाथ के साथ साथ कई जगह चोट लग था। बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने दुमका रेफर कर दिया। दुमका में इलाज के दौरान शनिवार अहले सुबह करीब तीन बजे मौत हो जाने की सूचना है। मृतक समीर मरांडी के पिता होपना मरांडी का निधन चार माह पूर्व हो गया है। वर्तमान में मा सोलोकि मुर्मू, दो भाई एवं एक बहन है।

## संस्था ने किया सूखा राशन वितरण

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के जारा टीकर गांव सहित अन्य गांवों में आज शनिवार को सिनी संस्था की ओर से सूखा राशन का वितरण किया गया। जिसमें चना बदाम दलिया घी सहित अन्य सामग्री शामिल है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सिनी संस्था के कर्मी चैतन्य चंद ने बताया कि कोविड-प्रति रोधक समुदाय परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में चिन्हित किया गया गर्भवती माता धात्री माता एवं कुपोषित बच्चे बच्चियां को सुखा राशन वितरण किया गया।

## एसकेएमयू का बीएड का परीक्षाफल हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के बीएड का परीक्षाफल शनिवार को जारी हुई। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-23 के बीएड सेमेस्टर-2 के परीक्षा 2022 का परीक्षाफल घोषित हुआ। सभी छात्र-छात्राएं शत-प्रतिशत सफल हुए।

## लैंपस घाटाले में एक गिरफ्तार, गया जेल

**मसलिया।** टोंगरा थाना पुलिस ने बृन्दावनी के लेम्प्स प्रबंधक वकील हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर भेज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह करवाई किसान संघ के लिखित आवेदन के आधार पर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बृन्दावनी लैम्प्स प्रबंधक वकील हेम्ब्रम पर किसान संघ के निताई गोराएँ, ननिगोपाल गोराएँ, सुनील साह, महादेव गोराई, दीपक साह,अशोक गोराई, सचिदानंद गोराई, उत्तम कुमार मंडल आदि ने वर्ष 2021-2022 में कुल 22 सौ कुंटल धान लैम्प्स प्रबंधक को दिया था।

## मसानजोर डैम के समीप दो टेलर एवं एक ट्रक की टक्कर

**मसानजोर।** थाना क्षेत्र के दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के मसानजोड़ महामाया होटल के पास दो टेलर एवं एक ट्रक का आमने सामने भयंकर टक्कर हो गया है। जानकारी के अनुसार दो टेलर सिउड़ी की ओर जा रहा था और एक ट्रक दुमका की ओर जा रही थी।

# पत्नी ने सेना के जवान पति की 70 हजार रुपया सुपारी देकर करायी हत्या, भाई-बहन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने पत्नी ने अपनी भाई को 70 हजार रुपया सुपारी देकर पति की हत्या कराए जाने का मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या में शामिल भाई-बहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त जानकारी पश्चिमी सिंहभूम जिला का एसपी आशुतोष शेखर ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। एसपी ने बताया कि 4 मई 2022 को तांतनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटा कोईला के जंगल पहाड़ी के तलहटी में एक अज्ञात पुरुष का शव सड़ी-गली अवस्था लाश पुलिस ने बरामद किया था। बाद में इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध (तांतनगर ओ0पी0 ) मझारी थाना कांड सं0 28/22 4 मई 22 धारा 302/201/ 34 भादवि दर्ज किया गया था। इसके आलोक में चाईबासा मुफ्फसिल थाना में 26 जून 2022 को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सकोसाई के रहने वाले मनमसीह गुडिया के द्वारा उनके भाई जसपीयर गुड़िया का अपहरण कर हत्या करने के आरोप में उसकी पत्नी शुरू सामड उर्फ प्रीति सामड, साला मनीष सामड एवं किशोर सामड एवं अन्य अज्ञात आपराधकर्मियों के विरुद्ध मुफ्फसिल थाना स० 98/22 दि० 26/06/22 धारा-363/34 भा0द0वि0 दर्ज कराया गया था। उक्त दोनों कांडो की पुलिस ने गम्भीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में एसआईटी के सदस्यों द्वारा उक्त दोनों कांडों में वैज्ञानिक साक्ष्यों का सकलन करते हुए तकनीकि कोषांग की सहायता से हत्या के मामले का उद्धभेदन किया गया। कांड उद्धभेदन के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आयी कि मृतक जसपीयर गुड़िया भारतीय सेना का जवान था। वह अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी शुरू सामड उर्फ प्रीति सामड के साथ मारपीट करता था। जिसके कारण शुरू सामड उर्फ प्रीति सामड अपने छोटे भाई किशोर सामड मोरा सिंकू नामक अपराधी को 70000/- ( सत्तर हजार रूपया देकर योजनाबद्ध तरीके से दिन 30 अप्रैल 2022 की रात्रि में जसपीयर गुडिया को सकोसाई स्थित उसके घर में नशे का पाउडर देकर बेहोश कर दिया था। बाद में लोहे का सम्बल से छाती एवं सर में मारकर हत्या कर दिये। उसके उपरांत जसपीयर गुड़िया के शव को चार पाहिया गाड़ी के डिक्की में डालकर मितिलादेर स्थित अपने घर ले गया। गाड़ी को तिरपाल से ढक दिया। उसके बाद दिन में किशोर सामड एवं मोरा सिकू मिलकर मोटरसाईकिल से धुम-घूम कर जगह की तलाश किये तथा दि० 2 मई 2022 की रात्रि को मृतक जसपीयर गुड़िया के शव को तांतनगर ओपी स्थित छोटा कोईला के जंगल में ले जाकर पहचान छिपाने की नीयत से पेट्रोल डालकर जला दिया। नोरा सिकु वर्तमान में कुमारडुंगी थाना कांड स० 16/21 दि0 24/06/21 धारा 392 भा0द0वि० में मंडल कारा चाईबासा में संसीमित है। ये पूर्व में भी कुमारडुंगी थाना कांड सं0 06/15 दि० 22/01/15 धारा 302 भा0द0वि0 में जेल जा चुका है।जब कि इस हत्या में शामिल पत्नी शुरू सामड उर्फ प्रीति सामड,भाई किशोर सामड़ और हत्या में इस्तेमाल किए गए हरा रंग का फोर्ड फिगो कार और दो मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने शनिवार को दोनों भाई बहन को जेल भेज दिया। एसआईटी टीम में चाईबासा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो,पुनि खुर्शीद आलम, पुअनि राहुल कुमार राम, पुअनि पवन चंद्र पाठक शामिल थे।

## एसकेएमयू के सोशल साइंस कोर्स वर्क उत्साह व उमंग से हुई समापन

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में छह माह से चल रहे सोशल साइंस के पीएचडी कोर्स वर्क शनिवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह उत्साह व उमंग के साथ प्रतिकुलपति प्रो डॉ बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में विश्वविद्यालय मुख्यालय दिग्घी के एडमिन ब्लॉक-2 में हुई। इस अवसर पर प्रतिकुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण है। जहां ऐसा कोर्स वर्क प्रथम बार तरीके से पीएचडी कोर्स वर्क कॉर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार शर्मा के अगुवाई में चलाया गया। जो सफल और सार्थक हुआ। उन्होंने कहा कि शोध विधि को ध्यान में रखते हुए काम करने की शोधार्थियों को जरूरत है।


# अफीम की खेती करने वाले चार गिरफ्तार, अफीम बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** चाईबासा के जेटेया थाना क्षेत्र में कुछ लोग अफीम की खेती कर रहे थे। सूचना के बाद पुलिस ने दबिश देकर चार लोगों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 17 मार्च को पुलिस अधीक्षक चाईबासा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जेटेया थाना अन्तर्गत कोटगढ़ से दुधविला जाने वाली पक्की सड़क में पुल के आधा किमी नदी किनारे पोरता की खेती की गयी है और पोस्ता के पौधे में फल आ गया है जिसमें चिरा लगाकर अफीम निकाला जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जेटेया थाना को छापामारी करने हेतु निर्देशित किया गया। निदेर्शानुसार जेटेया थाना प्रभारी द्वारा छापामारी हेतु दण्डाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी नोवामुण्डी सुनील चन्द्रा की प्रतिनियुक्ति कराकर उक्त स्थान पर छापामारी की गयी तो पाया गया कि करीब 35 डिसमिल खेत में पोस्ता की खेती की गयी है। जिसमें चीरा लगाकर अफीम निकाला जा रहा है। छापामारी के क्रम में अफीम लगे खेत से पकड़ाये चारों व्यक्ति के पास से करीब 02 किलो 300 ग्राम गिला अफीम को बरामद कर जप्त किया गया और विधिवत पकड़ाये व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं उनके निशानदेही पर उनके घर में रखे करीब 750 ग्राम अफीम को बरामद कर जप्त किया गया है। खेत में लगे अफीम के फसल को विनष्ट किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कांड में मोरा कांडुलना, उम्र करीब 45 वर्ष, थाना मुरहु, जिला खूँटी, श्याम सुंदर चातोम्बा उम्र करीब 57 वर्ष, थाना जेटेया. जिला चाईबासा, नारायण चातोम्बा, उम्र करीब 26 वर्ष, थाना जेटेया, जिला चाईबासा, मुकुन तिरिया, उम्र करीब 20 वर्ष, थाना जेटेया, जिला चाईबासा को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में सुनील चन्द्रा, अंचलाधिकारी नोवामुण्डी, बिपिन चन्द्र महतो, थाना प्रभारी जेटेया थाना, हवलदार बलदेव सिंह मुण्डा, हवलदार दीपक भगत, हवलदार बंधन उरांव, दीकु सोरेन, सुखलाल सोरेन, मझिया हेम्ब्रम, हीपाल सुण्डी, जेटेया थाना शामिल थे

## भागवत कथा के समापन पर कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता



कलश यात्रा में शामिल कन्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के पोखरिया गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को हवन पूणार्हुति एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व कथाव्यास पंडित बाबा राजहंस जी महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन है। भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष का स्वास्थ्य खराब, सांसद प्रतिनिधि ने जाना हालचाल

**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और लातेहार जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलने पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष सुनील सिंह और दीपक तिवारी के साथ शनिवार को छिपादोहर पंचायत के जुरुहार ग्राम स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर उनके कुशल क्षेम की जानकारी ली। इस मौके पर रामधनी सिंह की पुत्रवधु और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता कुमारी भी मौजूद थी। जहां सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने उनका हालचाल जानकर उचित इलाज कराने की बात कही और दूरभाष पर चिकित्सकों से परामर्श भी लिया। कन्हाई प्रसाद ने बताया कि बीते दो दिनों पहले इन्हें हार्ट अटैक आया था। फिलहाल उनकी सेहत ठीक है। बताया कि सांसद महोदय को इस सम्बन्ध में दूरभाष पर जानकारी दी गई है। जल्द ही इन्हें इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले जाया जाएगा।

## एसकेएमयु प्रशासन ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर



बैठक करते प्रतिकुलपति व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन की दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक कुलपति कांफ्रेंस हॉल आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने दीक्षांत समारोह के अवसर पर निकलने वाले एकेडिमिक प्रोसेशन पर चर्चा किया। जिसमे अकादमिक कौंसिल, सीनेट, डीन, प्रतिकुलपति, कुलपति, मुख्य अतिथि और राज्यपाल सह कुलाधिपति शामिल होंगे। उनके क्रम की जानकारी दी। दीक्षांत समारोह में मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रों से कहा गया है कि वे अपना निर्धारित वस्त्र समय से तैयार करवा ले। दीक्षांत समारोह में सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं 22 मार्च को कन्वेंशन सेंटर बुलाया गया है। जहां उन्हें अंग वस्त्र, परिचय पत्र, सीट का क्रम आदि दिया जायेगा। कन्वेंशन सेंटर में छात्र-छात्राओं के आभिवाकों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बैठक में प्रतिकुलपति समितियों के संयोजकों को निर्देश दिया कि वे अपनी अपनी कमेटी की बैठक कर प्रगति रिपोर्ट रविवार को होने वाली बैठक में देने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न समितियों के संयोजकों ने अपने-अपने समिति के रिपोर्ट को प्रस्तुत किया।

### नाबार्ड डीडीएम ने महिलाओं से की अपील, एफपीओ से जुड़कर बने आत्मनिर्भर

# महिला हिंसा और शोषण के खिलाफ मुखर होकर करें विरोध : लक्ष्मी हासदा

### टोकलो में महिला हिंसा के विरूद्ध जागरूकता रैली सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





कार्यशाला में उपस्थित नाबार्ड के डीडीएम साकेत कुमार, जिप सदस्य लक्ष्मी हासदा व अन्य व जागरूकता रैली में शामिल महिलाएं

**चक्रधरपुर।** प्रदान संस्था के सहयोग से टोकलो में महिला हिंसा के विरूद्ध जागरूकता रैली सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। सामुदायिक भवन टोकलो में आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हासदा व राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड) के जिला विकास प्रबंधक(डीडीएम) साकेत कुमार उपस्थित रहे। डीडीएम साकेत कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं पुरूषों से कम नहीं है। व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इसके लिए नाबार्ड और प्रदान संस्था आपको अवसर और सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन (एफपीओ) से जुड़ने की अपील की। कहा कि एफपीओ महिलाओं समेत किसानों को संगठित और सशक्त बनाना रहा है। जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हासदा ने महिला हिंसा और शोषण के खिलाफ मुखर होने की अपील की। कहा कि घरेलू हिंसा और शोषण बर्दास्त नहीं करे, बल्कि शुरूआत में ही उसका पूरजोर तरीके से विरोध करें। उन्होंने हिंसा के खिलाफ संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने को कहा। इससे पूर्व टोकलो मध्य विद्यालय के समीप से जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें जिप सदस्य लक्ष्मी हासदा समेत सैकड़ों महिलाओं ने महिला अधिकारों के प्रति नारेबाजी की। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं भी शामिल हुई। मौके पर एफपीओ से जुड़ने वाली महिलाओं के बीच अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रदान संस्था के टीम कार्डिनेटर शिशिर साहू, मनीष कुमार, कार्तिक चंद्र साहू, थिरती दास, मोहम्मद शहाबुद्दीन, आरती बोदरा, नागी खलखो के अलावा नारी शक्ति महिला महासंघ, नागरिक सहायता केंद्र, एलांग दोलांग एफपीओ लिमिटेड के सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर में

## हाइकोर्ट के जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव ने किया व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण



अधिवक्ता संघ कार्यालय में अधिवक्ताओं को संबोधित करते जस्टिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हाई कोर्ट के जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव शनिवार को व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण करने पहुंचे। जस्टिस श्रीवास्तव ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार के कार्यालय कक्ष में न्यायाधीश के कार्यो का निरीक्षण किया। न्यायाधीशों के न्यायालय के न्यायिक कार्यो से संबंधित फाईलें खंगाला। उन्होंने पेंडिंग केस को जल्द से जल्द निष्पादन करने और सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने को लेकर जोर दिया। इसके बाद जस्टिस श्रीवास्तव ने डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी अंबर लकड़ा, समाज कल्याण विभाग समेत विभिन्न अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर मोटर मुआवजा अधिनियम के तहत लाभुकों को मिलने वाली मुआवजा राशि, केंद्रीय कारा में सजाफ्ता कैदी के परिजनों को मिलने वाली सरकार से सहायता राशि आदि का लाभुकों को राशि का चेक प्रदान किया। इसके बाद पूर्व के अपने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यकाल वर्ष 2010 के समय 5 जून को विश्व प्रर्यावरण दिवस पर लगाए गए औषधीय पौधे में पानी डाल सिंचा। उसके बाद न्यायालय परिसर के बगीचा में शिवलंगी के पौधरोपण किया। इसके बाद न्यायालय परिसर का निरीक्षण करते हुए अधिवक्ताओं के बैठने के शेड का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिवक्ता संघ कार्यालय पहुंचे। जहां संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव राकेश कुमार, उपाध्यक्ष कमल किशोर झा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जस्टिस श्रीवास्तव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व में दुमका में बीताए गए कार्यकाल को याद करते हुए अधिवक्ताओं के कार्यो को सराहते हुए न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ताओं के भूमिका महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अधिवक्ताओं से न्यायिक कार्यो में सहयोग का अपील करते हुए उनके कर्त्तव्यों एवं दायित्वों को याद दिलाया। जस्टिस श्रीवास्तव से अधिवक्ता संघ को संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कोर्ट रजिस्टार सह जेएम वन विजय कुमार यादव समेत अन्य न्यायाधीश और न्यायालयकर्मी मौजूद थे। शादी के 30 साल बाद आपसी मतभेद के कारण डेढ साल से अलग रह रहे दंपत्ति को मध्यस्थता के माध्यम से पुनः मिलवाया गया। दंपत्ति ने जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के समक्ष एक दूसरे को माला पहनाया। जस्टिस श्रीवास्तव ने दंपत्ति को शुभकामना देकर विदा किया। इस अवसर पर जस्टिस श्रीवास्तव ने कहा कि धरती पर सभी अकेले आते है और अकेले जाते है। लेकिन धरती पर जब तक है। एक दूसरे से प्रेम एवं सहयोग से रहे। आपसी प्रेम-व्यवहार और विश्वास ही रिश्ते को मजबूती प्रदान करती है। गौरतलब है कि दुमका की नीतू देवी एवं देवघर जिला के हीरालाल गोस्वामी की 30 साल पहले शादी हुई थी।

## द्वितीय राजकीय पुस्तकालय साहित्य उत्सव का उद्घाटन



द्वीप प्रज्जवलित कर साहित्य महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कन्वेंशन सेंटर, दुमका में द्वितीय राजकीय पुस्तकालय साहित्य उत्सव का उद्घाटन शनिवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्जवलन डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी अंबर लकड़ा समेत अन्य अतिथियों ने कर दो दिवसीय साहित्य महोत्सव की शुरूआत की। प्रथम साहित्य महोत्सव पर आधारित स्मारिका का अथितियों द्वारा बिमोचन किया गया। इस अवसर प मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश डीसी एवं विधायक बसंत सोरेन का संदेश डीडीसी ने पढ़ा। कार्यक्रम का उद्घाटन के बाद प्रथम सत्र में 'लिखने की प्रेरणा' विषय पर परिचर्चा हुई। सत्र का संचालन फाउंडिंग मदर्स ऑफ द इंडियन रिपब्लिक के लेखक अच्युत चेतन ने किया। उन्होंने दुमका का इतिहास बताया। सीगल बुक्स प्रकाशन के प्रकाशक नवीन किशोर ने कहा कि मेरी दिक्कत यह है कि मैं जीवन में सब कुछ करना चाहता हूं। मेरी शुरूआत एक मंच पर थिएटर लाइटिंग डिजाइनर के रूप में हुई थी। नवीन किशोर ने 1982 में नाटक, फिल्म, कला और संस्कृति अध्ययन से संबंधित पुस्तक मुद्रण के उद्देश्य से सीगल बुक्स की स्थापना की। आज यहां कविता और कथाओं सहित साहित्य के ख्यातिप्राप्त लेखकों के पुस्तक प्रकाशित होते हैं। पॉल सेलन, इंगबोर्ग बैचमैन, जीन-पॉल सार्त्र, थॉमस बर्नहार्ड, इमरे कर्टेज, यवेस बोनेफॉय, मो यान, महाश्वेता देवी समेत साहित्य क्षेत्र के कई दिग्गजों की पुस्तकें इनके प्रकाशन में मिल जाएंगी। रवि सिंह नई दिल्ली स्थित एक स्वतंत्र प्रकाशन कंपनी स्पीकिंग टाइगर के प्रकाशक और सह-संस्थापक हैं। इससे पहले, वह पेंगुइन बुक्स इंडिया के प्रकाशक और प्रधान संपादक, एलेफ बुक कंपनी के सह-प्रकाशक और दिल्ली डायरी पत्रिका के संपादक थे। डॉ. जोसेप बारा ने दस्तावेजों के आधार पर आदिवासी इतिहास को बताने का प्रयास बताया। डॉ. जोसेफ बारा, भारतीय दलित अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली के एक संकाय हैं। फुलब्राइट-नेहरू शैक्षणिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता फेलो थे और अनुसूचित जनजातियों पर भारत की उच्च स्तरीय समिति (2013-14) के प्रधानमंत्री के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। गीतांजलि श्री ने कहा कि लेखन एक तलाश है जो हम पन्नों के जरिए उतारते हैं। गीतांजलि श्री द्वारा लिखी उपन्यास 'रेत समाधि' प्रतिष्ठित 2022 अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित होने वाला पहला हिंदी उपन्यास है। रजा काजमी एक संरक्षणवादी, लेखक, शोधकर्ता और वन्यजीव इतिहासकार हैं। मिहर वत्स समीक्षकों द्वारा प्रशंसित यात्रा संस्मरण टेल्स ऑफ हजारीबाग के लेखक हैं। मनोरंजन व्यापारी एक बांग्ला लेखक, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ है। वह 2021 पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव में बालागढ़ (विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र) से विधायक के रूप में चुने गए थे। हाल ही में 2022 शक्ति भट्ट पुस्तक पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। चुंडा सोरेन सिपाही ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। सांस्कृतिक के इर्द-गिर्द ही साहित्यकार लिखा करते हैं। साहित्यकार हमेशा सामाज को कुछ न कुछ देते हैं। उन्होंने गीता का श्लोक कोट करते हुए कहा कि इस धरती में पाप का भार ज्यादा हो जाते हैं तो मानव का रूप धारण करते हैं। लेखक उस भाव पर आधारित जो प्रभावित होता तो उस पर रचना करते हैं।